CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : $31^0$ C
न्यूनतम : $21^0$ C

मुरादाबाद, बुधवार 13 मई 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 267 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2083 | 25 जिलकदा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



केंद्र राजस्व की भरपाई कर दे, तो उमर सरकार शराब पर प्रतिबंध लगा सकती है: फारूक पेज 2



अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना खेल टाइम्स



2027 में योगी को हराने का सपना देखना छोड़ दे विपक्ष सम्पादकीय



ईरान की 14-सूत्रीय योजना का कोई विकल्प नहीं : गालिबफ पेज 12

# ऑपरेशन सिंदूर में चीन-पाकिस्तान गठजोड़ का पर्दाफाश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को मिले चीन के समर्थन पर एक बड़ी जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने साफ कर दिया है कि हाल ही में आई वे सभी रिपोर्ट बिल्कुल सही हैं, जिनमें ऑपरेशन सिंदूर के समय चीन द्वारा पाकिस्तान की मदद करने का दावा किया गया था।

भारत सरकार को यह बात पहले से ही पता थी और नई रिपोर्ट सिर्फ उस पुरानी जानकारी को सच साबित करती है। हाल ही में चीन के सरकारी मीडिया ने खुद इस बात को कबूल किया है कि मई 2025 में हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बीजिंग ने पाकिस्तान को तकनीकी मदद दी थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को इस मामले पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुलकर बात की। उन्होंने स्पष्ट किया कि चीन की मदद वाली रिपोर्ट सिर्फ उसी बात को सच साबित करती है, जो बात भारत को पहले से ही बहुत अच्छी तरह से पता थी। भारत का ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई एक बेहद सटीक और सधी हुई कार्रवाई थी। इसका एकमात्र मकसद पाकिस्तान की जमीन पर चल रहे आतंकवाद के ढांचे को पूरी तरह से नष्ट करना था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने चीन का बिना नाम लिए उस पर सीधा और करारा प्रहार किया है। रणधीर जायसवाल ने सख्त लहजे में कहा कि जो देश खुद को बहुत जिम्मेदार मानते हैं, उन्हें अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।



- विदेश मंत्रालय ने कहा हमारी जानकारी सच साबित हुई
- चीन के सरकारी मीडिया का दिया हवाला

## ईरानी सैन्य विमानों को अनुमति मामले पर पाकिस्तान का यूटर्न

- पहले खुद माना ईरानी विमान उसके एयरबेस में मौजूद, अब किया इन्कार, अमेरिका ने उठाए सवाल

**इस्लामाबाद।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच पाकिस्तान ने एक अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया है। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि पाकिस्तान ने अपने एयरबेस पर ईरानी सैन्य विमानों को खड़ा होने की अनुमति दी थी, ताकि उन्हें संभावित अमेरिकी हवाई हमलों से बचाया जा सके।

पाकिस्तान ने इस खबर को भ्रामक और सनसनीखेज करार दिया है। इससे पहले पाकिस्तान ने आधिकारिक तौर पर यह बात स्वीकार की थी। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि पाकिस्तान में मौजूद ईरानी विमान किसी सैन्य रणनीति या सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा नहीं थे। ये विमान उस समय आए थे जब अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष विराम लागू हुआ था और शुरुआती शांति वार्ता चल रही थी। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय (एमओएफए) ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि पाकिस्तान में मौजूद ईरानी विमान युद्ध या किसी सैन्य कार्रवाई से जुड़े नहीं हैं। मंत्रालय ने दावा किया कि ये विमान युद्धविराम के दौरान आए थे।

# नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द

## 22 लाख छात्र फिर से देंगे परीक्षा, राजस्थान से हुआ पेपर लीक का खुलासा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- तीन मई को हुई थी नीट यूजी परीक्षा, मामले की जांच अब सीबीआई करेगी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने नीट यूजी 2026 की परीक्षा रद्द कर दी है। सरकार ने कहा है कि परीक्षा की नई तारीखें जल्द ही घोषित की जाएंगी। नीट परीक्षा आयोजित कराने वाली एजेंसी एनटीए ने एक बयान जारी कर बताया कि केंद्र सरकार की मंजूरी मिलने के बाद नीट यूजी 2026 परीक्षा को रद्द करने का फैसला किया गया है।

यह परीक्षा 3 मई को आयोजित हुई थी। हालांकि पेपर लीक की आशंका के चलते यह सवालों के घेरे में आ गई थी। एनटीए ने कहा है कि जल्द ही परीक्षा की नई तारीखों का ऐलान कर दिया जाएगा। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने बताया कि उन्हें जांच एजेंसियों से जो इनपुट मिले, उनके आधार पर पता चला कि मौजूदा परीक्षा प्रक्रिया को जारी नहीं रखा जा सकता। परीक्षा की नई तारीखें, एडमिट कार्ड का शेड्यूल आदि जल्द ही एजेंसी के आधिकारिक चैनलों के माध्यम से बता दिया जाएगा। एनटीए ने बताया कि सरकार ने अब इस संभावित पेपर लीक की जांच सीबीआई द्वारा की जाएगी। 3 मई को आयोजित नीट (यूजी) 2026 परीक्षा होने के बाद से ही पेपर लीक की आशंका गहराने लगी थी। राजस्थान में कई छात्रों के पास हाथ से लिखा हुआ एक कथित गेस पेपर मिला, जिसके सवाल वास्तविक परीक्षा के प्रश्नों से -शेष पृष्ठ दो पर



### छात्रों को फिर से पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं होगी

**नई दिल्ली।** नीट (यूजी) 2026 परीक्षा रद्द होने के बाद राहत की बात यह है कि दोबारा होने वाली परीक्षा के लिए छात्रों को फिर से पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं होगी। मई 2026 चक्र का पुराना डेटा और परीक्षा केंद्र ही मान्य रहेंगे। इसके साथ ही, छात्रों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। एनटीए ने यह भी घोषणा की है कि छात्रों द्वारा पहले जमा किया गया शुल्क वापस कर दिया जाएगा और नई परीक्षा का खर्च एजेंसी अपने आंतरिक संसाधनों से उठाएगी।

### नीट परीक्षा रद्द होने पर राहुल गांधी ने की केंद्र की आलोचना



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नीट (यूजी) 2026 परीक्षा रद्द किए जाने पर केंद्र सरकार की तीखी आलोचना की और कहा कि 22 लाख से अधिक छात्रों की मेहनत पर सरकार ने पानी फेर दिया है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि किसी पिता ने बच्चों की पढ़ाई के लिए कर्ज लिया, किसी मां ने गहने बेचे और लाखों छात्रों ने रात-रात भर जागकर तैयारी की, लेकिन बदले में उन्हें पेपर लीक, सरकारी लापरवाही और शिक्षा में संगठित भ्रष्टाचार मिला। यह सिर्फ नाकामी नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।


# हिमंता बिस्वा ने ली असम के मुख्यमंत्री पद की शपथ

## चार अन्य मंत्री भी मंत्रिमंडल में शामिल

- राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई

**गुवाहाटी।** भाजपा के नेता हिमंता बिस्वा सरमा को मंगलवार को असम के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई। उनके साथ चार अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली। इसके साथ ही श्री सरमा दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री बने। पार्टी ने विधानसभा चुनाव में 126 सीटों के साथ दो तिहाई से भी अधिक बहुमत हासिल किया है।

श्री सरमा को यहां राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने मंगलवार को पूर्वाह्न पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। उनके अलावा रामेश्वर तेली, अतुल बोरा, चरण बोरो और श्रीमती अजंता नियोग को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। अतुल बोरा भाजपा के सहयोगी दल असम गणपरिषद से तथा चरण बोरो बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट से हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा कई अन्य केन्द्रीय मंत्री, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन मौजूद थे। भाजपा और उसके गठबंधन के शासन वालों राज्यों के मुख्यमंत्री तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के विभिन्न दलों के नेता भी इस मौके पर मौजूद थे।गुवाहाटी के खानपारा स्थित वेटनरी ग्राउंड में विशाल जनसमूह भी शपथ ग्रहण समारोह का साक्षी बना।



### केरल के अगले मुख्यमंत्री को लेकर दिल्ली में गहन मंथन

**नई दिल्ली/तिरुवनंतपुरम।** केरल में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) की चुनावी जीत के बाद, राज्य के अगले मुख्यमंत्री के नाम को लेकर दिल्ली में सरगर्मियां तेज हो गई हैं और उम्मीद है कि कांग्रेस आलाकमान जल्द ही इस बारे में अंतिम निर्णय ले लेगा। पार्टी के भीतर गुटबाजी और लॉबिंग इस वक्त अपने चरम पर है। कांग्रेस के बड़े नेता इस कोशिश में जुटे हैं कि नेतृत्व को लेकर काफी दिनों से चली आ रही इस कशमकश को जल्द से जल्द खत्म किया जाए। सियासी हलचल के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एक विशेष जहाज से दिल्ली पहुंच रहे हैं और शाम को राहुल गांधी के साथ एक बेहद अहम मुलाकात होनी है।

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु में स्कूलों और धार्मिक स्थलों के करीब स्थित शराब की दुकानें होंगी बंद

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने जनहित को प्राथमिकता देते हुए राज्य में चल रही शराब की 717 खुदरा दुकानों को अगले दो सप्ताह के भीतर बंद करने का आदेश दिया है। ये सभी दुकानें धार्मिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों और बस स्टैंडों के 500 मीटर के दायरे में स्थित हैं। मुख्यमंत्री के इस फैसले की जानकारी सूचना और जनसंपर्क विभाग (डीआईपीआर), चेन्नई ने एक विज्ञप्ति जारी कर दी है।

### अन्नाद्रमुक के बागी विधायक करेंगे 'विजय' का समर्थन

**चेन्नई।** तमिलनाडु की सियासत में कभी बेहद ताकतवर पार्टी रही अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कझगम (अन्नाद्रमुक) मंगलवार को एक बार फिर 'संकट' में फंस गई जब पार्टी के बागी विधायकों ने यह ऐलान कर दिया कि वे बुधवार को मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ टीवीके सरकार के विश्वास प्रस्ताव का समर्थन करेंगे।

### जैकलीन फर्नांडिस ने सरकारी गवाह बनने की अर्जी वापस ली

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस ने ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सरकारी गवाह बनने की अपनी अर्जी वापस ले ली है। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अदालत में उनकी याचिका का विरोध किया था। एजेंसी का कहना था कि जांच के दौरान जैकलीन का सहयोग संतोषजनक नहीं रहा और उनका आचरण भी वैसा नहीं था, जिसकी उम्मीद की गई थी। ईडी की आपत्ति के बाद जैकलीन फर्नांडिस ने अप्रूवर बनने की मांग वापस ले ली।

### सीबीआई ने चंद्रनाथ रथ की हत्या की जांच अपने हाथ में ली

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अपने हाथ में ले ली है। उल्लेखनीय है कि राज्य पुलिस ने सीबीआई जांच की सिफारिश की थी और एजेंसी ने मंगलवार को इसकी जिम्मेदारी ले ली। सीबीआई ने एक बयान में जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने की बात कही है और वह कोलकाता कार्यालय के प्रमुख संयुक्त निदेशक की देखरेख में काम करेगा। जांच की जरूरतों के हिसाब से कोलकाता क्षेत्र के अधिकारियों को एसआईटी में नियुक्त किया जाएगा।

### कूनो के जंगल में चार चीता शावक मृत मिले

**श्योपुर।** श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क से बेहद दुखद खबर सामने आई है। यहां मादा चीता केजीपी 12 के चारों शावक मृत पाए गए हैं। 12 मई की सुबह मॉनिटरिंग टीम जब श्योपुर टेरिटोरियल डिवीजन के जंगल क्षेत्र में पहुंची, तो मांद के पास शावकों के शव पड़े मिले। शावकों के शव आंशिक रूप से क्षत-विक्षत हालत में मिले हैं।

# केंद्रीय मंत्री बंदी संजय के बेटे पर पोक्सो एक्ट में केस दर्ज

- नाबालिग से सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप

**हैदराबाद।** केद्र सरकार में केंद्रीय मंत्री बंदी संजय कुमार के 25 साल के बेटे साई भागीरथ पर 17 साल की लड़की के सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप लगा है।

नाबालिग की मां ने 8 मई को तेलंगाना के हैदराबाद में पोक्सो एक्ट के तहत उनके खिलाफ केस दर्ज कराया था। भागीरथ ने 12 मई को तेलंगाना हाईकोर्ट का रुख किया। उन्होंने अग्रिम जमानत के साथ-साथ अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामला रद्द करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि महिला ने बेटी के जरिये उन्हें हनी ट्रैप में फंसाने की कोशिश की। पुलिस ने कहा कि भागीरथ अभी फरार है। अपराध साबित होने के बाद गिरफ्तारी होगी।

# मानसून 4-6 दिन पहले आने का अनुमान

**नई दिल्ली।** देश में मानसून तय समय से 4 दिन पहले दस्तक दे सकता है। आमतौर पर केरल में मानसून एक जून तक पहुंचता है, लेकिन इस बार 25 से 27 मई के बीच केरल तट पर पहुंचने की संभावना है।

बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में एक सिस्टम बन गया है, जो अगले 48 घंटे में और मजबूत हो सकता है। इससे दक्षिण भारत के कई राज्यों में बारिश बढ़ेगी। यह सिस्टम मानसून को तेजी से आगे बढ़ा रहा है। यूपी-बिहार समेत 5 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। बिहार और उत्तराखंड के सभी जिलों में बारिश हो सकती है। वहीं, उत्तर प्रदेश के 38 जिलों में बारिश की संभावना है। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में आंधी-तूफान और बारिश से 5 घरों और 7 गोशालाओं की छतें उड़ गईं। राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में हीटवेव जारी है। मध्य प्रदेश के रतलाम में पारा 45डिग्री सेल्सियस के पार रहा। दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर के कई राज्यों में भी बारिश का दौर जारी रह सकता है।



- यूपी-बिहार समेत पांच राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट

# 24 घंटे में बेमकसद 3 हत्याएं करने वाला साइको किलर ढेर

- मारे गए बदमाश की पहचान अमृतसर निवासी गुरप्रीत सिंह के रूप में हुई

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में 24 घंटे के भीतर तीन लोगों की गोली मारकर हत्या करने वाले एक सिरफिरे को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। आरोपी की पहचान पंजाब के अमृतसर निवासी गुरप्रीत सिंह के रूप में हुई है, जो वर्ष 2021 में सेना से बर्खास्त किया गया था।

पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि 10 मई को डीडीयू-ताड़ीघाट पैसेंजर ट्रेन में गाजीपुर जिले के जमानिया निवासी मंगरू की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद 11 मई की रात करीब दो बजे जम्मूतवी एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे एक अन्य यात्री की भी सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसी क्रम में सोमवार सुबह थाना अलीनगर क्षेत्र स्थित जीवक अस्पताल में भर्ती लछमिना नामक महिला को भी आरोपी ने सिर में गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों में आरोपी बिना किसी उकसावे के महिला को गोली मारते हुए दिखाई दिया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने साहस दिखाते हुए आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गुरप्रीत सिंह निवासी अमृतसर, पंजाब बताया। पुलिस के अनुसार वह वर्ष 2021 में सेना से सिपाही पद से हटाया गया था। बाद में वह बिहार के आरा जिले में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करने पहुंचा था, लेकिन शराब की लत के कारण कुछ ही दिनों में नौकरी से निकाल दिया गया। इसके बाद वह मानसिक रूप से विचलित और आक्रोशित रहने लगा। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने नौ मई से विभिन्न ट्रेनों में यात्रा करते हुए प्रयागराज और चंदौली क्षेत्र में घूमना शुरू किया और पूरी तरह से रैंडम तरीके से निर्दोष लोगों को निशाना बनाकर हत्याएं कीं। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों और लोकेशन हिस्ट्री के आधार पर तीनों घटनाओं में उसकी संलिप्तता की पुष्टि हुई है।

# खाने-पीने की चीजों ने बिगाड़ा आम आदमी का बजट

शाह टाइम्स ब्यूरो

- अप्रैल में खुदरा महंगाई दर में मामूली बढ़ोतरी दर्ज हुई, बढ़कर 3.48 % पर पहुंची

**नई दिल्ली।** देश में आम आदमी को महंगाई के मोर्चे पर झटका लगा है। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल महीने में खुदरा महंगाई दर में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है और यह बढ़कर 3.48 प्रतिशत पर पहुंच गई है।

इससे पिछले महीने यानी मार्च में यह आंकड़ा 3.4 प्रतिशत पर था। इस बढ़ोतरी के पीछे मुख्य वजह खाने-पीने की चीजों, विशेषकर रोजमर्रा के खाद्य पदार्थों की कीमतों में आया उछाल है। हालांकि, अर्थव्यवस्था के लिए राहत की बात यह है कि समग्र महंगाई दर अब भी आरबीआई के चार प्रतिशत के लक्ष्य के काफी नीचे है। अर्थव्यवस्था के इन आंकड़ों का गहराई से विश्लेषण करने पर पता चलता है कि लोगों के रसोई का बजट मुख्य रूप से बिगड़ा है। खाद्य महंगाई दर मार्च के 3.87 प्रतिशत से बढ़कर अप्रैल में 4.20 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसमें ग्रामीण इलाकों की खाद्य महंगाई दर शहरी क्षेत्रों के मुकाबले ज्यादा तेजी से बढ़ी है। महंगाई का असर केवल राशन तक सीमित नहीं है। अप्रैल महीने में सबसे ज्यादा महंगाई पर्सनल केयर और विविध वस्तुओं की श्रेणी में देखी गई, जिसने 17.66 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की। इसके विपरीत, ईंधन से जुड़ी कीमतों में नरमी के कारण ट्रांसपोर्ट से जुड़ी महंगाई दर -0.01 प्रतिशत पर लगभग सपाट रही, जिससे माल ढुलाई और यात्रा लागत में कोई विशेष बढ़ोतरी नहीं हुई। महंगाई दर में मामूली वृद्धि हुई है, फिर भी सरकार और आरबीआई के लिए स्थिति नियंत्रण में है। भारत ने 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक के पांच वर्षों के लिए अपनी खुदरा महंगाई दर का लक्ष्य 4 प्रतिशत (2 प्रतिशत से 6 प्रतिशत के दायरे में) पर बरकरार रखा है। एक सर्वे में खुदरा महंगाई के 3.8 प्रतिशत तक जाने का अनुमान जताया गया था, ऐसे में मौजूदा 3.48 प्रतिशत का आंकड़ा अनुमानों से काफी बेहतर है।



CMYK

## एक नजर

### सड़क हादसे में तीन घायल



**राजा का ताजपुर।** क्षेत्र के ग्राम जमालपुर निवासी सुफियाना पुत्र मौहम्मद साजिद व मोहसिन अपने पिता साजिद के साथ ताजपुर से घर वापस आ रहे थे। जैसे ही बिजली घर के पहुंचे, तभी पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। घायलों को ताजपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। तीनों के सिर व पैरों में चोटें है। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ पुलिस में तहरीर दी गई है।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन पर छात्राएं सम्मानित



**नजीबाबाद।** नगर के मूर्ति देवी कन्या इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति द्वारा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष-2025-26 में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं के सम्मान के लिए एक समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय की हाईस्कूल की छात्रा कु. अंशिका वर्मा द्वारा जनपद में आठवां स्थान प्राप्त किया। सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रतीक चिंह एवं प्रशिस्त पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस उपलक्ष्य में विद्यालय प्रबंधक नीरज जैन, कार्यवाहक प्रधानाचार्या श्रीमती शबनम नसरीन एवं प्रबंध समिति के सदस्य डॉ. अतुल बहादुर सक्सेना, संतोष जैन, राजुल रंधर, नरेश कुमार वैद्य, त्रिवेंद्र कुमार, श्रीमती नाजिया नाज, श्रीमती पूजा वर्मा एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### अफजलगढ़ में चिन्हांकन शिविर आज

**बिजनौर।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी जागेश्वर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कल (आज) अफजलगढ़ ब्लॉक परिसर में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं तथा कृत्रिम अंग / सहायक उपकरण योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकतानुसार ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, वैसाखी, कान की मशीन, लेप्रोसी किट. एमआर किट एवं स्मार्ट केन आदि सहायक उपकरण को दिए जाने के लिए चिन्हांकन शिविर एवं दिव्यांग / कुष्ठावस्था पेंशन, पेंशन में आधार प्रमाणीकरण पेंशन में फैमिली आईडी यूडीआई कार्ड, दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना, दुकान ऋण संचालन योजना, शल्य चिकित्सा योजनान्तर्गत 5 वर्ष से कम मूक बधिर दिव्यांग बच्चों का नि:शुल्क कॉक्लियर इम्पलांट तथा करेक्टिव सर्जरी के लिए चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### जांच आख्या एक सप्ताह में देने के निर्देश

**बिजनौर।** सीडीओ रणविजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन से संबंधित एक शिकायती पत्र 08 मई 2026 को लोकेंद्र कुमार (मोबाइल नं. -8869066890) द्वारा अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें अवगत कराया गया कि वह उ.प्र.कौशल विकास मिशन, बिजनौर में कार्य करते हैं। शिकायती पत्र में उनके द्वारा उ.प्र. कौशल विकास मिशन, बिजनौर में कार्यरत एमआईएस मैनेजर रोहिताश पांडेय एवं मारकण्डेय चौरसिया पर सीडीओ तथा जिला समन्वयक, कौशल विकास मिशन के नाम पर अवैध धनराशि की मांग / वसूली किए जाने तथा उत्पीड़न किए जाने के आरोप लगाए गए हैं। इस संबंध में उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा है कि सोशल मीडिया/ मीडिया में प्रसारित उ.प्र.कौशल विकास मिशन से सम्बंधित वीडियो लगभग 03 वर्ष पुराना बताया गया है, तथापि प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए, निष्पक्ष जांच कराए जाने के लिए एक त्रिस्तरीय समिति (परियोजना निदेशक, डीआरडीए/ प्रधानाचार्य, पॉलीटेक्निक व सहायक आयुक्त एवं जिला सहायक निबंधक, सहकारिता, बिजनौर) गठित की गई है। गठित समिति को शिकायती पत्र में उल्लिखित समस्त तथ्यों की विस्तृत जांच करते हुए शिकायतकर्ता का पक्ष सुनकर अपनी सुस्पष्ट एवं संयुक्त जांच आख्या एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसलिए इस समिति की जांच आख्या प्राप्त होने के उपरांत प्रश्नगत प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# यूरिया खाद न मिलने पर हंगामा



## कई माह से नहीं मिल रही खाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** ग्राम शहजादपुर में स्थित उप खाद गोदाम से खाद न मिलने पर किसानों ने हंगामा किया। किसानों का आरोप था कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में खाद की किल्लत बनी है। जिससे किसान परेशान हैं। खाद नहीं मिलने से फसलें प्रभावित हो रही है, जिससे उत्पादन कम होने के आसार बन रहे है।

ग्राम शहजापुर में गन्ना विकास समिति नजीबाबाद का उप खाद गोदाम है। जिस पर सप्ताह में दो दिन मंगलवार और बृहस्पतिवार को खाद का वितरण किया जाता है। आज सुपरवाइजर राजीव कुमार जब खाद का वितरण करने पहुंचे, तो किसानों ने हंगामा कर दिया। किसानों गजराज सिंह, मुनेशपाल, संजय, ओमवीर, रूपचंद, पुष्पेंद्र, देवेंद्र कुमार आदि का आरोप था कि जितना गोदाम में खाद है, उतने पहले से ही किसानों के नाम रजिस्टर में दर्ज हैं। गोदाम में खाद कम होने की बात कह कर बार-बार किसानों को परेशान किया जा रहा है। किसानों ने गोदाम पर खाद की उपलब्धता बढ़ाने और खाद वितरण के लिए अतिरिक्त सुपरवाइजर की ड्यूटी लगाने की मांग की।

उधर समिति सचिव विजय शुक्ला का कहना है कि गोदाम पर खाद वितरण के लिए अतिरिक्त सुपरवाइजर भेजे जा रहे हैं, जबकि खाद की उपलब्धता बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं, सभी किसानों को समय से खाद का वितरण किया जाएगा। वहीं किसानों का आरोप है कि क्षेत्र में लगातार खाद की समस्या बन रही है।

# सपा जिलाध्यक्ष का जोरदार स्वागत

## विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** झालू मार्ग पर सपा नेता मुदित त्यागी के प्रतिष्ठान पर राष्ट्रीय सचिव व जिलाध्यक्ष का स्वागत किया गया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी को मजबूत करने पर जोर देते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में जुट जाने का आह्वान किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार समाजवादी पार्टी के जिला सचिव मुदित त्यागी के नहटौर स्थित प्रतिष्ठान पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कुलदीप सिंह भुल्लर व जिला अध्यक्ष हनी फैसल का कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। जिला अध्यक्ष हनी फैसल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता हमारी शक्ति है। हमें एकजुट होकर जनता के बीच जाना होगा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करना होगा। संगठन की मजबूती ही हमारी सबसे बड़ी जीत है। आज नहटौर के कार्यकर्ताओं का यह उत्साह बताता है कि आने वाले समय में समाजवादी विचार धारा और भी मजबूत होकर उभरेगी। इस स्वागत समारोह में जनपद के कई दिग्गज नेता धनंजय यादव जिला महासचिव, शराफत ठेकेदार पूर्व जिला उपाध्यक्ष, कृपा रानी महिला जिला अध्यक्ष, डा. दीपक शर्मा, नदीम अहमद, प्रभा चौधरी, डा. राजपाल विश्वकर्मा जिला सचिव, नवील अहमद, कमलेश भुईयार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में मेजबान मुदित त्यागी ने सभी आगंतुक अतिथियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस दौरान स्थानीय कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला।

# कपड़े की दुकान में लगी आग

## लाखों का सामान जलने की आशंका





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** क्षेत्र की कटहरा मार्केट में बीती रात एक तीन मंजिला कपड़े की दुकान में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरी दुकान धुएं और लपटों से घिर गई। घटना के बाद पूरे बाजार क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह करीब 4:30 बजे लोगों ने मार्केट की ओर से घना धुआं उठते देखा। जब तक लोग कुछ समझ पाते, आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। स्थानीय व्यापारियों और आसपास के लोगों ने तुरंत दुकान मालिक और फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। हालांकि आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि दमकलकर्मियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। सुबह 4:30 बजे से लेकर करीब 6:30 बजे तक आग लगातार भड़कती रही और पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया। बताया जा रहा है कि दुकान में बड़ी मात्रा में कपड़े और अन्य ज्वलनशील सामान रखा हुआ था, जिसके कारण आग तेजी से फैल गई। इस घटना में लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। आग की चपेट में दुकान के बाहर खड़ी एक स्कूटी भी आ गई, जो पूरी तरह जलकर राख हो गई। आसपास के लोगों ने समय रहते अन्य वाहनों को हटाया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया।

घटना के बाद कटहरा मार्केट में दहशत और अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है। बड़ी संख्या में व्यापारी और स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। पुलिस भी मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था संभाली। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी हो सकती है। प्रशासन द्वारा नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

## एक नजर

### अवैध कब्जे की जांच शुरू



**नहटौर।** स्थानीय चामुंडा धाम मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायतों के बाद प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। आज दोपहर करीब दो बजे राजस्व विभाग की एक उच्च स्तरीय टीम ने मंदिर परिसर का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। जांच दल का नेतृत्व नायब तहसीलदार विजय कुमार सिंह ने किया। टीम में कानूनगो ओमवीर सिंह और हल्का लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि सहित अन्य अधिकारी शामिल थे। यह कार्रवाई मंदिर समिति के सदस्यों की शिकायत पर की गई, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि कुछ लोग मंदिर की स्वामित्व वाली भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। मंदिर की करीब 1900 गज भूमि है। लेकिन इस समय मंदिर के पास करीब 1300 गज ही भूमि है। वह पूर्व से शिकायत करते चले आ रहे है। लेकिन शिकायत के बाद भी विवादित भूमि पर दूसरे पक्ष ने दुकान बनाने के लिए नींव भर दी गई। मौके पर टीम ने मंदिर से जुड़े दस्तावेजों और खतौनी का मिलान किया। अधिकारियों ने वहां मौजूद लोगों के बयान भी दर्ज किए और भूमि की पैमाइश (माप) के निर्देश दिए। इस दौरान मंदिर समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से ग्रामीणों में मामले के समाधान की उम्मीद जगी है।

### ट्रेन की चपेट में आकर बुजुर्ग की मौत



**नजीबाबाद।** इलाके में एक दर्दनाक हादसा हो गया। जहां ट्रेन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान 70 वर्षीय राम सिंह के रूप में हुई है, जो धनसिनी ग्राम के निवासी थे। वह घर पर खाना खाने के बाद बाहर निकले थे और इसी दौरान रेलवे ट्रैक पर पहुंच गए। तभी किसी ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बुजुर्ग की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि मृतक के छह बच्चे हैं। जिनमें तीन बेटे और तीन बेटियां शामिल हैं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### ईओ व चेयरमैन को सौंपे ज्ञापन



**नहटौर।** नगर पालिका सभासदों ने पालिका ईओ व चेयरमैन को दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपे हैं। भाजपा के लेटरहेड पर लिखे गए ज्ञापनों में गृह कर और आवारा पशुओं के आतंक से संबंधित जनहित के मुद्दे उठाए गए हैं। सभासदों ने नगर पालिका द्वारा लगाए गए गृहकर पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने पूछा है कि यह टैक्स किस शासनादेश से लगाया गया है और इसकी नियमावली तथा प्रमाणित प्रतिलिपि की मांग की है। सभासदों ने इस बात पर भी असंतोष व्यक्त किया कि बांटे जा रहे टैक्स नोटिसों पर किसी सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर या मुहर नहीं है, जिसे उन्होंने एक गंभीर विषय बताया। उन्होंने सर्किल रेट की जानकारी और टैक्स से जुड़ी पूरी पत्रावली को बोर्ड के सामने प्रस्तुत करने की मांग की है। दूसरे पत्र में नगर में बढ़ते आवारा कुत्तों और बंदरों के हमलों की समस्या को उठाया गया है। सभासदों का कहना है कि वे पिछले छह महीनों से इस समस्या से प्रशासन को अवगत करा रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई है। पत्र में बताया गया है कि स्कूल जाने वाले छोटे बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग इन जानवरों का शिकार बन रहे हैं, जिससे उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं हैं। सभासदों ने नगर की जनता को इन हिंसक जानवरों से निजात दिलाने के लिए शीघ्र उचित योजना बनाकर प्रबंध करने की मांग की है। दोनों पत्रों पर विशाल हाशमी, रामौतार सिंह (सभासद वार्ड नं. 12), विजेंद्र कुमार (सभासद), अतीक अहमद (सभासद वार्ड नं. 17) सहित अन्य समस्त सभासदों के हस्ताक्षर हैं। ये ज्ञापन स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए जनहित के मुद्दों के समाधान की मांग करते हैं।

## सोने की खरीद टालने की अपील से उप्र का सर्राफा बाजार चिंतित

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से गैर-जरूरी सोने की खरीद एक वर्ष तक टालने की अपील के बाद उत्तर प्रदेश का सर्राफा कारोबार चिंता में आ गया है। अनुमान है कि इससे उत्तर प्रदेश में करीब 35 लाख लोग प्रभावित होंगे। कारोबारियों ने प्रधानमंत्री से अपील करते हुए कहा है कि सरकार एक रोडमैप तैयार करे जिससे प्रभावित होने वाले लोगों को संकट से उबारा जा सके। आदीश कुमार जैन सर्राफ लखनऊ सर्राफा एसोसिएशन वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री जी जब बिहार में गमछा लहराते हैं तो सत्ता बदल जाती है, बंगाल में झाल मूढ़ी खाते हैं तो सत्ता इधर से उधर हो जाती है । कहने का मतलब है कि वो देश के राजा हैं। उनकी बात सब मानते हैं। सराफा कारोबारी हमेशा राष्ट्रवादी होता है। वह राष्ट्र प्रथम के भाव से काम करता है, लेकिन उसके साथ लाखों लोग जो इस कारोबार से जुड़े हैं उनका क्या होगा। उन्होंने कहा कि ज्वैलरी के कारोबार से लाखों लोगों का परिवार जुड़ा हुआ है । धंधा बंद होने पर वो लोग कहां जाएंगे । उनके परिवार का भरण पोषण कैसे होगा और कौन करेगा। अच्छा होगा कि सरकार इन बातों को भी ध्यान में रखकर एक रोडमैप तैयार करे। सर्राफा कारोबारी सरकार का साथ देने के लिए तैयार हैं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**नीट यूजी-2026**

मेल खाते बताए गए। इसके बादमामले ने तूल पकड़ लिया। इसके बाद 10 मई को राजस्थान स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर कार्रवाई करते हुए देहरादून, सीकर और झुंझुनू से 13 संदिग्धों को हिरासत में लिया। हिरासत में लिए गए लोगों में सीकर के एक कोचिंग संस्थान से जुड़ा एक करियर काउंसलर भी शामिल है। रविवार को एनटीए ने कहा था कि प्रश्न-पत्रों को जीपीएस ट्रैकिंग वाले वाहनों के जरिए भेजा गया था। उन पर यूनिक और ट्रैसेबल वाटरमार्क मौजूद था। परीक्षा केंद्रों की निगरानी केंद्रीय कंट्रोल रूम से एआई असिस्टेड सीसीटीवी सिस्टम के जरिये की गई। सभी अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन कराया गया और केंद्रों पर 5जी जैमर लगाए गए। वहीं, राजस्थान पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) विशाल बंसल ने कहा था कि जांच फिलहाल उस गेस पेपर पर केंद्रित है, जिसे परीक्षा से पहले छात्रों के बीच बांटे जाने का आरोप है। गेस पेपर में करीब 410 सवाल थे। आरोप है कि इनमें से लगभग 120 सवाल केमिस्ट्री में पूछे गए। बताया जा रहा है कि यह गेस पेपर परीक्षा से काफी पहले छात्रों के बीच बंट रहा था। यह 15 दिन से लेकर एक महीने पहले तक छात्रों तक पहुंच चुका था। हमारी जांच इसी गेस पेपर के आधार पर आगे बढ़ रही है। नीट (यूजी) 2026 परीक्षा में इस बार देशभर से करीब 23 लाख छात्रों ने हिस्सा लिया था। नीट परीक्षा देश के 551 और विदेश के 14 शहरों में आयोजित की गई थी, जिसमें कुल 22.79 लाख छात्र शामिल हुए। परीक्षा रद्द होने के फैसले के बाद लाखों अभ्यर्थियों और अभिभावकों के बीच चिंता और असमंजस का माहौल बना हुआ है।

## केंद्र राजस्व दे, तो दो मिनट में शराब पर लगेगा प्रतिबंध: फारूक

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि यदि केंद्र सरकार राजस्व के नुकसान की भरपाई कर दे, तो राज्य सरकार दो मिनट में शराब पर प्रतिबंध लगा सकती है। शराब की दुकानों को लेकर चल रहे विवाद पर श्री अब्दुल्ला ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से शराब का सेवन नहीं करते हैं, लेकिन उनका मानना है कि जो लोग पीते हैं, वे स्थानीय स्तर पर उपलब्ध न होने की स्थिति में इसे जम्मू-कश्मीर के बाहर से मंगवा लेंगे। उन्होंने कहा कि मैं शराब नहीं पीता। जो पीते हैं, वे पीएंगे ही। उन्हें यहां से नहीं मिलेगी, तो वे बाहर से लाएंगे। नेकां नेता ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने 1977 उनके पिता और तत्कालीन सीएम शेख अब्दुल्ला से राज्य में शराब की बिक्री बंद करने के लिए कहा था।

# कांग्रेस ने शिक्षा मंत्री से मांगा इस्तीफा

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ नीट परीक्षा रद्द होने पर सुप्रिया श्रीनेत ने बोला हमला

कांग्रेस ने नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द होने पर केंद्र सरकार की आलोचना की और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा देने की मांग की है।

कांग्रेस की सोशल मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार करीब 22 लाख छात्रों ने नीट परीक्षा दी थी। छात्रों ने दिन-रात मेहनत कर तैयारी की, अभिभावकों ने कोचिंग और परीक्षा से जुड़े खर्च उठाए, लेकिन अंत में उन्हें पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि शायद फर्जी डिग्री वालों से शिक्षा के संबंध में गंभीरता की आशा ही बेमानी है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अपने पद पर बने रहने का कोई हक नहीं है।ष कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को संभालने में पूरी तरह विफल रही है। मंत्री और सरकार देश के छात्रों के भविष्य को लेकर गंभीर नहीं हैं और एक इम्तिहान भी बिना पेपर लीक के नहीं करा सकते, जबकि विश्वगुरु बनने के दावे किए जाते हैं। सुश्री श्रीनेत ने पेपर लीक माफिया पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि उनके हौसले इतने बुलंद इसलिए हैं क्योंकि उन्हें सरकार और भाजपा का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रों का भविष्य दांव पर लगा है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इससे बेपरवाह हैं। गौरतलब है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनएटीए) द्वारा आयोजित नीट यूजी 2026 परीक्षा को केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद रद्द कर दिया गया है। नई परीक्षा तिथियों की घोषणा जल्द किए जाने की बात कही गई है।

## नीट परीक्षा का रद्द होना सरकार की विफलता का उदाहरण: अजय राय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को कहा कि नीट परीक्षा रद्द कर केंद्र सरकार ने युवा वर्ग के सपनों के साथ खिलवाड़ किया है और लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों ने सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। श्री राय ने यहां जारी बयान में कहा कि नीट यूजी 2026 का रद्द होना सरकार की विफलता का बड़ा उदाहरण है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो सरकार राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा को सुरक्षित और पारदर्शी ढंग से आयोजित नहीं करा सकती, उसे सत्ता में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक के डर ने सरकार की तैयारियों और व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। उन्होंने आरा. प लगाया कि केंद्र सरकार युवाओं के भविष्य को लेकर गंभीर नहीं है और दिल्ली में बैठे लोग छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। देश का युवा मौजूदा परिस्थितियों को देख रहा है और आने वाले समय में इसका जवाब देगा।

# बाइकों की टक्कर में मजदूर की मौत

## आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवे पर शव रखकर लगाया जाम







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ग्राम शादीपुर कलां के पास दो बाइकों की टक्कर में मजदूर की मौत हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवे पर शव रखकर घंटों तक जाम लगा दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम शादीपुर कलां निवासी सुखबीर सिंह (48 वर्ष) आज बिजनौर से बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। ग्रामीणों के अनुसार बिजनौर- मुरादाबाद हाईवे पर दोपहर करीब दो बजे जैसे ही उन्होंने अपनी बाइक गांव की तरफ जाने वाले मार्ग पर मोड़ी, तभी पीछे से आ रहे एक बाइक ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। मौके से गुजर रहे राहगीरों ने गंभीर रुप से घायल सुखबीर सिंह को एंबुलेंस से उपचार के लिए बिजनौर भिजवाया। जहां से परिजन उसे नाजुक हालत में मुरादाबाद ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद परिजनों व ग्रामीणों ने बिजनौर-मुरादाबाद मार्ग पर शव रखकर अम्हेड़ा चौकी के सामने जाम लगा दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने बिना कार्रवाई के दूसरे बाइक चालक को छोड़ दिया। पुलिस ने मृतक सुखबीर सिंह के पुत्र सोनू की तहरीर पर अन्य बाइक चालक गांव पावटी निवासी आदित्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है। सूचना पाकर मौके पर नायब तहसीलदार फैसल भी पहुंचे और उन्होंने लोगों को समझाने का प्रयास किया। ग्रामीण आरोपी की गिरफ्तारी व उचित मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर अड़े हुए हैं।

## बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों का डीएम ने किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर ने आज शाम साढ़े चार बजे मध्य गंगा बैराज के बांये अफलक्स बंध पर बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग के अधिकारी द्वारा बताया गया कि बांध को बनाने के लिए एंटी कंक्रीट ब्लॉक का इस्तेमाल किया जा रहा है, यह ब्लॉक कटाव को रोकने में उपयोगी होते है। उन्होंने बताया कि बायें अफलक्स बंध के कि.मी. 4.000 से कि.मी. 4.350 के मध्य कटाव निरोधक कार्यों के निर्माण लगभग पूर्ण कर लिए गए है।

डीएम ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता की जांच स्वयं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जाए। गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बाढ़ नियंत्रण एवं जनसुरक्षा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने सभी संबंधित को निर्देशित किया कि बाढ़ सुरक्षा से संबंधित सभी कार्य निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप समय से पूर्ण किए जाएं, ताकि आगामी वर्षा ऋतु में किसी प्रकार की जनहानि अथवा संपत्ति की क्षति की संभावना न होने पाए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जाए तथा कटान संभावित क्षेत्रों की निरंतर निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए तैयारियों को पूर्ण रखें। इस मौके पर सिंचाई विभाग, वन विभाग, एनएचएआई सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# बदहाल सड़क का निर्माण कार्य शुरू

## चेयरपर्सन पति जावेद विकार ने कार्य का निरीक्षण कर गुणवत्ता परखी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर पालिका के मौहल्ला बेगम सराय में लंबे समय से टूटी और बदहाल पड़ी सड़क पर आज निर्माण कार्य शुरू हो गया। सड़क निर्माण शुरू होने से मौहल्लेवासियों में खुशी का माहौल है और लोगों ने पालिका का आभार व्यक्त किया।

निर्माण कार्य शुरू होते ही नगर पालिका चेयरपर्सन पति जावेद विकार मौके पर पहुंचे और कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता परखी तथा संबंधित कर्मचारियों और ठेकेदार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और निर्माण कार्य तय समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाए। मौहल्लेवासियों ने बताया कि बरसात के दिनों में सड़क पर जलभराव और कीचड़ के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता था। स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ती थी। कई बार लोग फिसलकर घायल भी हो चुके थे। अब सड़क निर्माण शुरू होने से लोगों को स्थायी राहत मिलने की उम्मीद जगी है। जावेद विकार ने कहा कि नगर की जनता की समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिकता है। नगर क्षेत्र में जहां-जहां सड़कें खराब हैं वहां चरणबद्ध तरीके से निर्माण एवं मरम्मत कार्य कराए जा रहे हैं, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

वहीं ईओ एसपी सिंह की कार्यशैली को लेकर भी लोगों में संतोष दिखाई दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि ईओ लगातार विकास कार्यों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं और नगर की समस्याओं के समाधान को गंभीरता से ले रहे हैं।

निर्माण कार्य के दौरान वार्ड निवासियों सभासद करवा कुरैशी, इकराम अली, शाहबाज, मौहम्मद अनवर, मौहम्मद अशरफ, अल्ताफ हुसैन आदि भारी संख्या में मौके पर मौजूद रहे। लोगों ने उम्मीद जताई कि नगर के अन्य मौहल्लों में भी इसी प्रकार तेजी से विकास कार्य कराए जाएंगे। सड़क निर्माण शुरू होने से क्षेत्र में नगर पालिका की सक्रियता को लेकर चर्चाएं भी तेज हो गई हैं।

## शादी का झांसा देकर संबंध बनाने का आरोपी गिरफ्तार

**चांदपुर।** पुलिस ने एक व्यक्ति को शादी का झांसा देकर संबंध बनाने और धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जुनैद पुत्र बाबू निवासी मौहल्ला काजीसराय, चांदपुर के रूप में हुई है। पीड़िता ने चांदपुर थाने में तहरीर दी थी। तहरीर के अनुसार, जुनैद ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि जुनैद ने उसकी मां को जान से मारने की धमकी दी थी। तहरीर के आधार पर चांदपुर थाने में जुनैद के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 251/26, धारा 69/351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की। चांदपुर पुलिस ने इस मामले में वांछित आरोपी जुनैद पुत्र बाबू को उसके मौहल्ला काजीसराय, फेमस बेकरी के पास, चांदपुर स्थित निवास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि अन्य आवश्यक कानूनी कार्यवाही जारी है। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक शादाब और कांस्टेबल रणजीत मलिक शामिल थे, जो चांदपुर थाने में तैनात हैं।

# सांसद निधि से लगी लाइटों में फाल्ट

## लगने के फौरन बाद ही खराब






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगीना के आसपा सांसद चंद्रशेखर की सांसद निधि से धामपुर के दर्जियों एवं मनिहारों के कब्रिस्तान में लगाई गई लाइटें शौपीस बन गई है। यह लाइटें लगने के बाद ही खराब हो गई थी, जिन्हें कई माह गुजरने के बाद आज तक सही नहीं कराया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगीना के आसपा सांसद चंद्रशेखर की सांसद निधि 2025-26 से कार्यदायी संस्था यूपी पीसीसीडी के माध्यम से धामपुर के के.एम. इंटर कॉलेज के सामने स्थित मनिहार व दर्जी बिरादरी के दो अलग-अलग कब्रिस्तानों में पोल पर लाइटें लगाई गई थी। शुरू में दस-पांच दिन तक तो यह हाईमास्क लाइटें जली, मगर उसके बाद इनका एक-एक कर खराब होने का सिलसिला शुरू हो गया। यह लाइटें पिछले कई महीनों से पूरी तरह से खराब पड़ी है और दोनों ही कब्रिस्तानों में अंधेरा छा रहा है। लेकिन न तो लाइटें लगाने वाली कार्यदायी संस्था ने ही इन्हें बदलवाया है और न ही सही कराया गया है। सांसद निधि से जिस कार्यदायी संस्था से कार्य कराया गया है, उसके बारे में न तो आम जनता को जानकारी है और न ही अधिकारियों के मोबाइल नंबर ही जागरूक नागरिकों को पता है। न जाने ऐसी संस्था से किस उद्देश्य की पूर्ति के लिए कार्य कराया गया है। इससे साफ जाहिर है कि जिला प्रशासन के द्वारा कार्यदायी संस्था के चयन में लापरवाही बरती जाती है। विकास विभाग के अधिकारी मौके पर जा कर कार्य का तकनीकी सत्यापन भी नहीं करते है।

# अकबराबाद में काटी जा रही अवैध कॉलोनियां

## लेखपाल नहीं दे रहा अधिकारियों को सही रिपोर्ट










**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगीना तहसील के अंतर्गत अकबराबाद क्षेत्र में अवैध रूप से कालोनियां काटी जा रही है। मगर नगीना तहसील प्रशासन इन अवैध कॉलोनियों को काटने वालों के खिलाफ शिकंजा कसते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही नहीं कर रहा है। जिसकी वजह से भूमाफियाओं के हौंसले बुलंद होते जा रहे है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जनपद में अवैध कॉलोनियां काटने वालों पर राजस्व विभाग के अधिकारी पूरी तरह से मेहरबान है। जब कोई शिकायत सामने आती है, तो दिखाने के लिए कार्यवाही की जाती है। सूत्रों के अनुसार अवैध कॉलोनी काटने वालों के साथ लेखपालों की भी मिलीभगत होती है। कई बार तो इसमें लेखपालों की भी हिस्सेदारी के आरोप लगते रहे है। मगर जनपद स्तर के अधिकारी न जाने क्यों भूमाफियों एवं उसके साथ हिस्सेदारी करने वाले लेखपालों व दूसरे सफेदपोशों के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं करते है।

ताजा मामला नगीना तहसील क्षेत्र के ग्राम अकबराबाद का है। अकबराबाद के बीचो-बीच से फौरलेन नेशनल हाइवे गुजर रहा है। यहां पर जमीन के दाम आसमान छू रहे है। आसपास के ग्रामों के पूंजीपति एवं बाहर काम करने वाले उद्योगपति यहां पर जमीनें खरीद रहे है। उन्हें उम्मीद है कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होते ही अकबराबाद को नगर पंचायत का दर्जा मिल जाएगा और जमीन के दाम आसमान पर पहुंच जाएंगे। यहां पर आधा दर्जन से भी ज्यादा कॉलोनियां अवैध रूप से काटी जा रही है। सूत्रों का कहना है कि प्लाटों की खरीद फरोख्त में स्टांप की भी चोरी की जा रही है। क्षेत्र में रैकेट सक्रिय है, जो ग्राहकों को शिकार बनाता है।

## एक नजर

### करंट लगने से तीन पशुओं की मौत



**हल्दौर।** ग्राम खासपुरा निवासी अरुण कुमार विश्वकर्मा का बिजनौर-मुरादाबाद हाईवे पर मकान स्थित है। उसके घर के बाहर पशु बंधे हुए थे। ग्रामीणों के अनुसार मकान के बाहर जर्जर हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। आज शाम करीब पांच बजे हाईटेंशन लाइन अचानक टूटकर पशुओं पर गिर गई। उस समय बिजली संचालित थी। तार टूटकर गिर जाने से तीन पशुओं की मौत हो गई। परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। पूर्व ग्राम प्रधान वीरभान चौधरी ने सुरक्षा को लेकर जर्जर लाइन के नीचे जाल लगवाने व पीड़ित को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। सूचना मिलने पर बिजली विभाग के कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे और विद्युत आपूर्ति बंद कराई गई। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी।

### उपचार के दौरान महिला की मौत

**नहटौर।** पारिवारिक कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खाने वाली महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। ग्राम शमशाबाद निवासी प्रियंका पत्नी दीपांशु ने लगभग एक सप्ताह पूर्व पारिवारिक विवाद के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। उनकी हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया था। प्राथमिक उपचार के बाद प्रियंका की गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। परिजनों ने उन्हें ऋषिकेश स्थित जौलीग्रांट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां वह पिछले एक सप्ताह से जीवन के लिए संघर्ष कर रही थी। डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद उनकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। महिला अपने पीछे दो छोटे बच्चों को छोड़ गई हैं। प्रियंका का शव गांव पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। गमगीन माहौल में परिजनों और ग्रामीणों की उपस्थिति में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम जौलीग्रांट अस्पताल में हुआ है और मामला उनके संज्ञान में है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत



**झालू।** नगर के नहटौर रोड स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी राहगीरों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस पहचान कराने के प्रयास में जुटी हुई है तथा मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### विवाहिता को भगा ले जाने का आरोप

**अफजलगढ़।** समीपवर्ती थाना क्षेत्र के ग्राम सलावत नगर गिरधर भज्जावाला निवासी रामसिंह पुत्र चतुर सिंह ने अपनी विवाहिता पुत्री को ग्राम के ही एक युवक द्वारा भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित रामसिंह के अनुसार ग्राम निवासी विकास पुत्र नौबहार सिंह उसकी विवाहिता पुत्री को बीती रविवार रात्रि करीब तीन बजे जबरन घर से अपने साथ ले गया। परिजनों ने दोनों की काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग सका। घटना के बाद ग्राम में तनाव की स्थिति बनी हुई है, क्योंकि युवक और युवती अलग-अलग जातियों से संबंध रखते हैं। पीड़ित ने आशंका जताई कि मामले को लेकर ग्राम में कोई अप्रिय घटना हो सकती है। उन्होंने पुलिस से पुत्री की बरामदगी तथा आरोपी विकास के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना अध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि आरोपी युवक और महिला की तलाश की जा रही।

### मेराज खान जिला मंत्री मनोनीत



**कालागढ़।** भजापा विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी (कोटद्वार) ने नई कॉलोनी निवासी मेराज खान को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला मंत्री मनोनीत किया है। श्री खान के मनोनयन पर भाजपा कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष मीनाक्षी चौधरी, मंत्री सुनील कुमार, शंकर सिंघल, योगेश कुमार ठेकेदार, परशुराम आदि ने खुशी जाहिर की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# प्रधानमंत्री आवास बना मौत का अड्डा!

## जीने के नीचे मिला युवक का सड़ा-गला शव, सिरिंज-शराब के सुराग से सनसनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** रसूलपुर आबाद मार्ग पर स्थित कब्रिस्तान के पीछे बने एक अर्धनिर्मित प्रधानमंत्री आवास में युवक का सड़ा-गला शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। बंद पड़े मकान के बरामदे में जीने के नीचे पड़े शव से उठ रही तेज दुर्गंध ने आसपास के लोगों को दहला दिया। सूचना फैलते ही मौके पर ग्रामीणों और नगरवा. सियों की भारी भीड़ जमा हो गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार कस्बा झालू से रसूलपुर आबाद रोड पर स्थित एक बैंकेट हॉल के बराबर में यह अर्धनिर्मित आवास बना हुआ है। आसपास खेतों में काम कर रहे मजदूरों को मकान से बदबू आने पर शक हुआ। जब वे अंदर पहुंचे, तो जीने के नीचे युवक का शव पड़ा मिला, जो कई दिन पुराना होने के कारण बुरी तरह गल चुका था।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। घटनास्थल से खाली इंजेक्शन की सिरिंज, शराब के रैपर और प्लास्टिक का खाली गिलास बरामद होने से मामला और भी संदिग्ध हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए बिजनौर से फॉरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए।

पुलिस ने काफी प्रयास के बाद मृतक की पहचान गुलनाज उर्फ गूल्लू पुत्र इलियास निवासी मौहल्ला मिर्दगान, थाना कोतवाली शहर बिजनौर के रूप में की। हल्दौर कोतवाल किशन अवतार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मौत के असली कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई।

### गुल्लू की मौत बनी रहस्य, दोस्तों पर टिकी पुलिस की नजर



**बिजनौर।** मृतक गुल्लू के भाई नौशाद ने बताया कि मेरा भाई कई दिनों से लापता था। अब उसकी लाश कब्रिस्तान के पीछे झाड़ियों में मिलने के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। परिजनों ने युवक के दो दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाकर मामले को और गंभीर बना दिया है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और कॉल डिटेल्स के आधार पर पूरे घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ने में जुटी है।

### घर के बाहर खड़ी स्कूटी चोरी

**धामपुर।** मौहल्ला पक्का बाग में घर के बाहर खड़ी स्कूटी चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। मौहल्ला पक्का बाग निवासी इमरान अहमद ने बताया कि उन्होंने अपनी स्कूटी घर के बाहर खड़ी की थी और घर के अंदर चले गए। बुधवार सुबह जब वह बाहर आए तो स्कूटी अपनी जगह से गायब मिली। स्कूटी न मिलने पर उन्होंने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें एक युवक स्कूटी ले जाते हुए दिखाई दिया। फुटेज सामने आने के बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर स्कूटी बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## एक नजर

### डॉ. कलाम डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन



**नजीबाबाद।** साहनपुर में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया। इस समारोह में एसडीएम आशुतोष जायसवाल, साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी और समाजसेवी डॉ. राखी आनंद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटा। एसडीएम आशुतोष जायसवाल ने नगर पंचायत के विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह डिजिटल लाइब्रेरी क्षेत्र के छात्रों को आधुनिक शिक्षा और कंप्यूटर आधारित अध्ययन की बेहतर सुविधाएं प्रदान करेगी, जिससे युवाओं का भविष्य सशक्त होगा। चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने बताया कि नगर पंचायत साहनपुर लगातार विकास की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने पूर्व में स्थापित जीजीआईसी कॉलेज का भी उल्लेख किया, जिससे क्षेत्र की छात्राओं को बेहतर शिक्षा मिली। नगर पंचायत ने तिरंगा फ्लैग, गार्डन निर्माण, तालाब सौंदर्यीकरण, 125 से अधिक सड़कों का निर्माण, डिजिटल वेलकम बोर्ड, फ्रीजर स्थापना, कूड़ा निस्तारण केंद्र, नई सफाई गाड़ियां और मैनुअल लाइब्रेरी जैसी कई परियोजनाएं पूरी की हैं। खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि शासन से स्वीकृति मिलने पर भविष्य में नई योजनाएं लागू की जाएंगी। समाजसेवी डॉ. राखी आनंद अग्रवाल ने डिजिटल लाइब्रेरी की सराहना करते हुए कहा कि यह बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा और आधुनिक तकनीक से जुड़ी पढ़ाई में काफी लाभ पहुंचाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. इस्लाम ने की। इस अवसर पर सरफराज अंसारी, राहतपुर प्रधान मुस्तफा, मंडावली के पूर्व प्रधान वाजिद मकरानी, साबू मकरानी, अलीपुर प्रधान आसिफ, पूर्व प्रधान नफीस अहमद, भूरे प्रधान, फिरासत हुसैन, अशोक कुमार, प्रशांत महासागर, ललित कुमार सहित नगर पंचायत साहनपुर के सभासदगण और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### वांछित फरमान गिरफ्तार



**चांदपुर।** एक महिला ने 10 मई को चांदपुर पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि फरमान अहमद पुत्र सरताज अहमद निवासी ग्राम रवाना, थाना चांदपुर उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। वादिनी का कहना है कि फरमान अहमद व उसके परिजनों से इसकी शिकायत की, तो उन्होंने एसके साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली-गलौच की तथा जान से मारने की धामकी दी। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर वादिनी की ओर से आरोपी फरमान अहमद पुत्र सरताज अहमद निवासी ग्राम रवाना थना चांदपुर के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 235/2026 धारा 137(2), 352, 351(2) बीएनएस व 3(2) व एससी एसटी एक्ट पंजीकृत कर आरोपी की खोज शुरू कर दी थी। पुलिस ने आज उक्त मामले में वांछित फरमान अहमद पुत्र सरताज अहमद को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया।

### मुनिराजों की आहारचर्या संपन्न



**नजीबाबाद।** श्रमण मुनि 108 श्री विवृत सागर महाराज और मुनि 108 श्री विश्वार्थ सागर महाराज की आहारचर्या आज दोपहर 12:30 बजे संपन्न हुई। यह कार्यक्रम निर्विघ्न रूप से आयोजित किया गया। मुनिराजों द्वारा आहार ग्रहण करने के बाद जैन समाज और उनके परिवारों में उत्साह का माहौल देखा गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। जिन्होंने मुनिराजों के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आहारचर्या के दौरान वातावरण में धार्मिक शांति का अनुभव किया गया। जैन समाज के सदस्यों ने इस अवसर को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि नगर में लंबे समय बाद किसी जैन संत का प्रवेश हुआ है, जिससे समाज को धर्म साधना और सेवा का अवसर मिला है। जैन समाज के सदस्यों के अनुसार, मुनिराजों की सेवा और सान्निध्य से समाज में धार्मिक जागरूकता बढ़ रही है। श्रद्धालुओं ने मुनिराजों से आशीर्वाद प्राप्त कर धर्म के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सविता जैन, रजनी जैन, कुमकुम जैन, मंजू जैन, शालिनी जैन, शैली जैन, अंशु जैन, नैंसी जैन, तनु जैन और इंदु जैन सहित जैन समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## गांवड़ी महावतपुर में किशोरी ने फांसी लगा कर आत्महत्या की



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ग्राम गांवड़ी महावतपुर में एक किशोरी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की दुखद घटना सामने आई है। घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

प्राप्त समाचार के अनुसार गांवड़ी महावतपुर निवासी 15 वर्षीय सृष्टि पुत्री स्व.मोहित कुमार ने अज्ञात कारणों के चलते घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों को घटना की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया तथा ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। बताया जाता है कि किशोरी के माता-पिता का पूर्व में ही निधन हो चुका है। परिवार में उसका एक छोटा भाई है। जिसकी मानसिक स्थिति भी सामान्य नहीं बताई जा रही है। दोनों भाई-बहनों का पालन-पोषण उनके चाचा द्वारा किया जा रहा था। ऐसे में किशोरी की अचानक मौत से गांव के लोग गहरे सदमे में हैं।

सूचना मिलते ही थाना स्योहारा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। माता-पिता के साये के बिना जीवन व्यतीत कर रही किशोरी की इस दर्दनाक मौत से गांवड़ी महावतपुर में शोक की लहर दौड़ गई है और हर आंख नम नजर आ रही है।

## महाकाल भक्त मंडल ने मां धारा देवी, केदारनाथ ज्योतिर्लिंग व बद्रीनाथ धाम के किए दर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** हर-हर महादेव व जय बद्री विशाल के जयकारों के साथ महाकाल भक्त मंडल के सदस्य केदारनाथ ज्योतिर्लिंग व बद्रीनाथ धाम के लिए रवाना हुए। जहां देवप्रयाग में अलकनंदा व भागीरथी के संगम तट पर संगठन के सदस्यों ने आस्था की डुबकी लगाई। जिसके पश्चात उत्तराखंड की रक्षक देवी मां धारा देवी मंदिर पहुंचे। जहां महाकाल भक्त मंडल के सदस्यों ने मां धारा देवी के समक्ष नतमस्तक होकर आगे की सकुशल यात्रा के लिए प्रार्थना की।

इसके पश्चात संगठन के सदस्य सोनप्रयाग पहुंचे और वहां से केदारनाथ की पैदल यात्रा की। महाकाल भक्त मंडल के सदस्य ने केदारनाथ ज्योतिर्लिंग, भीम शिला व आदि शंकराचार्य के दर्शन किए। इसके पश्चात संगठन के सदस्य बद्रीनाथ धाम पहुंचे। जहां संगठन के सदस्यों ने तप्त कुंड में स्नान किया व बद्रीनाथ धाम के दर्शन किए। इसके पश्चात संगठन के सदस्य भारत के प्रथम गांव माणा पहुंचे। जोकि सरस्वती नदी का उद्गम स्थल है। सोमवार की देर रात सभी भक्तगण सकुशल अपने अपने घर पहुंचे। महाकाल भक्त मंडल के सदस्य ने बताया कि केदारनाथ धाम भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में सबसे प्रमुख और पंच केदार में से एक है। मान्यता है कि यहां दर्शन से मोक्ष मिलता है। बद्रीनाथ धाम को 'भू-वैकुंठ' (धरती पर स्वर्ग) माना जाता है, जहां भगवान विष्णु नर-नारायण के रूप में ध्यानमग्न मुद्रा में वास करते हैं। मान्यता है कि यहां दर्शन करने से पापों का नाश होता है, व्यक्ति जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्त होकर मोक्ष प्राप्त करता है। यात्रा में सौरभ कुमार, देवेंद्र प्रजापति, आदित्य अग्रवाल, ऋषभ गुप्ता, आकाश भटनागर, अभिनव अग्रवाल, प्रदीप कुमार, सागर कुमार, ऋषभ कुमार, अभय अग्रवाल, तरुण प्रजापति, शानू, हन्नी, देव, लक्ष्मण आदि रहे।

# चुनावी निष्पक्षता या सत्ता का पुरस्कार

## संवैधानिक नैतिकता, विपक्ष का विश्वास और जनता का भरोसा खत्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पूर्व अपर जिला जज एवं समाजवादी चिंतक मनोज कुमार ने कहा कि पश्चिम बंगाल में 2026 विधानसभा चुनावों के तुरंत बाद पूर्व मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल को मुख्य सचिव और एसआईआर विशेष पर्यवेक्षक, सुब्रत गुप्ता को मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी का सलाहकार नियुक्त किए जाने से भारतीय लोकतंत्र में संवैधानिक नैतिकता और संस्थागत निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हालांकि ये नियुक्तियां कानूनी रूप से वैध हैं, क्योंकि आईएएस अधिकारी विभिन्न सरकारों के अधीन काम करते हैं और चुनाव आयोग के अधिकारियों के लिए कोई सख्त कूलिंग-ऑफ पीरियड निर्धारित नहीं है, फिर भी समय का संयोग और पदों की प्रकृति 'सेवा का पुरस्कार' वाली धारणा को बल दे रही है। जब चुनाव प्रक्रिया की निगरानी करने वाले अधिकारी चुनाव समाप्त होते ही विजयी पार्टी की सरकार के शीर्ष पदों पर आ जाते हैं, तो स्वाभाविक रूप से यह आशंका पैदा होती है कि क्या चुनाव के दौरान उनकी भूमिका वास्तव में निष्पक्ष थी।

विकसित लोकतांत्रिक देशों में इस मुद्दे को गंभीरता से लिया जाता है। अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और फ्रांस जैसे देशों में घूमने वाला दरवाजा को नियंत्रित करने के लिए सख्त कूलिंग-ऑफ पीरियड लागू हैं। अमेरिका में पूर्व सीनेटर दो साल और कांग्रेस सदस्य एक साल तक लॉबिंग नहीं कर सकते। कनाडा में मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के लिए 1 से 5 साल तक की कूलिंग-ऑफ अवधि है, जिसमें पूर्व संबंधों वाले संगठनों या पदों पर नियुक्ति प्रतिबंधित होती है। ब्रिटेन में ACOBA जैसी संस्थाएं सलाह देती हैं, जबकि कई यूरोपीय देशों में पूर्व अधिकारियों को अपने पुराने विभागों से संबंधित मामलों में तुरंत शामिल होने से रोका जाता है। इन देशों का उद्देश्य यही है कि चुनाव या प्रशासनिक भूमिका निभाने वाले व्यक्ति बाद में सत्ता के करीबी पदों पर जाकर निष्पक्षता की धारणा को क्षति न पहुंचाएं।



विपक्षी दलों, खासकर तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस के लिए यह नियुक्ति 'न्यूट्रल अंपायर को इनाम' जैसी लग रही है। SIR प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची संशोधन को लेकर पहले से ही TMC ने पक्षपात के आरोप लगाए थे। अब वही अधिकारी नई भाजपा सरकार के करीबी पदों पर होने से विपक्ष का विश्वास और टूट रहा है। राहुल गांधी जैसे नेताओं द्वारा इसे 'चोर बाजार' कहना इसी गहरी निराशा और पूर्वाग्रह की भावना को दर्शाता है।

लोकतंत्र में हारे हुए पक्ष को यह लगना स्वाभाविक है कि पूरी प्रक्रिया पहले से तय थी। हालांकि विपक्ष की शिकायतों में hypocrisy भी है, क्योंकि जब वे सत्ता में थे, तब भी इसी तरह के आरोप लगते रहे हैं। फिर भी जनता का भरोसा सिर्फ कानूनी औचित्य पर नहीं टिका होता। संवैधानिक नैतिकता (Constitutional Morality) का मूल सिद्धांत यही है कि शक्तियों का प्रयोग न केवल कानून के अनुसार बल्कि नैतिकता और निष्पक्षता की धारणा को बनाए रखते हुए होना चाहिए। जब चुनाव कराने वाले प्रमुख अधिकारी तुरंत सत्ता संरचना का हिस्सा बन जाते हैं, तो 'रिवॉल्विंग डोर' की आशंका मजबूत होती है और चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की विश्वसनीयता कमजोर पड़ती है।

जनता का विश्वास तभी बना रहेगा जब निष्पक्षता न केवल हो बल्कि दिखाई भी दे। विकसित देशों के अनुभव से सीखते हुए यदि लगातार ऐसे संयोग होते रहेंगे, तो आम अवजमत को यह शंका गहराएगी कि चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया कम और प्रशासनिक निवेश ज्यादा बनते जा रहे हैं। समाधान के रूप में चुनाव प्रक्रिया से सीधे जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों के लिए कम से कम एक-दो साल का कूलिंग-ऑफ पीरियड, ECI की स्वायत्तता को और मजबूत करना तथा SIR जैसी संवेदनशील प्रक्रियाओं में अधिक न्यायिक निगरानी आवश्यक है।

निष्कर्ष रूप में, पश्चिम बंगाल की ये नियुक्तियां लोकतंत्र को तुरंत तोड़ नहीं रही हैं, लेकिन 'दिखने वाली निष्पक्षता' को निश्चित रूप से क्षति पहुंचा रही हैं।

संवैधानिक नैतिकता तभी मजबूत होगी जब सत्ता और विपक्ष दोनों संस्थाओं को अपने संकीर्ण हितों से ऊपर रखेंगे और विश्व के अन्य विकसित लोकतंत्रों की तरह नैतिक परंपराओं को मजबूत करेंगे। अन्यथा हर चुनाव जनता के मन में सवाल छोड़ता जाएगा और लोकतंत्र की नींव कमजोर होती जाएगी।

### अवैध शराब के साथ तस्कर दबोचा

**नगीना।** दस मई को थाना नगीना के उप-निरीक्षक प्रवीण कुमार अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम डेलपुरा का रहने वाला मोहित कुमार, जो पहले भी शराब तस्करी में पकड़ा जा चुका है, नगीना से शराब लेकर अपने गांव की ओर जा रहा है। सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस टीम ने डेलपुरा मार्ग पर स्थित सैयद के पास जाल बिछाया। कुछ ही देर में फिरोजी रंग की शर्ट पहने एक युवक हाथ में थैला लिए आता दिखाई दिया। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे सैयद के मोड़ पर दबोच लिया। तलाशी के दौरान आरोपी मोहित कुमार (30 वर्ष), पुत्र बेगराज सिंह, के पास मौजूद थैले से 22 पाउच अवैध देशी शराब (मसाला, 200 मिली) बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि गांव में शराब का ठेका दूर होने के कारण वह ऊंचे मुनाफे के लालच में अवैध रूप से शराब बेचता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना उप-निरीक्षक प्रशांत सिंह को सौंपी गई है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता स्व. पं. रघुनाथ प्रसाद ने अपनी सम्पत्ति मकान नं. 315 स्थित मौहल्ला कटारमल, कस्बा चांदपुर, जिला बिजनौर (उ.प्र.) को एक मूल वसीयत दिनांक 05.09.1979 द्वारा अपने पुत्र अमरनाथ के हक में कर दिया था। मूल वसीयत को दिनांक 06.09.1979 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय बिजनौर में रजिस्टर्ड किया गया था। सब रजिस्ट्रार द्वारा जारी मूल वसीयत की सर्टिफाईड कॉपी सिविल न्यायालय बिजनौर में दाखिल है। मूल वसीयत एक ब्रीफकेस में रखी थी। दिनांक 18.04.2026 में रोडवेज की बस से चांदपुर जाते समय ब्रीफकेस कहीं रास्ते में गुम हो गया। ब्रीफकेस के साथ मूल वसीयत भी गुम हो गयी। बहुत तलाश करने पर भी ब्रीफकेस नहीं मिला। मूल वसीयत का किसी अन्य व्यक्ति द्वारा दुरुपयोग रोकने के लिए इसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना चांदपुर में जीडी नं. 079/समय 17:25 पर दिनांक 18.04.2026 में दर्ज की गयी। मकान नं. 315 की बैठक के स्व. सत्यवती द्वारा अनाधिकृत विक्रेता मोहित वशिष्ठ से कराये गये फर्जी बैनामे के निरस्तीकरण का वाद सिविल न्यायालय बिजनौर में विचाराधीन है। किसी व्यक्ति द्वारा उक्त मकान की खरीद-फरोख्त करने पर वह अपने नुकसान का स्वयं जिम्मेदार होगा। **अमरनाथ पुत्र स्व. पं. रघुनाथ प्रसाद, मौहल्ला कटारमल, कस्बा चांदपुर, जिला बिजनौर (उ.प्र.)**

**सार्वजनिक सूचना नाम परिवर्तन**

मैं, वरिंदर कौर (Varindra Kaur), पत्नी गुरमुख सिंह एवं पुत्री बलवीर सिंह, निवासी सैयदबाड़ा, नगीना, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश (आधार संख्या: 7790 7731 2607), यह सूचित करती हूं कि मेरे LIC के कागजात (पॉलिसी नंबर 255474927) में मेरा नाम चरविन्द्र कौर (Charvinder Kaur) दर्ज है। वास्तव में वरिंदर कौर और चरविन्द्र कौर एक ही महिला के नाम हैं। भविष्य में मुझे मेरे आधार कार्ड में दर्ज सही नाम वरिंदर कौर से ही जाना व पहचाना जाए।

## अजयपाल ब्लॉक अध्यक्ष व गोपाल बने संरक्षक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नजीबाबाद।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ से सम्बद्ध उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की नजीबाबाद ब्लाक शाखा के लिए प्राथमिक विद्यालय टांडा के प्रधानाध्यपक अजय पाल अध्यक्ष तथा वरिष्ठ शिक्षक नेता मदन गोपाल चौहान संरक्षक बनाए गए। जूनियर हाईस्कूल नजीबाबाद में आयोजित शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी में संघ के जिलाध्यक्ष सुधाकर चौधरी ने शपथ दिलाई। इस अवसर पर संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन, प्रांतीय संगठन मंत्री नौबहार सिंह, अमित कुमार त्यागी, तनवीर अहमद, ज्योति प्रकाश गहलौत, मौहम्मद सफी, रामनाथ सिंह, अनुराग पांडेय, राजू सिंह, संदीप शर्मा, सुखदेव, शिवराज, सुशील कुमार, आमिर अली, नादिर, दलिशाद, नरेश कुमार, शहला अंजुम, सरताज परवीन, रिजवान अहमद, मुकेश देवरानी, नितिन कुमार, सुभाषचंद, हरी सिंह, भारत सिंह आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। अध्यक्षता मदन गोपाल चौहान ने की। संचालन मोबीन हसन ने किया।

## पैदल मार्च में बुलंदशहर पहुंचे भाकियू कार्यकर्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति द्वारा किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जनपद बुलंदशहर में प्रदेश स्तरीय पैदल मार्च में बिजनौर से संगठन कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष आमिर पठान के नेतृत्व में भाग लिया। बिजनौर की टीम का राष्ट्रीय कार्यालय पर पहुंचने पर जिलाध्यक्ष आमिर पठान की अगवानी में राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह के समक्ष बिजनौर के किसानों की विभिन्न समस्याओं को रखा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह ने बुलंदशहर पहुंचने पर भाकियू महाशक्ति के जिलाध्यक्ष आमिर पठान व टीम का आभार व्यक्त करते हुए जोरदार स्वागत किया एवं बिजनौर के किसानों की समस्याओं के लिए हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। गौरतलब है कि सोमवार को भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय कार्यालय से लेकर डीएम कार्यालय बुलंदशहर तक सैकड़ों की संख्या में किसानों ने पैदल मार्च में भाग लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सीएम के नाम ज्ञापन डीएम बुलंदशहर को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गंगा एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए अधिग्रहण की जा रही किसानों की जमीन का किसानों को नोएडा की तर्ज पर 4350 रुपए प्रति वर्ग गज के हिसाब से मुआवजा देने सहित बुलंदशहर-बदायूं स्टेट हाईवे पर उतार चढ़ाव आदि व प्रदेश के किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा। इस मौके पर भाकियू महाशक्ति जिलाध्यक्ष आमिर पठान, शेख मौहम्मद यूसुफ, टिंकू चौहान, ग्राम प्रधान धनौटी हेमराज सिंह चौहान उर्फ छोटू, ठेकेदार राजवीर सिंह चौहान भनौटी, मौहम्मद अरशद खान, अरबाज खान आदि दर्जनों कार्यकर्ता ने भाग लिया।

## एक नजर

### पुलिसकर्मियों को डिजिटल जनगणना का प्रशिक्षण



**नहटौर।** थाने में आज पुलिस बल के लिए डिजिटल स्व-जनगणना प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। राजस्व विभाग के अधिकारियों ने स्व-गणना प्रक्रिया और डिजिटल माध्यमों के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार विजय कुमार सिंह ने मुख्य रूप से शिरकत की। उन्होंने पुलिस कर्मियों को बताया कि आधुनिक जनगणना प्रक्रिया पेपरलेस और डिजिटल बनाई जा रही है। श्री सिंह ने स्व-गणना पोर्टल के उपयोग और मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा फीड करने के सुरक्षित तरीकों को विस्तार से समझाया। उन्होंने डिजिटल साक्षरता पर जोर दिया। प्रशिक्षण टीम में कानूनगो ओमवीर सिंह और हल्का लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि भी शामिल थे। ओमवीर सिंह ने बताया कि स्व-गणना से न केवल समय की बचत होती है, बल्कि डेटा की सटीकता भी सुनिश्चित होती है। हल्का लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि ने फॉर्म भरने के दौरान आने वाली तकनीकी समस्याओं और उनके समाधान के बारे में जानकारी साझा की। अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को मोबाइल पर पोर्टल खोलकर व्यावहारिक जानकारी भी दी। इस दौरान थाने के सभी पुलिसकर्मी अपने मोबाइल फोन के साथ उपस्थित रहे और डिजिटल प्रक्रिया को बारीकी से समझा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पुलिस बल का डेटा समय पर और सही तरीके से अपडेट होना प्रशासन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर थाना प्रभारी सहित समस्त पुलिस स्टाफ और राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### व्यापारी सुरक्षा फोरम की बैठक



**नजीबाबाद।** व्यापारी सुरक्षा फोरम की एक विशेष बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में ऑनलाइन मार्केटिंग से प्रभावित हो रहे स्थानीय बाजार और नजीबाबाद में जल्द खुलने वाले बिलिंग किट के विरोध पर चर्चा की गई। सभी व्यापारियों ने इन मुद्दों पर अपने विचार रखे। माहेश्वरी धर्मशाला, नजीबाबाद में आयोजित इस आवश्यक बैठक में बिलिंग किट के खुलने को लेकर गहन विचार-विमर्श हुआ। उपस्थित सभी सदस्यों ने इसका कड़ा विरोध जताया। फोरम ने निर्णय लिया है कि आगामी शुक्रवार को इस संबंध में एसडीएम नजीबाबाद को एक ज्ञापन सौंपा जाएगा और विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। यह बैठक व्यापारी सुरक्षा फोरम के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल के नेतृत्व में संपन्न हुई। इसमें संरक्षक उमापति गर्ग भी उपस्थित रहे, जबकि संचालन सिकंदर खान ने किया। बैठक में अनुज अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, शक्ति कुमार गर्ग, सादाब, सहजाद अंसारी, तरुण अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, आदिल, हार्दिक अग्रवाल, अनमोल अग्रवाल, जुगल अग्रवाल, शौर्य अग्रवाल, अर्पित, मुकेश जिंदल, हेमराज सिंह, नीरज सिंघल, अलाउद्दीन, अनुज, जैनुलाब्दीन, हाजी शहजाद, हरेंद्र सिंह सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद थे।

## अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस : सेवा, समर्पण और मानवता का उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** हर साल 12 मई को पूरी दुनिया अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस मनाती है। यह दिन केवल एक तारीख नहीं, बल्कि उन लाखों नर्सों के अथक परिश्रम, करुणा और समर्पण का सम्मान है, जो हर परिस्थिति में मरीजों की देखभाल को अपनी प्राथमिकता बनाती हैं।



नर्सें छोटे-छोटे क्लिनिक से लेकर दुनिया के बड़े-बड़े अस्पतालों तक स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं। नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की धड़कन है। एक डॉक्टर होने के नाते मैं यह बात पूरे विश्वास से कह सकता हूं कि किसी भी उपचार की सफलता में नर्सों की भूमिका उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी दवाइयों या सर्जरी की। नर्सें केवल इंजेक्शन लगाने या दवाइयां देने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे मरीज की आशा, सहारा और सुरक्षा बनती हैं। बीमार व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाना, दर्द में साथ देना, रात भर जागकर मरीज की निगरानी करना, यह सब केवल कर्त्तव्य नहीं बल्कि एक मानवीय संवेदना है, जो हर नर्स के भीतर स्वाभाविक रूप से बसती है। अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिवस पर मनाया जाता है। उन्होंने दुनिया को यह सिखाया कि सेवा और अनुशासन मिलकर कैसे स्वास्थ्य सेवा को नई दिशा दे सकते हैं। आज भी हर नर्स उनके सिद्धांतों को अपने कार्य में जीवंत रखती है। हमारे जनपद के अस्पतालों में कार्यरत नर्सें सीमित संसाधनों के बावजूद जिस तरह से मरीजों की देखभाल करती हैं, वह प्रेरणादायक है। चाहे सरकारी अस्पताल हो या निजी, हर जगह नर्सें अपने कर्त्तव्य को पूरी निष्ठा से निभाती हैं। हम सभी ने कोविड 19 के मुश्किल समय में नर्सों की असली शक्ति देखी थी। महामारी के दौरान नर्सें अपनी जान की परवाह किए बिना सबसे आगे खड़ी रहीं। उन्होंने अपने परिवारों से दूर रहकर, जोखिम उठाकर, दिन-रात मरीजों की सेवा की और हजारों लाखों लोगों की जान बचाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। उनकी यह बहादुरी हमेशा इतिहास में दर्ज रहेगी। इस दिन हमें यह भी सोचना चाहिए कि नर्सों को बेहतर कार्य, परिस्थितियां, सम्मान और सहयोग कैसे दिया जाए। उनकी मानसिक और शारीरिक थकान को समझना और उन्हें प्रोत्साहित करना समाज का कर्त्तव्य है। अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस हमें याद दिलाता है कि स्वास्थ्य.सेवा केवल दवाइयों और मशीनों से नहीं चलती, यह चलती है नर्सों के धैर्य, करुणा और समर्पण से। मैं जिला बिजनौर और देश दुनिया की सभी नर्सों को हृदय से धन्यवाद देता हूं। आप ही वह शक्ति हैं, जो हर मरीज को स्वस्थ होने की राह दिखाती है। आपका योगदान अमूल्य है। आपका समर्पण प्रेरणा है। आपकी सेवा मानवता का सबसे सुंदर रूप है। समाज हमेशा आपका ऋणी रहेगा।

# एक दिन की डीएम बनी सृष्टि चौहान

## महिला जनसुनवाई में आए फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के अंतर्गत राखी मेमो. रियल विद्या निकेतन गर्ल्स इंटर कॉलेज की 11वीं कक्षा की मेधावी छात्रा सृष्टि चौहान पुत्री सीताराम चौहान, निवासी ग्राम मानियावाला गढ़ी, ब्लॉक अफजलगढ़ को एक दिन के लिए सांकेतिक डीएम बनाया गया।



इस मौके पर सृष्टि चौहान ने डीएम कार्यालय पहुंचकर विभिन्न प्रशासनिक कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा जनसुनवाई, कार्यालय संचालन एवं विभागीय कार्यप्रणाली को निकट से समझा। डीएम द्वारा उन्हें प्रशासनिक जिम्मेदारियों एवं शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में भी अवगत कराया गया। सांकेतिक डीएम सृष्टि द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में महिला जनसुनवाई में आए फरियादियों की समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुनकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को सभी शिकायतें पूर्ण गुणवत्ता एवं निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत निस्तारित करने के लिए निर्देश दिए। इस दौरान डीएम जसजीत कौर द्वारा सरकार के मिशन शक्ति कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को प्रोत्साहित, मजबूत और उनमें आत्मविश्वास पैदा करना है। उन्होंने आह्वान किया कि महिलाएं खुद को कमजोर न समझें और स्वयं को शिक्षित एवं सशक्त बनाते हुए देश और समाज के निर्माण अपनी भूमिका निभाएं।

इस मौके पर आईसीडीएस रविता राठी, प्रधानाचार्या राखी मेमोरियल विद्या निकेतन गर्ल्स इंटर कॉलेज संध्या शर्मा आदि मौजूद थे।

# जोगीपुरा दरगाह में 21 मई से सालाना मजलिस

## जायरीनों की सुविधा के लिए तैयारियां युद्ध स्तर पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शिया धर्म गुरु मौलाना शबाब नकवी प्रशासक दरगाह ए आलिया नज्फ ए हिंद जोगीपुरा ने बताया कि सालाना मजलिस 21 मई से शुरू हो रहीं हैं।





इसके मद्देनजर दरगाह पर आने वाले जायरीनों की सहुलियत के लिए व्यस्था दुरुस्त करने का सिलसिला युद्ध स्तर पर चल रहा है। जिसमे खास तौर पर नालों की सफाई और रंगाई-पुताई और खेतों की जमीन को टेंट के लिए समतल किया जा रहा है। वहीं लाइट की व्यवस्था के लिए बल्लियों को लगाने का कार्य जारी है, ताकि आने वाले जायरीनों को किसी तरह की मुश्किल का सामना न करना पड़े। प्रशासक मौलाना शबाब नकवी ने बताया हमारी प्राथमिकता है कि किसी भी जायरीन को किसी तरह की कोई तकलीफ ना हो। बिजली, पानी, साफ-सफाई वगैरा का पूरा ख्याल रखा जाएगा और दरगाह पर इंतजामिया द्वारा तकरीबन सारे एहम कामों को ध्यान में रखते हुए तेजी से काम किया जा रहा है, ताकि आने वाली मजलिसों में बेहतर इंतजाम हो सके और एक खूबसूरत तरीके से इस साल की सालाना मजलिसें मुनाकिद हों सकें। दरगाह पर आने वाले जायरीनों की बड़ी तादाद को देखते हुए सीवर लाइन के बड़े पाइप लगवाए जा रहे हैं और नए स्तर पर शौचालय बनाने का काम जारी है। वहीं बड़े सीवर टैंक के चारों तरफ बाउंड्री कराई जा रही है, ताकि किसी भी तरीके की दुर्घटना को रोका जा सके। मौलाना ने बताया कि आने वाली इन मजलिसों में प्रशासन हमारे साथ पूरी तरीके से सहयोग कर रहा है और इंशाल्लाह इन मजलिसों को कामयाब बनाने में प्रशासन का अहम रोल रहेगा।

# मकान ध्वस्तीकरण को लेकर विवाद

## पीड़ित परिवार ने प्रशासन से लगाई न्याय की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शेरकोट क्षेत्र के ग्राम हाफिजाबाद शर्की में एक परिवार ने अपने मकान को बिना नोटिस और बिना किसी सरकारी आदेश के ध्वस्त कराए जाने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में पीड़ित परिवार ने परगनाधिकारी धामपुर को प्रार्थना पत्र देकर निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।



प्रार्थना पत्र में गांव निवासी सोमपाल सिंह कश्यप पुत्र परवीन सिंह कश्यप ने आरोप लगाया है कि वह अपने पुश्तैनी मकान में जीवन यापन कर रहे हैं और मकान की मरम्मत का कार्य करा रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान क्षेत्र के हल्का लेखपाल ने मकान को ग्राम समाज की भूमि पर बताते हुए पहले कथित रूप से धनराशि की मांग की। पीड़ित का कहना है कि पहले 20 हजार रुपये लिए गए और बाद में 30 हजार रुपये की अतिरिक्त मांग की गई।

पीड़ित के अनुसार निर्धारित समय में धनराशि न देने पर 11 मई को कथित रूप से बिना किसी सरकारी आदेश या पूर्व सूचना के जेसीबी मशीन से मकान ध्वस्त करा दिया गया। उस समय परिवार के सदस्य मौके पर मौजूद नहीं थे। घटना के बाद परिवार को भारी मान. सिक आघात पहुंचा है और रहने की समस्या खड़ी हो गई है।

पीड़ित परिवार का कहना है कि घटना की जानकारी मिलने पर गांव के बड़ी संख्या में लोग उनके समर्थन में सामने आए और प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की। ग्रामीणों ने मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है।

इस मामले में पीड़ित ने परगनाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए कहा है कि यदि मकान सरकारी भूमि पर था तो नियमानुसार नोटिस और कानूनी प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए थी। बिना प्रक्रिया अपनाए कार्रवाई किए जाने से परिवार खुद को असहाय महसूस कर रहा है।

हालांकि, मामले में प्रशासनिक पक्ष सामने आना अभी बाकी है। आधिकारिक प्रतिक्रिया मिलने के बाद स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

# भूपेंद्र चौधरी के मंत्री बनने पर जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट विस्तार में पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने के बाद पश्चिमी उ.प्र.में भाजपा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों में उत्साह का माहौल है।



## पंचायत चुनाव को लेकर सरकार से बड़ी मांग

नजीबाबाद ब्लॉक प्रमुख कार्यालय पर आज ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने एकत्र होकर खुशी जताई। इस दौरान मिठाई बांटी गई और भाजपा नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के बीच पंचायत चुनाव को लेकर भी बड़ा मुद्दा उठाया गया, जहां जनप्रतिनिधियों ने सरकार से जल्द चुनाव कराने और प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग की।

नजीबाबाद ब्लॉक प्रमुख कार्यालय पर बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य पहुंचे। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर भूपेंद्र चौधरी को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर खुशी जाहिर की। उपस्थित लोगों ने इसे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के राजनीतिक संतुलन और भाजपा संगठन के लिए अहम कदम बताया। कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने पीएम और सीएम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने पश्चिमी उ.प्र. को मजबूत प्रति. निधित्व देकर कार्यकर्ताओं का सम्मान बढ़ाया है। ग्राम प्रधानों का कहना था कि भूपेंद्र चौधरी को मंत्री बनाए जाने से पश्चिमी उ.प्र. में भाजपा की पकड़ और मजबूत होगी। उनका मानना है कि इससे क्षेत्र में पार्टी का जनाधार बढ़ेगा और संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान सभी जनप्रतिनिधियों ने एसडीएम नजीबाबाद को एक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में प्रदेश सरकार से पंचायत चुनाव जल्द कराने की मांग की गई। प्रधानों ने कहा कि पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की निरंतरता बनाए रखने के लिए समय पर चुनाव होना जरूरी है।

ग्राम प्रधानों ने यह भी मांग उठाई कि यदि किसी कारणवश पंचायत चुनाव समय पर नहीं हो पाते हैं, तो प्रधानों के स्थान पर अधिकारियों की नियुक्ति न की जाए। उनका कहना था कि जनता से सीधा जुड़ाव रखने वाले जनप्रतिनिधियों की जगह सरकारी कर्मचारियों को बैठाना लोकतांत्रिक भावना के विपरीत होगा।

इस दौरान प्रधान सतपाल सिंह, धूम सिंह, इरफान अहमद, प्रधान लड़ी, अर्जुन सिंह, अर्पण सिंह, धीर सिंह, रूपराम, हरजिंदर कौर, धर्मवीर सिंह, अध्यक्ष सुनील कुमार और नरेंद्र सिंह सहित कई ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पंचायत व्यवस्था और क्षेत्रीय राजनीति को लेकर भी चर्चा होती रही।

## एक नजर

### मंदिर के स्थापना दिवस पर हवन

**नजीबाबाद।** नीलकंठ महादेव मंदिर रमेशनगर का 24वां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पंडित हरीश भट्ट ने विधिवत पूजा-अर्चना कराई। यजमान विजेन्द्र कुमार शर्मा एवं उनकी पत्नी श्रीमती शशिप्रभा शर्मा ने श्रद्धापूर्वक हवन-पूजन कराया। हवन में श्रद्धापूर्वक आहुति के बाद आरती के समापन कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर भजन कीर्तन किया गया। इस धार्मिक अवसर पर मोना, सुमन वर्मा, संगीता अग्रवाल, शकुंतला वैश्य, रूपम, माया वर्मा, सुशील, पुष्पा वर्मा, रचना, मीनाक्षी, भावना, ऋचा अग्रवाल, आस्था रानी, सुधा अग्रवाल, रेखा राठी, राम कक्कड़, रमेश वर्मा, सचिन अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, विजय वर्मा, सुमित वर्मा, अतर सिंह, हिमांक अग्रवाल, पंडित सुनील शर्मा, निर्मला, शशि ग्रोवर आदि मौजूद रहे।

### पशुशाला में गुलदार देखे जाने से दहशत



**नांगल सोती।** बीती रात एक गुलदार नांगल क्षेत्र के ग्राम महमसा. पुर में किसान उदल सिंह की पशुशाला में घुस गया, गुलदार की आहट से किसान की आंख खुल गई, जिसके बाद किसान का शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद सभी ने गुलदार को भगाने के लिए शोर मचाया, जिसके बाद गुलदार जंगल की ओर भाग गया। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार को पकड़े जाने की मांग की है। सामाजिक वानिकी दरोगा विकास कुमार ने बताया कि गुलदार के स्थान को चिह्नित करके जल्द ही गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाएगा।

### सड़क हादसे में दो घायल





**चांदपुर।** एक डंपर चालक ने बस अड्डे के पास खड़ी दो ई-रिक्शाओं को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा में बैठे दोनों चालक खुर्शीद व तसलीम बुरी तरह घायल हो गए हैं। इस टक्कर से बस अड्डे पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने घायल रिक्शा चालकों को तुरंत सीएचसी पहुंचाया। गंभीर घायल ई रिक्शा चालक खुर्शीद को बिजनौर के लिए रेफर कर दिया गया है। तसलीम को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। डम्पर चालक की कोई जानकारी नहीं मिल सकी।

### आकाशीय बिजली गिरने से पेड़ क्षतिग्रस्त



**अफजलगढ़।** आज सुबह करीब नौ बजे अचानक मौसम बदल गया। आसमान में काले बादल छा गए और तेज गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान ग्राम पुक्खेवाला निवासी जाकिर हुसैन पुत्र मेंहदी हसन उर्फ भोले के घर के बाहर खड़े जामुन के पेड़ पर तेज धमाके के साथ आकाशीय बिजली गिर गई। बिजली गिरने से पेड़ की कई शाखाएं टूटकर नीचे गिर पड़ीं। आकाशीय बिजली के प्रभाव से जाकिर हुसैन के घर में रखे मोबाइल, फ्रिज, वाशिंग मशीन, इनवर्टर, एलसीडी, पंखे कई उपकरण जल गए। जाकिर हुसैन ने बताया कि घटना से उन्हें भारी नुकसान हुआ है। बताया गया कि पड़ोसी इस्लामुद्दीन, मौलाना हसीनुद्दीन, मौहम्मद रफी, हाजी ताहिर हुसैन समेत करीब दस से बारह घरों में भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो गए। घटना के समय जाकिर हुसैन के घर पर परिवार के अलावा उनके दामाद मौहम्मद वसीम, पुत्री हिना परवीन तथा बच्चे आमिर, समीर, आयशा और शहनूर भी मौजूद थे। तेज धमाके के कारण गांव में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने प्रशासन से नुकसान का आकलन कर पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

### मौसम का मिजाज बदला



**बिजनौर।** आज सुबह मौसम ने अचानक करवट ले ली। सुबह आसमान में घने काले बादल छा गए और कुछ ही देर बाद हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई, जो बाद में तेज बारिश में बदल गई। बारिश होने से भीषण गर्मी से परेशान लोगों को राहत मिली और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। पिछले कई दिनों से जिले में तेज गर्मी पड़ रही थी, जिसके कारण लोग दिन में घरों से निकलने से बच रहे थे। कई इलाकों में बिजली कटौती की समस्या भी सामने आ रही थी। मंगलवार सुबह करीब आठ बजे मौसम बदला और सवा आठ बजे से बारिश शुरू हो गई। बारिश से जहां आम लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं मजदूर वर्ग को परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह काम पर निकले कई मजदूरों का काम बारिश के कारण रुक गया और उन्हें वापस लौटना पड़ा। दूसरी ओर किसानों ने इस बारिश को फसलों के लिए लाभकारी बताया है। उनका कहना है कि गन्ना, आम और अन्य फसलों को इससे फायदा मिलेगा। कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के अनुसार पिछले दिनों जिले का अधिकतम तापमान 32.2 से 33.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 से 22.2 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। साथ ही सापेक्ष आर्द्रता 90 प्रतिशत से अधिक रहने के कारण मौसम में नमी बनी हुई है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना जताई है।

# खंडहरनुमा मकान में तेज आवाज के साथ धमाके से मची अफरा-तफरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** खंडहर नुमा मकान में तेज आवाज के साथ हुए विस्फोट से आसपास क्षेत्र में हड़कमप मच गया। धमाके से मकान पूरी तरह मलबे में तब्दील हो गया। जबकि आसपास गांवो में दहशत का माहौल हो गया।

रजपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम इशाकपुर में जिला बुलंदशहर के ग्राम मुबारकपुर निवासी श्यौराज पुत्र लाल का मकान करीब चार साल से खंडहर हालत में पड़ा हुआ था। इसमें गांव के मनोज पुत्र गनपत एवं प्रकाश पुत्र मदनलाल ने अपनी आधा दर्जन भैंसो को बांध रखा था।मंगलवार को अचानक खंडहर में तेज धमाके के साथ विस्फोट हो गया। विस्फोट के बाद उठी तेज लपटों और गर्मी की चपेट में आकर आधा दर्जन से अधिक पशु झुलस गए। धमाका की तीव्रता इतनी थी कि आसपास के काफी घरों में दरारें आ गईं, जबकि खिड़कियों के शीशे टूट गए और लोगों के घरेलू सामान को भी नुकसान पहुंचा। जबकि धमाके की आवाज सुनकर महिलाएं और बच्चे हड़बड़ाहट में घरों से बाहर निकल आए। मौके पर चीख-पुकार और भगदड़ के हालात बन गए। घटना की सूचना मिलते ही रजपुरा थाना पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एएसपी मनोज कुमार रावत और फॉरेंसिक टीम भी गांव पहुंची। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए और धमाके के कारणों की जांच शुरू कर दी। ग्रामीणों का कहना है कि इशाकपुर में यह दूसरा धमाका है। पहले भी गांव में विस्फोट की वारदात हो चुकी है, लेकिन अब तक स्पष्ट कारण सामने नहीं आ सके हैं। लगातार दूसरी घटना के बाद ग्रामीणों में भय और आक्रोशित दिखायी दे रहे हैं।बताते चलें कि करीब एक माह पहले गांव निवासी अजयपाल के घर में आतिशबाजी बनाते समय तेज धमाका हुआ था। धमाके में अजयपाल के बेटे योगेश की पुत्री दीक्षा की मौत हो गई थी, जबकि उसकी छोटी बहन गंभीर रूप से झुलस गई थी। घटना के बाद से ही गांव में बारूद और आतिशबाजी सामग्री रखे होने की चर्चाएं चल रही थीं।



सम्भल। रजपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम इशाकपुर में विस्फोट से मलबा बना खंडहरनुमा मकान।

# छात्र-छात्राओं को सड़क संकेतों की दी जानकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** यातायात जागरूकता अभियान में बच्चों को छात्र-छात्राओं को सड़क संकेतों को विस्तार से समझाया गया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शंकर भूषण शरण इंटर कॉलेज में यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। हादसों में कमी लाने को आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में अभियान प्रभारी यातायात जगरोशन सिंह और मुख्य आरक्षी सचिन कुमार एवं आरक्षी बीनू ने भाग लिया। अभियान के अंतर्गत स्कूली बच्चों को सड़क संकेतों के बारे में विस्तार से समझाया गया ओर चौराहों पर लगी लाल, पीली ,हरी लाइट के बारे में समझाया गया। जबकि बच्चों को समझाया गया कि हमें वाहन चलाते समय भी यातायात नियमों का पालन करना है। पैदल चलते समय भी यातायात नियमों का पालन करना है। मुख्य आरक्षी सचिन कुमार ने विस्तार से भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही राह-वीर (नेक व्यक्ति) योजना के बारे में बताया कि अगर किसी दुर्घटना में घायल गंभीर व्यक्ति को गोल्डन आवर के अंदर अस्पताल पहुंचा देते है और उसकी जान बच जाती है तो उसे 25000 की इनामी राशि और प्रशंसा पत्र भी दिया जाएगा और बच्चों को बताया कि आप देश का भविष्य है। जीवन अनमोल है आप जीवन में तभी सफल हो सकते है जब सड़क पर सुरक्षित रहेंगे।

0 यातायात जागरूकता अभियान

# मंडल में 65113 बेसहारा पशुओं को मिला सहारा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मंडल में बेसहारा और निराश्रित गोवंशों के संरक्षण की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। मंडलायुक्त आंजनेय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित गो आश्रय स्थलों की समीक्षा बैठक में आंकड़ों ने मंडल की एक बेहद सकारात्मक और मजबूत मिसाल पेश की। वर्तमान में मण्डल के 218 गो आश्रय स्थलों में कुल 65,113 गोवंशों को सुरक्षित आश्रय प्रदान किया जा चुका है। मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना के तहत मण्डल ने अभूतपूर्व सफलता दर्ज करते हुए निर्धारित लक्ष्य 4125 के मुकाबले 7703 गोवंशों को पशुपालकों की सुपुर्दगी में देकर 186.76 प्रतिशत का आंकड़ा छू लिया है। इसके साथ ही, गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने, हरे चारे की आपूर्ति सुनिश्चित करने और गर्मियों में गोवंशों के बचाव के लिए भी जमीनी स्तर पर व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

## सम्भल में सबसे अधिक गोवंश सड़कों पर बचे चंद पशु

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार, मंडल में सम्भल जिला गोवंश संरक्षण में सबसे आगे है, जहां सर्वाधिक 27,768 गोवंश संरक्षित किए गए हैं। इसके बाद बिजनौर में 14,658, मुरादाबाद में 10,781, अमरोहा में 8,647 और रामपुर में 3,259 गोवंशों को आश्रय मिला है। प्रशासन की मुस्तैदी का ही नतीजा है कि मण्डल के शहरी और ग्रामीण इलाकों को मिलाकर अब केवल 684 निराश्रित गोवंश ही ऐसे बचे हैं, जिन्हें आश्रय स्थलों तक पहुंचाना बाकी है। इनमें ग्रामीण क्षेत्रें के 471 और शहरी क्षेत्रें के 213 गोवंश शामिल हैं, जिन्हें जल्द ही संरक्षित करने की योजना है।

## चारे की पुख्ता व्यवस्था, नेपियर घास से हरियाली

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** गोवंशों के भरण-पोषण के लिए भूसा संग्रहण और हरा चारा उगाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मंडल में कुल 5,36,396.2 कुंतल भूसा संग्रहण के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 4,24,478 कुंतल द्ध79.14 प्रतिशत भूसे की व्यवस्था की जा चुकी है। इसमें अमरोहा जनपद ने अपने लक्ष्य का 100.31 प्रतिशत और मुरादाबाद ने 94.64 प्रतिशत हासिल कर लिया है। हरे चारे की निर्बाध आपूर्ति के लिए 372.62 हेक्टेयर गोचर भूमि पर चारा उत्पादन किया जा रहा है। इसके अलावा विशेष अभियान चलाकर बाबूगढ़ प्रक्षेत्र, हापुड़ से नेपियर रूट और स्लिप मंगाकर लाभार्थियों को बांटी गई हैं इसके तहत कुल 6,10,000 रूट का वितरण कर 16 हेक्टेयर क्षेत्रफल को आच्छादित किया गया है।

## गोशालाएं बन रहीं आत्मनिर्भर, गोबर से हो रही बम्पर कमाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** गो आश्रय स्थलों को केवल सरकारी अनुदान पर निर्भर रखने के बजाय उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। मुरादाबाद, अमरोहा और रामपुर के कान्हा और वृहद गो संरक्षण केंद्रों में सीबीजी द्धगोबर गैस प्लांटऋ स्फलतापूर्वक काम कर रहे हैं। रामपुर के गो आश्रय स्थल किरा में तो गोबर गैस प्लांट से 15 केवी का जनरेटर भी चलाया जा रहा है। गो उत्पाद और गोबर की बिक्री से मंडल में अच्छी आय हो रही है। रामपुर ने गोबर प्रबंधान से सर्वाधिाक 6,17,636 रुपये, अमरोहा ने 5,40,600 रुपये और मुरादाबाद ने 82,829 रुपये की आय प्राप्त की है। इसके अलावा मुरादाबाद, बिजनौर और सम्भल में गोबर से लकड़ी (गोकास्ट), मूर्तियां, दीये और धूपबत्ती तैयार की जा रही है।

# परिवार को बेसुध कर दुल्हन नकदी व गहने लेकर फरार

0पुलिस को तहरीर देकर लगाया ठगी करने का आरोप

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** शादी के मात्र 10 दिन बाद ही नवविवाहिता घर से नकदी और लाखों रुपये के जेवर लेकर फरार हो गई। पीड़ित परिवार ने इसे सुनियोजित साजिश बताते हुए युवती और उसके परिजनों पर शादी के नाम पर ठगी करने का आरोप लगाया है।

बहजोई थाना क्षेत्र के ग्राम हसनपुर खुर्द निवासी प्रिया शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके जेठ अवनीश शर्मा के लिए लड़की की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान मामा सुबोध ने जिला बस्ती के बनकटी थाना क्षेत्र के गांव पिंकारपुर निवासी बाबूलाल ने अपनी भतीजी सुंदरी का रिश्ता करा दिया। 30 अप्रैल को संतकबीरनगर जनपद के धनघटा क्षेत्र में स्थित मंदिर में दोनों का विवाह करा दिया गया। वैवाहिक रस्म में युवती के परिजनों ने भी शामिल रहकर रीति-रिवाज के साथ कराया गया। लेकिन परिवार को इसका आभास भी नहीं था कि जिस युवती को वह अपने घर की दुल्हन बनाकर ले जा रहे हैं वही उन्हे ऐंसा दु:ख देकर जायेगी कि शायद वह कभी भूल नहीं सकेंगे। हुआ भी वही, पीड़िता के अनुसार शादी के बाद से ही नवविवाहिता का व्यवहार सामान्य नहीं था। वह घंटों मोबाइल फोन पर किसी अज्ञात व्यक्ति से बात करती रहती थी। जब भी परिवार वाले पूछते, वह हर बार कोई न कोई बहाना बनाकर बात टाल मटोल कर देती थी। पीड़ित परिवार का आरोप है कि 11 मई की भोर में लगभग चार बजे नवविवाहिता ने अपने पति समेत घर के अन्य सदस्यों पर बेहोशी वाला स्प्रे कर दिया जिससे परिवार के लोग बेसुध हो गए। इसी बीच नवनिववाहिता घर में रखी करीब 50 हजार रुपये की नकदी, सोने का मंगलसूत्र, कंठी, झाले, चांदी की पायल समेत लाखों रुपये के जेवर लेकर रफू चक्कर हो गई। सुबह जब परिवार को होश आया तो घर का सामान बिखरा पड़ा था जबकि दुल्हन गायब थी। इससे पूरे परिवार में हड़कंप मच गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगायी। उधर थाना प्रभारी राजीव कुमार मलिक ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। जांच में यदि मामला लुटेरी दुल्हन गिरोह से जुड़ा सामने आता है तो मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी

## जिम्मेदारी जनता पर डाल रही सरकार

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** सपा के गुन्नौर विधानसभा अध्यक्ष अमित यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री जनता से सोना न खरीदने, विदेश यात्रा कम करने, पेट्रोल की खपत घटाने, खाने के तेल और खाद के इस्तेमाल में कमी लाने जैसी अपील कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये उपदेश नहीं, बल्कि सरकार की विफलताओं के संकेत हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हर बार जिम्मेदारी जनता पर डाल दी जाती है, जबकि सरकार अपनी जवाबदेही से बचने का प्रयास करती है। दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी ने सिकंदराबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में आयात पर निर्भरता कम करने की जरूरत पर जोर दिया था। उन्होंने लोगों से खाने के तेल की खपत कम करने, प्राकृतिक खेती अपनाने, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग बढ़ाने और पेट्रोल-डीजल की खपत घटाने की अपील की थी। पीएम मोदी ने कहा था कि इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी और देश की अर्थव्यवस्था मजबूत बनेगी।

## जिलाधिकारी ने की आकांक्षात्मक विकास खंडों की प्रगति की समीक्षा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में नीति आयोग के अंतर्गत चयनित आकांक्षात्मक विकास खण्डों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के आकांक्षात्मक विकास खण्ड असमोली एवं गुन्नौर में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं निर्धारित सूचकांकों पर विभागवार समीक्षा की गई। बैठक के दौरान डीपीएमयू प्रभारी श्यामा कुमार द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि नीति आयोग के अंतर्गत जनपद के दो विकास खण्ड असमोली एवं गुन्नौर शामिल हैं। इन विकास खण्डों में स्वास्थ्य, कृषि, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा, आईसीडीएस सहित 11 विभागों के 38 विभिन्न पैरामीटर्स के आधार पर मूल्यांकन एवं रैंकिंग की जाती है।जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यो की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए अधिकारियों को निर्धारित सूचकांकों में सुधार हेतु लक्ष्य आधारित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने को आदेशित किया।

# छात्रों को नशे से बचाने के लिए बड़ा कदम

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए प्रदेश के सभी स्कूल-कॉलेजों के 500 मीटर के दायरे को नशा मुक्त क्षेत्र घोषित कर दिया गया है। इस पर अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय, पुलिस-प्रशासन और नारकोटिक्स विभाग मिलकर नियम का सख्ती से पालन कराएंगे। स्कूलों के गेट पर इससे जुड़ा बोर्ड भी लगाया जाएगा। अभी 100 मीटर के दायरे तक यह प्रतिबंध लागू है। इसके अलावा नशा मुक्त विद्यालय पोर्टल भी शुरू किया जाएगा। इसमें नशा मुक्ति से जुड़ी सभी जानकारियों दी जाएंगी। युवाओं में नशे की लत को कम करने के लिए शिक्षा मंत्रालय की ओर से तीन साल की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। मंत्रालय की ओर से इसे सभी राज्यों को भेजते हुए इसके अनुसार कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि इस सत्र से सभी शिक्षण संस्थानों के 500 मीटर दायरे को नशा मुक्त क्षेत्र घोषित किया जाए। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डा. महेंद्र देव की ओर से सभी जिला विद्यालय निरीक्षक को विस्तृत कार्ययोजना भेजते हुए कहा गया है कि तंबाकू व नशा मुक्त घोषित करने वाले स्कूलों के लिए एक नशा मुक्त विद्यालय पोर्टल इसी सत्र में शुरू किया जाएगा। इस पर अभिभावक भानुप्रकाश यादव, किशनपाल, आनन्द प्रकाश, संजीव कुमार, सुरेश शर्मा आदि हैं।

0अभिभावकों ने निर्णय पर जताई प्रसन्नता

## तूफानी हवा में ईंट से घायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सुबह आयी तूफानी आंधी ने असमोली ब्लाक के गांव नैरेटा मे लाला के दो मंजिला मकान की दीवार ढहकर इमरान की टीनशैड पर गिर गयी। तुफान से बचने के लिए एक फेरीवाला टीनशैड में पहुंचा था वह भी ईंट लगने से घायल हो गया।

## एक नज़र इधर भी

### एक माह पूर्व भी गांव के अजयपाल के घर में हो चुका है धमाका

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** थाना क्षेत्र के गांव इशाकपुर में चार वर्षों से खंडहर पड़े मकान में गोबर के ढेर के नीचे बारूद छुपाकर रखने की सूचना से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के अनुसार गांव निवासी अजयपाल द्वारा गोबर के ढेर में बारूद छुपाकर रखा गया था। सूचना फैलते ही गांव में दहशत का माहौल बन गया।

बताते चलें कि करीब एक माह पहले गांव निवासी अजयपाल के घर में आतिशबाजी बनाते समय तेज धमाका हुआ था। धमाके में अजयपाल के बेटे योगेश की पुत्री दीक्षा की मौत हो गई थी, जबकि उसकी छोटी बहन गंभीर रूप से झुलस गई थी। घटना के बाद से ही गांव में बारूद और आतिशबाजी सामग्री रखे होने की चर्चाएं चल रही थीं।

### मंत्री बनने पर भाजपाइयों ने जताया हर्ष

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल में भूपेन्द्र चौधरी और मनोज कुमार पाण्डेय ने कैबिनेट मंत्री और डा. सोमेंद्र तोमर व अजीत पाल ने राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार व कृष्णा पासवान, कैलाश सिंह राजपूत, सुरेन्द्र दिलेर व हंसराज विश्वकर्मा के राज्यमंत्री बनाये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया। योगी आदित्यनाथ सरकार में बिना किसी को मंत्रिमंडल से हटाए आठ को मंत्री बनाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान सभासद मीना गुप्ता,कुमोद वार्ष्णेय, विनय वार्ष्णेय, दिनेश कौशल, उमेश कुमार आदि रहे।

### सांसद आवास के निकट महिलाओं का धरना दूसरे दिन भी रहा

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वाले विपक्षी सांसदों के विरुद्व भाजपा की ओर से दूसरे दिन भी महिलाओ का क्रमिक धरना आज दीपा सराय, सम्भल में सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के घर के निकट मंदिर पर विरोध जताकर किया गया। भारतीय जनता पार्टी, सम्भल की महिला विंग द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 का विरोध करने वाले विपक्षी सांसदों के विरुद्व एक व्यापक क्रमिक धरना कार्यक्रम की घोषणा की गई है। विरोध प्रदर्शन आगामी 11 मई से 15 मई 2026 तक प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा लाया गया महिला आरक्षण बिल, जो 2029 से लागू होना है, उसका सपा और कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने गैर-जिम्मेदाराना रवैया अपनाते हुए विरोध किया था। जिससे पूरे देश की महिलाओं में आक्रोश है। विपक्षी दलों के इस कृत्य को महिला अधिकारों के प्रति घोर अन्याय बताते हुए, जिला महामंत्री शिल्पी गुप्ता ने कहा कि आज दूसरे दिन भी हमारे द्वारा विरोध जारी है। उन्होंने कहा विपक्षियों द्वारा महिलाओ को कभी सम्मान नहीं दिया गया। आज जब भाजपा सरकार महिलाओ को सम्मान की बात करती है तो ये विरोध करते हैं। विरोधी भी अगर महिलाओ का सम्मान नहीं कर सकते तो उन्हें भी चूड़ियां पहन लेनी चाहिए सम्मान न करना बहुत ही शर्म की बात है अब देश के सामने उनका चेहरा बेनकाब हो गया है आज दुनिया में महिलाओ की सफलता का परचम लहरा रहा है हमारे यहां ऐसी महिलाओ ने जन्म लिया है जिनकी मिसालें आज तक दी जाती है। सैकड़ों वीरांगनाएं हुई है जिनपर आज भी देश और दुनिया को गर्व है।धरने में शिल्पी गुप्ता, भगवती देवी, रूपवती देवी, ख्रष्णा देवी, हंसावती देवी, सर्वेश देवी,संतोष देवी, कमलेश देवी, शबाना ,आदिवा,खुर्शीदा बेगम, नाजनीन, बुशरा, घ्सोनम,परवीन, नायरा, कमलेश, मुन्नी, मीना, राजवती, नीलू, अंजली, पूनम पवार, नीलम वार्ष्णेय आदि सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रही

## आशाओं ने दिया धरना

सम्भल। आशा बहुअें एवं आशा संगिनी कर्मचारी अपनी मांगो को लेकर आन्दोलित हो गयी। लंबित अपनी समस्याओं के निराकरण की मांग को आशा संगिनी कर्मचारी संगठन के बैनर तले सीएमओ कार्यालय पर बड़ी संख्या में प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद,सम्भल

पत्र संख्या:- 782/नि.वि./2026 दिनांक:-12-05-2026

## अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

विदित हो कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में शासन की पत्र संख्या-1/1277137/2026/ नौ-6-2026/ ई-2034804 नगर विकास अनुभाग-6 दिनांक 23.03.2026 के द्वारा नगरीय सेवायें और अवस्थापना विकास विकास परियोजनाओ (मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना (CMVNY) योजनान्तर्गत प्रशासनिक भवन परिसर में अर्बन फेसलिटेशन सेन्टर तथा कैफेटेरिया का निर्माण कार्य हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा प्रथम किश्त के रूप में धनराशि 189.34 रूप. अवमुक्त की गई है। नगर पालिका परिषद, सम्भल को आवंटित धनराशि से स्वीकृत बिल्डिंग निर्माण कार्य की ई-निविदा दिनांक 12.06.2026 को 01:00 PM बजें तक ऑन लाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा की शर्तो का ध्यानपूर्वक अध्यन कर लें।

| क्र.सं. | नगर पालिका/NPP Stage | ठेकेदार/Vendor Stage | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 01- | Tender Releas | | 13.05.2026 10.00 AM | |
| 02- | | Tender Download | 13.05.2026 10.00 AM | |
| 03- | | Bid Submission | 13.05.2026 10.00 AM | |
| 03- | Close Bid | | | 12.06.2026 1.00 PM |
| 05 | Bid Openining | | | 12.06.2026 2.00 PM |

वेबसाइड htt://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्त तथा बिडिंग प्रपत्र ऑनलाइन देखे जा सकते हैं।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, सम्भल

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, सम्भल



(सिविल प्रक्रिया संहिता आदेश 5 नियम 10)
इश्तहार मुजरिया न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) गुन्नौर (सम्भल)
प्रकीर्ण वाद सं. 40 सन् 2025

1.रोहित पुत्र हरीशचन्द्र उम्र 24 वर्ष
2. कु. कुमकुम पुत्री हरीशचन्द्र उम्र 17 वर्ष
3.मोहित पुत्र हरीशचन्द्र उम्र 16 वर्ष
4. कु. राखी पुत्री हरीशचन्द्र उम्र 12 वर्ष
5. अंकित पुत्र हरीशचन्द्र उम्र 17 वर्ष

निवासीगण ग्राम धनारी पटटी लालसिंह प्रार्थीगण आवेदक

बनाम

हर खास ओ आम ग्राम धनारी पटटी लालसिंहपरगना रजपुरा तहसील गुन्नौर जिला सम्भल। विपक्षी

प्रार्थना पत्र द्वारा श्रीरोहित ऐलान उपरोक्त बाबत हासिल करने सक्सेशन सर्टीफिकेट मूरिस अपने अर्न्तगत धारा 372 भारतीय सक्सेशन एक्ट 39 सन् 1925 ई.। विदित हो कि रोहित उपरोक्त साएल ने प्रार्थना पत्र वास्ते हासिल करने सक्सेशन सर्टीफिकेट इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जो दर्ज रजिस्टर हुआ और सुनवाई हेतु तिथि 20.05.2026 नियुक्त की गयी है। सो यह इश्तिहार जारी किया जाता है कि यदि आपको या किसी को निस्ब दरख्वास्त मजकूर की कोई उज्र हो तो तिथि नियत पर न्यायालय में पूर्वान्ह 10 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। यदि पक्षकार ऐंसा करने से कासिर रहे तो उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से मानकर आदेश पारित कर दिया जायेगा।

**न्यायालय की आज्ञा से**
**वाद लिपिक सिविल जज ( जू.डि. )**
**गुन्नौर,सम्भल**


## किसानों की खुशहाली को डीएसएम रजुपरा की नई पहल शुरू

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** डीएसएम शुगर राजपुरा, द्वारा किसानों को गन्ना फसल में लगने वाले कीटों एवं रोगों से बचाव तथा बेहतर पेड़ी प्रबंधन के प्रति विशेष जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। अभियान का शुभारंभ यूनिट हेड उपेंद्र तोमर एवं केन हेड इकबाल सिंह द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना कर किया गया। इस अवसर पर चीनी मिल के वरिष्ठ अधिकारी राजन दीक्षित, अवतार सिंह, अमित अग्रवाल, संजीव कुमार, सुधीर त्यागी, संतोष कुमार सहित गन्ना विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रचार वाहन में गन्ना फसल सुरक्षा से संबंधित आवश्यक दवाइयों एवं तकनीकी जानकारी की व्यवस्था की गई है, ताकि किसानों की समस्याओं का खेत पर ही निरीक्षण कर तत्काल उचित सलाह एवं आवश्यक दवाई उपलब्ध कराई जा सके।चीनी मिल प्रबंधन के अनुसार यह प्रचार वाहन सम्पूर्ण मिल क्षेत्र के गांव-गांव जाकर किसानों को गन्ना फसल में लगने वाले प्रमुख कीट एवं रोगों की रोकथाम, समय पर नियंत्रण तथा बेहतर उत्पादन तकनीकों की जानकारी देगा। साथ ही किसानों की समस्याओं को नोट कर उनके त्वरित समाधान का प्रयास भी किया जाएगा।यूनिट हेड उपेंद्र तोमर ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि किसान समय-समय पर अपनी फसल का निरीक्षण करते रहें तथा किसी भी प्रकार की समस्या दिखाई देने पर तुरंत गन्ना विभाग से संपर्क करें, जिससे समय रहते नियंत्रण कर फ़सल को नुकसान से बचाया जा सके।

## प्रयास स्कूल का 22वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न, बच्चों की प्रस्तुतियों ने जीता दिल

**मुरादाबाद।** शहर के जवाहर नगर स्थित ज्ञान दीप सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित 'प्रयास' स्कूल फॉर मेंटली रिटार्डेड चिल्ड्रेन का 22वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। गांधी नगर गली नंबर-4 स्थित विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक निदेशक बेसिक शिक्षा मुरादाबाद मंडल बुद्ध प्रिय सिंह रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में शंकर ज्वैलर्स बाजार गंज के अंकुर गोयल उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया।विद्यालय के विशेष बच्चों ने गीत, नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का दिल जीत लिया।सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। विद्यालय के प्रबंधक अतुल कुमार अग्रवाल एडवोकेट ने कहा कि स्कूल में आने वाले बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे उनमें सकारात्मक बदलाव देखने को मिलता है। विद्यालय अध्यक्ष राकेश कुमार रस्तोगी ने भी संस्था की प्रगति और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य पर अपने विचार व्यक्त किए। सचिव संजय अग्रवाल ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।मुख्य अतिथि बुद्ध प्रिय सिंह ने विद्यालय प्रबंधन और बच्चों की सराहना करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं विशिष्ट अतिथि अंकुर गोयल ने स्कूल से सक्रिय रूप से जुड़ने की इच्छा जताई। समाजसेवी रजत अग्रवाल ने भी संस्था के कार्यों की प्रशंसा की।कार्यक्रम का संचालन निशी रस्तोगी ने किया। स्कूल की प्रिंसिपल पूनम अग्रवाल, शिक्षिका विनीता अग्रवाल, अर्पण अग्रवाल और लवली को बच्चों से शानदार प्रस्तुतियां तैयार कराने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य लोग, अभिभावक और स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।

# छात्रा से छेड़छाड़, पीछा करने वाले युवक को लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के कटघर थाना क्षेत्र में एक छात्रा से लगातार छेड़छाड़ और पीछा करने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक की हरकतों से परेशान होकर स्थानीय लोगों ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया और डायल 112 पुलिस के हवाले कर दिया। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।जानकारी के अनुसार, कटघर क्षेत्र की रहने वाली बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आरोपी अफ्फान हसन निवासी लालबाग गली नंबर-3, थाना मुगलपुरा, काफी समय से उसका पीछा कर रहा था। छात्रा एमएम डिग्री कॉलेज में पढ़ाई करती है और आरोपी आए दिन कॉलेज पहुंचकर उस पर गंदे कमेंट करता था तथा जबरन बात करने की को. शिश करता था। पीड़िता का आरा.



प है कि विरोध करने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देता था। सोमवार को भी आरोपी कॉलेज पहुंच गया और छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर उसने जबरन छात्रा का हाथ पकड़ लिया और मुंह दबाने की कोशिश की। इतना ही नहीं, आरोपी ने छात्रा को बदनाम करने की धमकी भी दी। घटना से नाराज लोगों ने आरोपी युवक को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची डायल 112 टीम आरोपी को अपने साथ थाने ले गई। बताया जा रहा है कि आरोपी पहले भी करीब दो वर्ष पूर्व इसी तरह की घटना में शामिल रह चुका है।कटघर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### चरन सिंह ढाका ने कुछ अधिवक्ताओं के सहयोग से ज्येष्ठ माह के मंगलवार को कराया भंडारा

**कांठ ( शाह टाइम्स )** तहसील बार में ज्येष्ठ माह के दूसरे मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में अधिवक्ताओं अधिकारियों और मीडिया कर्मियों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया बताया गया कि तहसीलबार के पूर्व महासचिव चरण सिंह ढाका ने कुछ अधिवक्ताओं के सहयोग से इस भंडारे का आयोजन कराया था। कहा गया कि ज्येष्ठ माह में मंगलवार को इस तरह के कार्य करने का लाभकारी फल मिलता है और धार्मिक आयोजन करने वाले व धार्मिक आयोजनों में शामिल होने वाले लोगों को भी धर्म लाभ मिलता है। इसी को मद्दे नजर रखते हुए आज तहसील बार में भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें काफी संख्या में पहुंचे लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस मौके पर एडवोकेट चरण सिंह ढाका डॉक्टर विनीत नैन यशवीर सिंह शहजाद रफी विजयवीर सिंह बार अध्यक्ष प्रमोद शर्मा प्रदीप कुमार संजीव कुमार बिश्नोई हरपाल सिंह सहित काफी अधिवक्ता मौजूद रहे।

### विधायक कमाल अख्तर ने जनता दरबार लगाकर सुनी लोगों की समस्याएं



**कांठ ( शाह टाइम्स )** विधायक कमाल अख्तर ने कांठ स्थित पार्टी कार्यालय पर लोगों की समस्याओं को सुनकर समाधान का भरोसा दिलाया। जनता द्वारा बिजली, सड़क, पानी, राशन, पेंशन, स्वास्थ्य सेवाओं, राजस्व एवं पुलिस से संबंधित रखी, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र एवं निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से कहा कि वर्ष 2027 का विधानसभा चुनाव नजदीक है और सभी कार्यकर्ताओं को अभी से पूरी मेहनत एवं मजबूती के साथ चुनाव की तैयारियों में जुट जाना चाहिए, उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की जनहितकारी नीतियों, समाजवादी विचारधारा, विकास कार्यों एवं जनता के प्रति समर्पण को घर-घर और जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करें, साथ ही बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, आम जनता के बीच लगातार संपर्क बनाए रखे। इस मौके पर विक्रम सिंह यादव, आबिद, नेता मेहदी हसन, मनोज चौधरी,जय देव प्रजापति, डॉक्टर दानिश,हिमांसु, मुजीब चौधरी,राशिद सैफी, सकलेंन, अमरजीत सिंह जाटव आदि मौजूद रहे।

## दहेज उत्पीड़न मामले में पति-पत्नी दोषमुक्त कोर्ट ने कहा: अपराध संदेह से परे सिद्ध नहीं



**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो।** धारा 498ए, 323, 504, 506 आईपीसी के तहत दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में न्यायालय ने अभियुक्त पति गिरीश और सास कमला देवी को दोषमुक्त कर दिया। वादनी श्रीमती रचना ने न्यायालय मुरादाबाद में धारा 156(3) दण्ड प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत प्रार्थना पत्र दिया था। इसके आधार पर महिला थाना मुरादाबाद में अपराध संख्या 97/2014, धारा 498ए, 323, 504, 506 आईपीसी के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के बाद पुलिस ने अभियुक्त गिरीश एवं कमला देवी के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया था। मामले का विचारण माननीय न्यायालय सिविल जज (जू० डि०)/ एफ०टी०सी०, मुरादाबाद में चला।

विचारण के दौरान अभियुक्त पक्ष की ओर से **एडवोकेट सचिन कुमार** ने प्रभावी पैरवी की। दोनों पक्षों के साक्ष्यों एवं अभिलेखों का अवलोकन करने के बाद माननीय न्यायाधीश श्रीमती खुशबू शर्मा, सिविल जज जूनियर डिवीजन एफ०टी०सी०, मुरादाबाद ने अभियुक्त गिरीश एवं कमला देवी को संदेह से परे अपराध सिद्ध न होने के आधार पर दोषमुक्त कर दिया।निर्णय के बाद अभियुक्त पक्ष एवं अधिवक्ता श्री सचिन कुमार ने न्यायालय के फैसले पर संतोष व्यक्त किया।

## टीएसआई ने छात्र-छात्राओं एवं स्कूली वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**कांठ ( शाह टाइम्स )** टीएसआई रामकुमार सिंह द्वारा बच्चों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में बताया गया तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। बताया कि बिना हेलमेट वाहन चलाना, तेज गति से वाहन चलाना एवं यातायात नियमों की अनदेखी करना दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बनता है।

अभिभावकों एवं छात्रों से अपील करते हुए कहा कि 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी अथवा अन्य दोपहिया वाहन न चलाने दें, क्योंकि यह कानूनन अपराध होने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा के लिए भी खतरा है।इस दौरान स्कूली बसों, ऑटो एवं ई-रिक्शा की भी जांच की गई तथा वाहन



चालकों को सभी आवश्यक एवं कम्पलीट वाहन प्रपत्र साथ रखने के निर्देश दिए गए। निर्धारित मानकों के अनुसार बच्चों को बैठाने एवं यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। अंत में स्कूली बस, ऑटो, ई-रिक्शा चालकों एवं छात्र-छात्राओं को यातायात सुरक्षा संबंधी पंपलेट वितरित किए गए तथा सुरक्षित यातायात अपनाने के लिए जागरूक किया गया।

## मेरा विद्यालय स्वच्छ विद्यालय अभियान को लेकर दिए निर्देश

**बिलारी।** शासन द्वारा ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत आयोजित मेरा विद्यालय स्वच्छ विद्यालय अभियान को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार ने सभी अध्यापकों को दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा विद्यालय परिसर में स्वच्छता संचालन एवं रखरखाव हेतु रसोई घर की स्वच्छता एवं व्यवस्था शामिल है। उन्होंने कहा बच्चों के माता-पिता और अभिभावकों को सुविधाओं के संच. ालन एवं प्रबंधन में भागीदार बनाया जाए, छात्र-छात्राओं में शिक्षकों, माता-पिता और समुदाय के प्रति सम्मान की भावना विकसित की जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालय में स्वच्छता एक विशिष्ट व्यक्ति का कार्य नहीं है इस प्रक्रिया के किए जाने से सफाई कार्यो को शैक्षणिक गतिविधि के रूप में विकसित किया जाए इसलिए शिक्षकों को यह समझना अत्यंत आवश्यक है सफाई कार्य को क्यों और किस प्रकार किया जाना चाहिए बच्चों की भागीदारी के लिए शिक्षकों द्वारा भाग लेने के लिए मार्गदर्शन दिया जाए।

## सिंचाई खंड की बैठक में अपूर्ण कार्य जल्द पूरा करने और ठाकुरद्वारा क्षेत्र में नलकूप निर्माण कराने के दिए निर्देश



**कांठ( शाह टाइम्स )।** सिंचाई खंड मुरादाबाद की मासिक बैठक का आयोजन मंडल कार्यालय में किया गया। जिसमें

पुराने कार्यों की समीक्षा की गई अधिकांश कार्य पूर्ण पाए गए लेकिन कुछ कार्यो को बजट उपलब्ध होते ही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कहा कि सभी तालाब और पोखरों को 2 जून से पहले पहले भर दिया जाए।

बताया गया कि अधिकांश नहरों में पानी टेल तक पहुंचा दिया गया है कुछ नहरें शेष हैं जिनमें अगले सप्ताह तक टेल तक पानी पहुंच जाएगा। तहसील ठाकुरद्वारा के गांव मुनीमपुर में पूर्व प्रधानाचार्य रघुनाथ सिंह ने एक सरकारी ट्यूबवेल की मांग रखी। यह कार्य भी शीघ्र ही पूरा कराने का आश्वासन दिया गया।

बैठक में आरपी सिंह अधिशासी अभियंता नहर, नीरज कुमार गुप्ता अधिशासी अभियंता नलकूप, श्रद्धा भट्ट अभियंता नलकूप, अमित कुमार अपर जिला कृषि अधिकारी, राकेश कुमार नलकूप खंड प्रथम मलखान सिंह कालागढ़ उपखंड मुकेश कुमार उपाध्याय अभियंता बाढ़ खंड, सुशील यादव तथा अंकुर पाल विद्युत विभाग से उपस्थित रहे।अध्यक्षता मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई उपाध्यक्ष सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश शासन तथा संचालन प्रमोद कुमार ने किया।

## महिला आरक्षण बिल को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने बारिश में भी सपा सांसद आवास के बाहर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महिला आरक्षण बिल को लेकर राजनीतिक माहौल गर्माता जा रहा है। मंगलवार को भी भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी की सांसद रूचि वीरा के आवास के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। बारिश के बीच महिलाएं हाथों में छाते लेकर सड़क पर उतरीं और सांसद के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शन कर रही महिलाओं का आरोप था कि महिला हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे पर विपक्ष ने संसद में विरोध दर्ज कराकर महिलाओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने कहा कि जिन महिलाओं ने सांसद को समर्थन देकर संसद तक पहुंचाया, उन्हीं महिलाओं के अधिकारों से जुड़े विषय पर विरोध करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कहा कि महिला आरक्षण देश की महिलाओं को राजनीतिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम है, लेकिन विपक्ष ने इसका विरोध कर यह साबित कर दिया कि वह महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने के पक्ष में नहीं है। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने "नारी शक्ति का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान" जैसे



नारे भी लगाए।महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष विजय लक्ष्मी पंडित ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के मुद्दे पर भाजपा पूरी मजबूती से खड़ी है।

वहीं भाजपा नेत्री सुनीता शर्मा ने कहा कि जनता आगामी चुनाव में महिला विरोधी मान. सिकता रखने वाले नेताओं को जवाब देगी।गौरतलब है कि पिछले दो दिनों से भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता सांसद आवास के बाहर लगातार विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। पुलिस प्रशासन भी मौके पर सतर्क नजर आया और पूरे घटनाक्रम पर निगरानी रखी गई।

## प्रधानमंत्री की अपील का अभी नही कोई असर जनपद में प्रतिदिन 1100 किलो लीटर से ज्यादा पेट्रोल और डीजल की हो रही खपत

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** उपजे हालात के बीच जिले के लोग गाड़ियां दौड़ाकर औसतन हर दिन 1100 (किलो लीटर) पेट्रोल-डीजल खपा देते हैं। इसमें 30 फीसदी पेट्रोल और करीब 70 फीसदी डीजल होता है। पीएम मोदी की अपील के पहले दिन कोई खास असर देखने को नहीं मिला।

ईरान संकट के कारण पेट्रोलियम आयात संकट को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता से बड़ी अपील की है। उन्होंने कहा कि देशवासियों को पेट्रोल-डीजल, खाद, सोने की खपत घटानी चाहिए। पीएम मोदी की अपील की सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हो रही है। लोग डीजल-पेट्रोल की खपत कम करने की योजना भी बनाने लगे हैं।मुरादाबाद में पांच पेट्रोलियम कंपनियों आईओसीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल, रिलायंस और नायरा एनर्जी के करीब 184 पेट्रोल पंप है। औसतन इन पंपों से हर दिन करीब 1100 केएल पेट्रोल-डीजल की बिक्री होती है। इसमें करीब 30 फीसदी पेट्रोल का इस्तेमाल होता है। जबकि 70 फीसदी डीजल की खपत होती है अमेरिका-इस्त्राइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण पेट्रोलियम पदार्थों को लेकर फरवरी और मार्च में लोग आशंकाओं में रहे। गैस सिलिंडर को लेकर पहले से ही किल्लत की स्थिति बनी हुई थी। इसका असर पेट्रोल-डीजल की बिक्री पर पड़ा था। फरवरी माह में जिले के 184 पंपों से करीब 30214 केएल पेट्रोल-डीजल की बिक्री हुई थी। जबकि मार्च में यह बिक्री करीब 34441 केएल पहुंच गई थी।

# श्री बड़े बाबा कुन्डलपुर की तीर्थ यात्रा को 150 श्रद्धालुओं का टीएमयू कैंपस से प्रस्थान

### जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रीमती शक्ति दुबे ने बतौर मुख्य अतिथि एवम् टीएमयू के कुलाधिपति सुरेश जैन, जीवीसी मनीष जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन ने हरी झंडी दिखाकर बसों को किया रवाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भगवान महावीर जंयती महोत्सव समिति, मुरादाबाद एवम् मुख्य आयोजक श्री मनीष जैन (गंज), श्री पंकज जैन द्वारा 150 श्रद्धालुओं को मध्य प्रदेश के दमोह में स्थित श्री बड़े बाबा कुन्डलपुर की तीर्थ यात्रा का आयोजन किया। इस तीर्थ यात्रा को टीएमयू कैंपस से मुरादाबाद के जिलाधिकारी श्री राजेंद्र पेंसिया ने बतौर मुख्य अतिथि, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रीमती शक्ति दुबे एवम् टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने हरी झंडी दिखाकर दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए बसों को रवाना किया। श्रद्धालुओं के संग जीवीसी श्री मनीष जैन और श्रीमती ऋचा जैन भी तीर्थ यात्रा में शामिल हैं। तीर्थ यात्रा में शामिल श्रद्धालु बस से दिल्ली रेलवे स्टेशन और वहां से ऊर्जाधानी एक्सप्रेस से दमोह पहुंच कर श्री बड़े बाबा का आशीर्वाद लेंगे। श्री 1008 आदिनाथ भगवान बड़े बाबा कुन्डलपुर की प्रतिमा 2,000 वर्ष से भी अधिक प्राचीन है, जिसका नव्य और भव्य निर्माण आचार्यश्री 108 विद्यासागर जी महाराज के सानिध्य में कुछ वर्ष पूर्व कराया गया था। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी श्री राजेंद्र पेंसिया ने कहा, तीर्थ यात्रा के समय धाम यानी तीर्थ स्थान, धामी यानी पूज्य भगवान, धामवासी यानी तीर्थ स्थान पर रहने वाले लोगों के प्रति सम्मान का भाव रखना चाहिए। इस मौके पर फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, श्रीमती ऋचा जैन, श्रीमती जहान्वी जैन, मुरादाबाद जैन समाज के अध्यक्ष श्री अनिल जैन आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही। सभी श्रद्धालुओं का ढोल बजाकर और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही श्रद्धालुओं के अल्पाहार की व्यवस्था एवम् कार्यक्रम का आयोजन तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के तीर्थंकर महावीर जिनालय समिति की ओर से किया गया। यात्रा प्रस्थान के समय श्री संदीप जैन, श्रीमती नीलम जैन, श्रीमती उषा जैन, श्रीमती जयरानी जैन, श्री राजेन्द्र जैन आदि मौजूद रहे। उल्लेखनीय है,

श्रद्धालुओं का यह दल कुन्डलपुर में श्री बड़े बाबा का आशीर्वाद लेकर 14 मई को मुरादाबाद के लिए वापसी करेगा।





**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू० डि० ) महोदय, मुरादाबाद।**
**मुकदमा संख्या :** 125/2026
**तारीख पेशी:** 23.07.2026
**हाजी मौहम्मद हनीफ बनाम अनीस अहमद**

हाजी मौहम्मद हनीफ अब्बासी आयु लगभग 65 वर्ष पुत्र अब्दुल सलाम निवासी जुम्मेरात का बाजार, पाकबड़ा तहसील व जिला मुरादाबाद, उ.प्र.।

**बनाम**

अनीस अहमद उम्र 43वर्ष पुत्र श्री पीरबख्श निवासी मौहल्ला कैलसा रोड, नई बस्ती पाकबड़ा तहसील व जिला मुरादाबाद, उ.प्र.।

चूंकि उपर्रिनामांकित **वादी**के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2026 के माह 07 के दिवस 23 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 05 के दिवस 11 को निकाली गयी है।

**मुंसरिम**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ), मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू० डि० ) महोदय, मुरादाबाद।**
**मूलवाद संख्या :** 454/2025
**तारीख पेशी:** 27.07.2026
**श्रीमति हुसन बानो बनाम श्री अकबर अली आदि।**

श्रीमति हुसन बानो पुत्री श्री मुहम्मद इसहाक पत्नी श्री शमसुद्दीन साकिन जामा मस्जिद, वारसी नगर, गली नम्बर-1, मुरादाबाद-**वादनी।**

**बनाम**

2. श्रीमति तारा बी पुत्री श्री साबिर अली पत्नी श्री अनवार, 4. श्रीमति रिजवाना पुत्री श्री साबिर अली पत्नी श्री इफ्तेखार निवासीगण मौहल्ला पीरजादा, कैथ वाली मस्जिद के बराबर में मकबरा हिस्सा दोयम, मुरादाबाद-**प्रतिवादीगण।**

चूंकि उपर्रिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2026 के माह 07 के दिवस 27 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 05 के दिवस 12 को निकाली गयी है।

**मुंसरिम**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ), मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी०डि० ) महोदय, मुरादाबाद**
**उत्तरा. वि.वाद संख्या:** 101/2025
**तारीख पेशी:** 30.05.2026

श्रीमति लतीफन आयु लगभग 75 साल विधवा स्व. अब्दुल बारी निवासनी ग्राम जटपुरा, पो. राजपुर केसरिया जटपुरा तह. ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद-**वादनी।**

**बनाम**

1. मौहम्मद एहसान आयु लगभग 57 साल, 2. शमीम अहमद आयु लगभग 54 वर्ष, 3. नसीम अहमद आयु लगभग 50 वर्ष पुत्रगण स्व. अब्दुल बारी निवासीगण ग्राम जटपुरा, तहसील ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद, 4. श्रीमति रहमत जहां आयु लगभग 64 साल पुत्री स्व. अब्दुल बारी पत्नी हनीफ निवासी ग्राम नन्हूवाला तहसील ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद, 5. नईम अहमद आयु लगभग 44 साल पुत्र स्व. अब्दुल बारी निवासी ग्राम जटपुरा तहसील ठाकुरद्वारा तहसील व जिला मुरादाबाद, 6. **जनता आम** ग्राम पंचायत जटपुरा तहसील ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद। **विपक्षीगण/प्रतिवादीगण।**

इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा श्रीमति लतीफन हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा श्रीमति लतीफन मुसबफा अब्दुल बारी अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू. 10,49,580/- हरगाह मुसम्मा श्रीमति लतीफन ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 30 मास 05 सन् 2026 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( सी०डि० ), मुरादाबाद।**

## स्वगणना अभियान को लेकर प्रशासन सतर्क एसडीएम ने पुलिसकर्मियों को दिया प्रशिक्षण

**बिलारी।** स्वगणना अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह ने कोतवाली बिलारी पहुंचकर पुलिसकर्मियों को स्वगणना की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी पुलिसकर्मियों से स्वयं की गणना सुनिश्चित करने की अपील की।



एसडीएम विनय कुमार सिंह ने कहा कि स्वगणना कार्यक्रम सरकार की महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से सही एवं सटीक आंकड़े एकत्रित किए जाएंगे। इन आंकड़ों के आधार पर सरकार जनहित में बेहतर योजनाएं और नीतियां तैयार कर सकेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी इस अभियान को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। प्रशिक्षण के दौरान एसडीएम ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह की स्वगणना कर प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया। इसके बाद कोतवाली में मौजूद सभी पुलिसकर्मियों ने एसडीएम के नेतृत्व में अपनी-अपनी स्वगणना पूरी की। इस अवसर पर कोतवाली बिलारी का समस्त पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

## सरकारी आश्वासन समिति की शिक्षा विभाग से जुड़े मुद्दे उठे

**बिलारी।** उत्तर प्रदेश विधानसभा की सरकारी आश्वासन संबंधी समिति की बेसिक शिक्षा विभाग और माध्यमिक शिक्षा विभाग से जुड़े आश्वासन प्रकरणों पर बैठक का आयोजन हुआ जिसमें शिक्षा विभाग से जुड़े मुद्दे उठाए गए। बैठक के दौरान सदस्यों ने स्कूलों में एनसीआरटी की पुस्तकों न लगाने को लेकर शिकायत की। आरटीई 25 की स्कीम के तहत स्कूलों द्वारा प्रवेश न करने की शिकायत की। इसके अलावा भ्रष्ट्राचार में लिप्त चल रहे कई जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारी को तत्काल प्रभाव से जांच कराकर निलंबित करने की शिकायत की। जिस पर सभापति हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने सर्वप्रथम अपर प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं आदि के संबंध में कई जिलों के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के नाम सामने आए हैं जिनकी जांच कर तत्काल प्रभाव से उचित कार्रवाई अमल में लाई जाए। इसके अलावा माननीय विधायकों के साथ दुर्व्यवहार करने वाले एवं फोन ना उठा कर प्रोटोकॉल उल्लंघन करने वाले बेसिक शिक्षा अधिकारियों और जिला विद्यालय निरीक्षकों के खिलाफ कार्रवाई भी अमल में लाई जाए। बैठक में मुख्य रूप से सदस्य राजीव गुंबर, रेखा वर्मा, मनोज कुमार प्रजापति, इकबाल महमूद, महेंद्र पाल सिंह, राजेंद्र कुमार, केतकी सिंह, रामखिलाड़ी यादव, तेजपाल सिंह आदि के अलावा संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



# विदेश भेजने के नाम पर युवक से ठगी का आरोप

## दो लाख से अधिक रकम और पासपोर्ट लेने की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक युवक से लाखों रुपये की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम रतूपुरा निवासी अवरार हुसैन पुत्र निसार हुसैन ने कोतवाली ठाकुरद्वारा में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि करीब दस माह पूर्व गांव के ही एक युवक उनके पास आया और सऊदी अरब में अच्छी नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। आरोपी ने कहा कि वह युवक को अच्छी कंपनी में काम दिलाकर मोटी तनख्वाह दिलाएगा। इसके लिए उसने दो लाख 18 हजार रुपये और पासपोर्ट की मांग की। पीड़ित का आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति के घर पर कई लोगों की मौजूदगी में आरोपी को रुपये और पासपोर्ट सौंप दिए गए। इसके बाद आरोपी ने युवक को सऊदी अरब भेज दिया, लेकिन वहां पहुंचने पर उसे न तो वादा की गई नौकरी मिली और न ही तय वेतन। युवक को एक प्राइवेट स्थान पर मजदूरी जैसा काम करने के लिए छोड़ दिया गया।

परिजनों का कहना है कि युवक ने किसी तरह मजदूरी कर अपना गुजारा किया, लेकिन जब उसे कई महीनों तक वेतन नहीं मिला और खाने-पीने तक की परेशानी होने लगी तो उसने अपने परिवार को पूरी जानकारी दी। इस पर परिवार ने आरोपी से संपर्क कर युवक को वापस बुलाने की बात कही, तो आरोपी ने कथित तौर पर 50 हजार रुपये अतिरिक्त मांग लिए और विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित परिवार का यह भी आरोप है कि अब काफी समय से युवक का अपने परिवार से संपर्क नहीं हो पा रहा है, जिससे परिजन बेहद परेशान और चिंतित हैं। कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

# सेवानिवृत्त प्रधानाचार्यों का सम्मान, शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर भी हुई चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज, मुरादाबाद में उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद जनपद मुरादाबाद द्वारा सेवानिवृत्त प्रधानाचार्यों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक नगर श्री रणविजय सिंह रहे। कार्यक्रम का संचालन परिषद की सदस्य एवं कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज की शिक्षिका श्रीमती मृदुल चौहान ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती मधुबाला त्यागी उपस्थित रहीं। सभा को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक नगर श्री रणविजय सिंह ने कहा कि समाज में गुरुजनों का सम्मान सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि आज भी वे अपने गुरुजनों को हृदय से सम्मान देते हैं और शिक्षा देने वालों का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने सभी प्रधानाचार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके शैक्षिक योगदान को सराहा तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले प्रधानाचार्यों को श्रीमती मधुबाला त्यागी द्वारा शील्ड एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं इस वर्ष सेवा. निवृत्त हुए प्रधानाचार्यों में श्री रफुद्दीन, प्रधानाचार्य फलाह दारैन इंटर कॉलेज मुरादाबाद तथा श्रीमती सीमा शर्मा, प्रधानाचार्या प्रताप सिंह कन्या इंटर कॉलेज मुरादाबाद को शील्ड, बुके एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के जिला अध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा ने सभी प्रधानाचार्यों से संगठन में एकजुट रहने का आह्वान किया, जबकि कोषाध्यक्ष नरेश कुमार ने नियमित बैठकों में सहभागिता बढ़ाने की अपील की। अंत में जिला अध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। बैठक में शिक्षा व्यवस्था से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा हुई। कक्षा 1 से 8 तक की निशुल्क पाठ्य पुस्तकों की अनुपलब्धता पर चिंता जताई गई। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा सत्र शुरू हुए एक माह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन कई ब्लॉकों में अभी तक छात्रों को पुस्तकें उपलब्ध नहीं हो सकी हैं।



इसके अलावा कार्यवाहक प्रधानाचार्यों को नियमित वेतनमान न मिलने पर भी रोष व्यक्त किया गया। परिषद के सदस्यों ने जनगणना 2027 में प्रधानाचार्यों की सुप. रवाइजर के रूप में ड्यूटी लगाए जाने का विरोध करते हुए इसे शिक्षा कार्य के प्रतिकूल बताया। विशेष रूप से बिहार आदर्श कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती अंजना शर्मा की ड्यूटी हटाने की मांग उठाई गई। बैठक में श्री पुष्पेंद्र सिंह, सुनीता राठौर, डॉ. कुलदीप बरनवाल, श्री शिव कुमार, श्री विजय कुमार, श्रीमती शशि आर्य, श्रीमती वंदना सक्सेना, श्री रईस अहमद, श्री राकेश चंद्र, श्री अरुण कुमार शुक्ला, श्री छोटेलाल, श्रीमती अंजना शर्मा, श्री सुदेश भटनागर सहित जनपद के अनेक प्रधानाचार्यों ने भाग लिया।

### एक नजर

## श्री सिद्धबली गुरुजी सेवा संस्थान के तत्वाधान में भंडारे का आयोजन



**कांठ( शाह टाइम्स )।** ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगलवार को श्री सिद्धबली गुरु जी सेवा संस्थान के द्वारा सेरुवा चौराहा अगवानपुर में भंडारे का आयोजन हुआ संस्थान के संस्थापक गुरु अरविंद चौधरी ने बताया की सुबह मौसम काफी खराब होने के बाद भी कार्यक्रम में किसी प्रकार का कोई बदलाव नहीं किया गया था क्योंकि यह कलयुग के जागृत देवता हनुमान जी का कार्यक्रम था। शुभारंभ में श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया हनुमान जी की आरती की गई दीप प्रज्वलित कर मां भारती भारत माता को प्रणाम कर भोग लगाकर भोजन बूँदी का वितरण किया गया। बताया की संस्थान का उद्देश्य सच्ची सेवा सबका सम्मान करना है। इस मौके पर अवदेश विश्नोई रविंद्र राणा महेश बिश्नोई मुकुल बिश्नोई सौरभ बिश्नोई राहुल बिश्नोई अंशुल गुप्ता ,विवेक विश्नोई राजीव विश्नोई ,हरिओम विश्नोई विपिन चौधरी उदय चौधरी अभिमन्यु चौधरी राम रतन जी वेद प्रकाश सिंह व अन्य काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## दहेज उत्पीड़न में महिलाओं सहित आठ पर एफआईआर

**कांठ ( शाह टाइम्स )** दहेज उत्पीड़न में पुलिस ने महिलाओं सहित आठ पर एफआईआर दर्ज की कांठ के मोहल्ला मांन नगर निवासी प्रीति पुत्री महेंद्र की शादी 2019 में रोहित पुत्र नंद किशोर निवासी देहरादून के साथ हुई थी शादी में काफी दहेज दिया गया लेकिन उसके ससुराल वाले इस दहेज से खुश नहीं हुए और शादी के बाद से ही 5 लाख रुपये कर व सोने के गहनों की मांग की जाने लगी आरोप है की उसके ससुराल वालों ने कभी 10 हजार कभी 15 हजार मांगने शुरू कर दिए मायके वाले जब पैसे देकर थक चुके तब उन्होंने इसके लिए मना कर दिया। इस बात से नाराज ससुरालयों ने आए दिन मारपीट करनी शुरू कर दी महिला का पति स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में संविदा पर कार्य करता है वह आए दिन शराब पीकर उसके साथ बुरी तरह से मारपीट करता था इस बीच उसके दो पुत्र भी हुए जब वह मायके रुकने के लिए वही तो पति और नंदोई आदि ने उसके साथ मारपीट की और घर वालों को जान से मारने की धमकी देकर उसे ससुराल लेकर आ गए पीड़िता ने ससुरालियों पर बात-बात पर मारपीट करने का आरोप लगाया पीड़िता ने महिला थाना मुरादाबाद में प्रार्थना पत्र दिया तो ससुराल वाले लिखित फैसला करके उसे ले गए। लेकिन उसके बाद उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया जाने लगा हालात बिगड़े तो पीड़िता ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई पुलिस ने महिलाओं सहित 8 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## जनपद में 82 हजार से ज्यादा लोगों की जन गणना का कार्य पूर्ण

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** स्वगणना का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। मंगलवार शाम 6:00 बजे तक 82239 लोगों की स्वगणना का आंकड़ा छूता दिखाई दिया। लक्ष्य बना कर प्रशानिक टीम कार्य कर रही है। इसी के चलते काफी लोग स्वगणना करवाने में रुचि ले रहे हैं।22 मई से घर घर जाकर जनगणना का कार्य प्रगणक करेंगे। इससे पहले कोशिश है कि ज्यादा लोगों की स्वगणना का कार्य कर लिया जाए। मंगलवार को यूनिफार्म फोर्स डे की स्वगणना का रखा गया। इसमें पीएसी और पुलिस के जवानो ने स्वगणना में हिस्सा लिया। वर्दी वालों की ज्यादा संख्या में जनगणना के लिए जोर है। जिला जनगणना अधिकारी ममता मालवीय के मुताबिक अब तक 82239 से ज्यादा लोगों की स्वगणना का कार्य पूरा कर लिया गया है। जिला जनगणना अधिकारी ने कहा कि स्वगणना के लिए के लिए पोर्टल पर जाकर परिवार के मुखिया का मोबाइल नंबर डालना होगा। आधार और मकान से जुड़ी जानकारी इसमें भरनी होगी। पूरी प्रक्रिया के बाद 11 अंकों की एसईआईडी जनरेट होगी प्रगणकों को यही आईडी बतानी है।

## सीडीपीओ कार्यालय बिलारी में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की बैठक संपन्न

**बिलारी।** नगर स्थित सीडीपीओ कार्यालय में मंगलवार को बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) सुरेंद्र पाल की अध्यक्षता में मुख्य सेविकाओं, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए महिला एवं बाल विकास से संबंधित जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सीडीपीओ सुरेंद्र पाल ने कहा कि महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और टीकाकरण कार्यक्रमों को पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ संचालित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कुपोषण मुक्त अभियान को सफल बनाने के लिए घर-घर संपर्क कर लाभार्थियों को जागरूक किया जाए तथा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान स्व-गणना अभियान एवं जनगणना प्रपत्रों की ऑनलाइन फीडिंग को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समय पर पहुंच सके। बैठक में आंगनवाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं, पोषण आहार वितरण, टीकाकरण अभियान तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की गई। साथ ही उपस्थित कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं से क्षेत्रीय समस्याओं की जानकारी लेकर उनके समाधान पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर मुख्य सेविका मोनिका सिरोही, सोनिका सिरोही, चारुल भारती, शिवकुमारी, सविता, बबीता एवं अतुल शर्मा सहित बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं।



## मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पिता-पुत्र सहित चार के खिलाफ केस दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** देर रात खाना खाकर टहलने जा रहे तीन लोगों के साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडो और धारदार हथियार से हमला बोल दिया। जिसमें पीड़ित के परिवार के कई लोग घायल हो गए थे। घायल की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट करने के आरोप में पिता-पुत्र सहित चार के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव रतूपुरा निवासी धर्मेन्द्र कुमार पुत्र सोमपाल सिंह 10 मई की रात्रि करीब 09 बजे अपने परिवार के दो अन्य सदस्यों के साथ खाना खाकर गांव में टहलने जा रहे थे। तभी मोहल्ले के ही नरेंद्र सिंह पुत्र होरी सिंह ने उन्हे देखकर गाली शुरू कर दी। जब गालियों का विरोध किया तो पहले से घात लगाए बैठे अमन पुत्र नरेंद्र और दो अज्ञात लोग लाठी डंडो और धारदार हथियारों से जान से मारने की नियत से मारना पीटना शुरू कर दिया। मारपीट के दौरान चींखपुकार सुनकर मोहल्ले के लोगों का आता देखकर आरोपी जान मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पिता पुत्र सहित चार के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक भर्ती शुरू, 5 हजार मिलेगा मानदेय

**मुरादाबाद।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के मेरा युवा भारत कार्यक्रम के तहत जनपद में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला युवा अधिकारी सचिन कुमार ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण, युवा जागरूकता कार्यक्रमों एवं सामाजिक गतिविधियों से जोड़ना है। चयनित स्वयंसेवकों को ब्लॉक स्तर पर माय भारत कार्यक्रमों के संचालन, युवाओं की सहभागिता बढ़ाने, जागरूकता अभियान चलाने तथा युवा क्लबों के सशक्तिकरण का कार्य सौंपा जाएगा। चयनित स्वयंसेवकों को 5,000 रुपये प्रतिमाह मानदेय भी प्रदान किया जाएगा। आवेदन करने वाले अभ्यर्थी की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण होना आवश्यक है। आयु 18 से 29 वर्ष के बीच होनी चाहिए। नियमित छात्र आवेदन के पात्र नहीं होंगे। चयन प्रक्रिया साक्षात्कार एवं मेरिट के आधार पर होगी। जानक. ारी के लिए अभ्यर्थी 8630109399 एवं जिला युवा अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र मौ० मुर्सलीन व पुत्रवधु अर्जिस शमा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक व सामाजिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **शौकत अली पुत्र श्री फकीर मौहम्मद** निवासी: सादात पश्चिमी, कस्बा कुन्दरकी, भटपुरा, थाना-कुन्दरकी, जिला मुरादाबाद। मोबाइल नं0-9690917157

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्रों नसीम व फहीम को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक व सामाजिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कुकृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **श्रीमती किशवरी पत्नी नासिर व नासिर पुत्र श्री तुल्लन निवासीगण मौहल्ला नूरूल्ला कुंदरकी तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद।**

# राज. आईटीआई चन्दौसी में विजेता प्रतिभागियों को बांटे गए पुरस्कार व प्रमाणपत्र

## सांस्कृतिक, साहित्यिक और खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रशिक्षार्थियों ने दिखाया उत्साह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चन्दौसी में मंगलवार को प्रशिक्षण सत्र 2025-26 के अंतर्गत आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार वितरण समारोह संस्थागत ऑडिटोरियम में में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में नगरपा. लिका परिषद चन्दौसी की अध्यक्षा लता वार्ष्णेय एवं समा. जसेवी अखिलेश खिलाड़ी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि लता वार्ष्णेय ने अपने संबोधन में कहा कि खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं समाजसेवी अखिलेश खिलाड़ी ने प्रशिक्षार्थियों को जीवन में निरंतर मेहनत एवं आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य प्राप्त करने का संदेश दिया। दोनों अतिथियों ने विजेता प्रतिभागियों एवं विजेता टीमों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में पूजा, यशिका, मोनी सिंह, शिवानी कश्यप, झलक शर्मा, काजल एवं शोभा भारती ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। बेस्ट जॉब मेंकिंग प्रतियोगिता में विद्युतकार, वायरमैन, फिटर एवं ई०पी०डी० ट्रेड के प्रशिक्षार्थियों द्वारा उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किए गए। एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में 100 मीटर पुरुष वर्ग में उमाशंकर प्रथम, अजय द्वितीय एवं शक्ति सिंह तृतीय रहे। 100 मीटर महिला वर्ग में प्रीति प्रथम, तनिष चौधरी द्वितीय एवं सलोनी तृतीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर पुरुष वर्ग में सचिन प्रथम, ललतेश द्वितीय एवं रवि कुमार तृतीय रहे, जबकि 200 मीटर महिला वर्ग में तनिष चौधरी प्रथम, सलोनी द्वितीय एवं नीरज तृतीय स्थान पर रहीं। शॉटपुट पुरुष वर्ग में रमन कुमार प्रथम, पंकज यादव द्वितीय एवं अंशुल मौर्य तृतीय रहे। महिला वर्ग में स्वाति यादव प्रथम, पारुल द्वितीय एवं तनिष चौधरी तृतीय स्थान पर रहीं। लॉन्ग जंप पुरुष वर्ग में ललतेश प्रथम, अजय द्वितीय एवं राघव यादव तृतीय रहे, जबकि महिला वर्ग में तनिष चौधरी प्रथम, अनु द्वितीय एवं प्रीति तृतीय स्थान पर रहीं। खो-खो पुरुष वर्ग में कन्हैया वार्ष्णेय, आकाश कुमार, रमन कुमार, सोहिल शर्मा, अभिजीत शंखधार, अंकित यादव, लिंकन यादव, तुषार, राजेश, शिवम यादव, प्रशान्त कुमार एवं अमनपाल की टीम विजेता रही। महिला वर्ग में नीतू, शिवानी, सलोनी, नेहा, रौनक, गायत्री, पल्लवी पाल, अनीता, पारुल, रिंकी, दीक्षा एवं प्रिया वघेल की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की। रस्साकशी पुरुष वर्ग में रोहित, तुषार, अनमोल, राहुल, विनीत, ओमेन्द्र, दीनानाथ एवं सचिन शर्मा की टीम विजेता रही, जबकि महिला वर्ग में चंचल, विनिता, अन्नू, निधि, राधिका भारती, ज्योति, रितु एवं मानसी बघेल की टीम विजेता रही। वॉलीबॉल पुरुष वर्ग में रोहित, सिद्धार्थ वार्ष्णेय, जोगेश, विनीत, तुषार, राहुल, विशाल एवं अंशुल कुमार की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में प्रिया वघेल, तनिष चौधरी, खुशी, लकी, पल्लवी पाल, रौनक, सला. ेनी एवं अंशिका वार्ष्णेय की टीम विजेता रही।




कार्यक्रम का संचालन कीर्तिपाल शर्मा द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में अशोक कुमार, अनिल कुमार एवं राखी, मनोज कुमार, पंकज कुमार, धीरज सक्सेना एवं दीपमाला, मुकेश कुमार, सुधीर सिंह एवं शिवम, उपेन्द्र सिंह, योगेन्द्र स्वरूप, मुकेश कुमार, संजीव सक्सेना, कुलदीप गोपाल, सुधाकर मिश्रा एवं अजय कुमार का विशेष योगदान रहा। समारोह के अंत में प्रधानाचार्य डॉ. नरेन्द्र सिंह पाल ने सभी अतिथियों, कर्मचारियों एवं प्रशिक्षार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं। कार्यक्रम उत्साह, अनुशासन एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भारत की खेती पर गहराता संकट: मेहनत किसान की, मुनाफा व्यवस्था का

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** भारत को वर्षों से कृषि प्रधान देश कहा जाता रहा है, लेकिन आज भी देश का किसान असुरक्षा, कर्ज, मौसम की मार और अव्यवस्थित बाजार व्यवस्था से जूझ रहा है। इसी विषय पर मुस्लिम स्कॉलर एवं अधिवक्ता मुहम्मद उस्मान एडवोकेट अजहरी ने गंभीर सवाल उठाए हैं। भारत की खेती: मेहनत किसान की, मुनाफा व्यवस्था का' शीर्षक से जारी लेख में उन्होंने कहा कि देश की लगभग 45 प्रतिशत आबादी आज भी खेती पर निर्भर है, लेकिन कृषि क्षेत्र लगातार नीतिगत उपेक्षा का शिकार है। कोरोना काल, आर्थिक मंदी और वैश्विक संकट में भी भारतीय कृषि ने अर्थव्यवस्था को संभाला, फिर भी किसानों की मूल समस्याएं जस की तस हैं। भारत में औसत जोत का आकार घटकर लगभग 1.08 हेक्टेयर रह गया है। छोटी और बिखरी जमीनों पर आधुनिक तकनीक, मशीनरी और सिंचाई अपनाना किसानों के लिए महंगा और कठिन है। इसी कारण भारत प्रति हेक्टेयर उत्पादन में अमेरिका, चीन और इजरायल से काफी पीछे है। किसानों के बढ़ते कर्ज को कृषि क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या बताते हुए उन्होंने कहा कि फसल खराब होने, कीमत गिरने या मौसम बिगड़ने पर किसान सीधे कर्ज के जाल में फंस जाता है। बैंकिंग की जटिलताओं के कारण बड़ी संख्या में किसान साहूकारों पर निर्भर हैं। कृषि बीमा योजनाओं का लाभ किसानों से अधिक बीमा कंपनियों को मिलता दिखाई देता है। गन्ना किसानों का भुगतान चीनी मिलों द्वारा महीनों और कई बार वर्षों तक लंबित रखा जाता है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है। खाद की कमी, कालाबाजारी और लंबी लाइनें भी बड़ी समस्या हैं। देश की लगभग आधी खेती आज भी मानसून पर निर्भर है। अनियमित बारिश, सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि और बढ़ते तापमान ने खेती को अस्थिर कर दिया है। कई राज्यों में भूजल स्तर लगातार गिर रहा है। खेत से मंडी तक पहुंचते-पहुंचते उपज पर बिचौलियों और परिवहन लागत का कब्जा हो जाता है। किसान को मेहनत का उचित मूल्य नहीं मिलता। भंडारण और कोल्ड चेन की कमी से फल-सब्जियां खराब हो जाती हैं। डैच की कानूनी गारंटी प्रमुख मांग है, लेकिन इसका लाभ केवल कुछ फसलों और सीमित राज्यों तक ही पहुंचता है। खेती रासायनिक उर्वरकों और महंगे व्यावसायिक बीजों पर निर्भर होती जा रही है। इससे लागत बढ़ रही है और मिट्टी की उर्वरा शक्ति कमजोर हो रही है। घरेलू और पारंपरिक बीज धीरे-धीरे समाप्त हो रहे हैं। सार्वजनिक क्षेत्र में कृषि अनुसंधान की भूमिका भी कमजोर पड़ी है। कम मुनाफा और अनिश्चित भविष्य के कारण युवा खेती से दूर हो रहे हैं। गांवों से शहरों की ओर पलायन बढ़ रहा है। पशुपालन आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी प्रभावित हुई है। मुहम्मद उस्मान एडवोकेट अजहरी ने कहा कि भारत की कृषि की सबसे बड़ी समस्या किसान की मेहनत की कमी नहीं, बल्कि उसकी मेहनत का उचित मूल्य न मिलना है।



उन्होंने मांग की कि किसानों को बीज से लेकर बाजार तक सुरक्षा दी जाए। सिंचाई, भंडारण, वैज्ञानिक अनुसंधान, घरेलू बीज संरक्षण और निष्पक्ष बाजार व्यवस्था को मजबूत बनाया जाए।

उन्होंने कहा कि खेती केवल अर्थव्यवस्था का हिस्सा नहीं, बल्कि भारत की सामाजिक और राष्ट्रीय रीढ़ है।

# GT ने SRH को 169 रन का टारगेट दिया

■ साई सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 61 रन बनाए, वाशिंगटन सुंदर ने 33 बाल पर 50 रन की पारी खेली, प्रफुल और साकिब ने 2-2 विकेट लिए



**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटंस ने आाईपीएल 2026 के 56वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 169 रन का टारगेट दिया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर बालिंग चुनी। गुजरात ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 168 रन बनाए।

साई सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 61 रन बनाए। वाशिंगटन सुंदर ने 33 बाल पर 50 रन की पारी खेली। हैदराबाद के लिए प्रफुल हिंगे और साकिब हुसैन ने 2-2 विकेट लिए। उनके अलावा पैट कमिंस को एक विकेट मिला। गुजरात टाइटंस ने आखिरी ओवर में 10 रन जोड़कर 5 विकेट पर 168 रन बनाए। वाशिंगटन सुंदर ने 32 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, लेकिन अगली ही गेंद पर आउट हो गए। साकिब हुसैन की आफ-पेस गेंद पर सुंदर बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन गेंद हवा में ऊंची चली गई। विकेटकीपर ईशान किशन ने दौड़ते हुए शानदार डाइविंग कैच पकड़ा। आखिरी गेंद पर राहुल तेवतिया ने चौका लगाकर टीम को 168 रन तक पहुंचाया। शुरुआती झटकों के बाद साई सुदर्शन और सुंदर ने पारी संभाली। सुदर्शन ने 61 रन की अहम पारी खेली। सुंदर ने 33 गेंदों में 50 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। 19वें ओवर में वाशिंगटन सुंदर ने 18 रन बटोरे। उन्होंने ओवर में दो चौके और एक शानदार छक्का लगाया।

सुंदर ने लगभग यार्कर गेंद को फाइन लेग के ऊपर से लैप कर चौका बटोरा, जबकि आखिरी गेंद पर दमदार सिक्स जड़ दिया। इससे पहले उन्होंने शार्ट गेंद पर पुल शाट खेलकर भी बाउंड्री हासिल की। इस ओवर के बाद गुजरात टाइटंस का स्कोर 19 ओवर में 158/4 पहुंच गया। प्रफुल हिंगे ने 18वें ओवर में शानदार गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 7 रन दिए। उन्होंने जेसन होल्डर और वाशिंगटन सुंदर को बड़े शाट खेलने का मौका नहीं दिया। हिंगे ने लगातार यार्कर और हार्ड लेंथ गेंदों से बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। सुंदर ने जरूर पाइंट के जरिए चौका निकाला, लेकिन बाकी गेंदों पर गुजरात खुलकर रन नहीं बना सका। 18 ओवर के बाद गुजरात का स्कोर 140/4 पहुंचा। 17वें ओवर में साई सुदर्शन तेज रन बनाने के प्रयास में अपना विकेट गंवा बैठे। साकिब हुसैन की यार्कर गेंद पर उन्होंने रिवर्स लैप खेलने की कोशिश की, लेकिन सही पोजिशन में नहीं आ सके।

गेंद बल्ले पर ठीक से नहीं आई और शार्ट थर्ड पर खड़े प्रफुल हिंगे के हाथों में चली गई। हिंगे ने थोड़ा असहज अंदाज में कैच जरूर पकड़ा, लेकिन मौका नहीं गंवाया। सुदर्शन 44 गेंदों में 61 रन बनाकर आउट हुए। उनकी पारी में 5 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। सुदर्शन आईपीएल 2026 में 500 रन बनाने वाले पहले बैटर बने। उन्होंने लगातार तीसरी फिफ्टी लगाई। 14वें ओवर में साई सुदर्शन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए चौके के साथ अपना अर्धशतक पूरा किया।

## अक्षर पटेल पर 10 लाख रुपये का जुर्माना



**धर्मशाला, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के कप्तान अक्षर पटेल पर धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली की टीम ने धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 55वें मैच के दौरान ने धीमी ओवर गति बनाए रखी। चूंकि आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत, जो न्यूनतम ओवर गति से जुड़े अपराधों से संबंधित है, यह इस सीजन में उनकी टीम का पहला अपराध था, इसलिए अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। डीसी ने अक्षर पटेल (56) और डेविड मिलर (51) की विस्फोटक अर्धशतकीय पारियों की बदौलत पंजाब किंग्स को छह गेंदें शो रहते तीन विकेट से हराकर अपनी प्लेऑफ की उम्मीद को जिदा रखा। पंजाब किंग्स की यह लगातार चौथी हार है।

**खेल विशेष**

### शबनीम इस्माइल ने रिटायरमेंट बदला

**जोहानसबर्ग, वार्ता।** अनुभवी तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल को इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट के लगभग तीन साल बाद, इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए दक्षिण अफ्रीका की 15 सदस्यों वाली टीम में शामिल किया गया है। 37 साल की यह खिलाड़ी 113 टी-20 कैप और रिकॉर्ड 123 विकेट के साथ टीम में वापस आई हैं। लॉरा वोल्वार्ट की लीडरशिप में दक्षिण अफ्रीका ने चोट के बाद मारिजैन कैप और डेन वैन नीकर्क का भी स्वागत किया है, जबकि विकेट कीपर-बल्लेबाज कराबो मेसो कलाई की चोट से उबर चुकी हैं, जिसकी वजह से वह हाल ही में भारत के साथ हुई सीरीज से बाहर हो गई थीं। कायला रेनेके को एक मजबूत इंटरनेशनल सीजन के बाद अपना पहला सीनियर वर्ल्ड कप कॉल-अप मिला।

### मैं सौ प्रतिशत गेंदबाज और सौ प्रतिशत बल्लेबाज हूं: माधव

**धर्मशाला, वार्ता।** माधव तिवारी ने आईपीएल 2026 के अपने पहले मैच और लीग में कुल मिलाकर अपने दूसरे आधिकारिक मैच में गेंद और बल्ले दोनों से असर छोड़ा। पंजाब किंग्स के खिलाफ उनके प्रदर्शन ने दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) की प्लेऑफ की बची-खुची उम्मीदों को जदिा रखा और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी मिला। 22 साल के इस ऑलराउंडर ने कहा कि वह नेट्स में लगातार अपने स्किल को निखार रहे थे ताकि जरूरत पड़ने पर टीम के लिए योगदान दे सकें। दरअसल, उन्होंने पिछले मई में भी पंजाब किंग्स के खिलाफ डेब्यू किया था, लेकिन उस समय भारत और पाकिस्तान के बीच सीमापार तनाव के कारण मैच पहली पारी के बीच में ही रद्द कर दिया गया था और बाद में दोबारा खेला गया। उस मैच में तिवारी ने सिर्फ एक ओवर गेंदबाजी की थी और 14 रन दिए थे, जबकि दोबारा हुए मैच में उन्हें टीम में जगह नहीं मिली। तिवारी ने कहा, सबसे पहले मैं टीम प्रबंधन का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा कि उन्होंने मुझे यह मौका दिया और मैं खुशकस्मित हूं कि टीम की जीत में योगदान दे पाया।

### ऑस्ट्रेलिया के महान टेनिस खिलाड़ी माल एंडरसन का निधन

**सिडनी, वार्ता।** टेनिस ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को बताया कि ऑस्ट्रेलिया के महान टेनिस खिलाड़ी माल एंडरसन का 91 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह यूएस चैंपियनशिप (जिसे अब यूएस ओपन कहा जाता है) जीतने वाले पहले गैर-वरीयता प्राप्त खिलाड़ी थे। एंडरसन ऑस्ट्रेलिया के युद्ध के बाद के स्वर्णिम युग का हिस्सा थे, उन्होंने 1957 में यूएस चैंपियनशिप का एकल खिताब और तीन प्रमुख युगल खिताब जीते थे। उन्होंने 1957 और 1973 में ऑस्ट्रेलिया को डेविस कप जिताने में भी मदद की थी।

## टिम डेविड पर मैच फीस का 30 फीसदी जुर्माना



**रायपुर, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के ऑलराउंडर टिम डेविड पर आईपीएल की खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए बनी आचार सं. हता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 30 फीसदी जुर्माना लगाया गया है और साथ ही उन्हें दो डिमेरिट पॉइंट भी दिए गए हैं। टिम को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-6 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो ऐसे हावभाव का इस्तेमाल करने से संबंधित है जो अश्लील, आपत्तिजनक या अपमानजनक हों। टिम ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी अमित शर्मा द्वारा दी गई सजा को मान लिया। आरसीबी ने इस मुकाबले में भुवनेश्वर कुमार (चार विकेट/ नाबाद सात रन) और क्रुणाल पांड्या (73) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रविवार को आईपीएल 2026 के 54वें मुक. ाबले में आखिरी गेंद पर मुम्बई इंडियंस को दो विकेट से शिकस्त दी।

## प्लेऑफ में जगह पक्की करने उतरेगी RCB

**रायपुर, वार्ता।** प्लेऑफ का रास्ता अब मुश्किल होता जा रहा है, दबाव बढ़ता जा रहा है, और रायपुर की तेज गर्मी में, दो ऐसी टीमें जिनकी अब तक की यात्रा बिल्कुल अलग रही है, एक ऐसी टक्कर के लिए तैयार हैं जो इंडियन प्रीमियर लीग में उनके पूरे सीजन का भविय तय कर सकती है। डिफेंडिग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, आईपीएल 2026 के ज्यादातर हिस्से में एक ऐसी टीम की तरह दिखी है जो पूरी तरह से नियंत्रण में है।

शांत, संयमित और खतरनाक, उन्होंने 11 मैचों में सात जीत के साथ धीरे-धीरे अपनी लय बनाई है और अब वे एक और बार प्लेऑफ में पहुंचने की कगार पर खड़े हैं। लेकिन उनके सामने एक ऐसी टीम आ रही है जिसने ठीक सही समय पर अपना खोया हुआ आत्मविश्वास फिर से पा लिया है-एक नई ऊर्जा से भरी कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम, जिसने खुद को टूर्नामेंट से बाहर होने के कगार से खींचकर वापस मुक. ाबले में ला खड़ा किया है। जब बुधवार की रात ए दोनों टीमें शहीद वीर नारायण सिंह



इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मैदान पर उतरेंगी, तो दांव पर सिर्फ दो अंक ही नहीं होंगे। बल्कि दांव पर होगी टीम की लय, आत्मविश्वास और शायद पूरे अभियान की दिशा। आरसीबी का यह सीजन एक बार फिर विराट कोहली की मौजूदगी से ही आगे बढ़ा है। हो सकता है कि अब वह अकेले ही टीम का सारा बोझ न उठाते हों, लेकिन वह अब भी इस बेंगलुरु टीम की भावनात्मक धड़कन बने हुए हैं। उनके बनाए 379 रन पूरी दबंगई और इरादे के साथ आए हैं, उन्होंने पारी की शुरुआत में ही टीम के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है, जिससे उनके आस-पास के दूसरे खिलाड़ियों को भी खुलकर खेलने का मौका मिला है। कप्तान रजत पाटीदार ने पारी के बीच के ओवरों में निडरता का परिचय दिया है, वह क्रीज पर आते ही गेंदबाजों पर हमला बोल देते हैं। फिर टीम के पास टिम डेविड जैसा 'फिनिशर' भी है, जिसने पारी के आखिरी ओवरों को विपक्षी गेंदबाजों के लिए पूरी तरह से अफरा-तफरी और मुश्किलों से भरे पलों में बदल दिया है। और जब पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ हालात मुश्किल हो गए थे, तो क्रुणाल पांड्या ही थे जिन्होंने एक ऐसी जुझारू और दमदार पारी खेली, जिसकी जरूरत अक्सर चैंपियन टीमों को होती है। मांसपेशियों में खिचाव, दबाव और लड़खड़ाती हुई रन-चेज जैसी तमाम मुश्किलों से जूझते हुए, उन्होंने 46 गेंदों में 73 रनों की एक शानदार पारी खेलकर आरसीबी को जीत दिलाई। गेंदबाजी के मोर्चे पर, हमेशा की तरह बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले भुवनेश्वर कुमार ने एक बार फिर अपने पुराने दिनों की याद ताजा कर दी है।

## ऑरेंज कैप की रेस में दूसरे स्थान पर पहुंचे केएल राहुल

**धर्मशाला, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल आईपीएल में सर्वाधिक रनों के लिए ऑरेंज कैप की रेस में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड दिल्ली कैपिटल्स ने पंजाब किंग्स के खिलाफ सोमवार को बेहद जरूरी जीत दर्ज की, जिससे प्लेऑफ में पहुंचने की उनकी उम्मीदें जदिा रहीं।

हालांकि 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए केएल राहुल वैसा योगदान नहीं दे पाए, जैसा वह चाहते थे। लेकिन 8 गेंदों पर 9 रन बनाकर वह इस सीजन के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में नंबर 3 से नंबर 2 पर पहुंच गए। उन्होंने अब तक 12 पारियों में 177-98 के स्ट्राइक रेट से 477 रन बनाए हैं। मंगलवार को



सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) का मुकाबला गुजरात टाइटंस (जीटी) से है, इसलिए राहुल की यह पोजशिन सुरक्षित नहीं है। अभिोक शर्मा (475) और उनके सबसे पुराने व अच्छे दोस्त शुभमन गिल (462) उनके बेहद करीब हैं। वहीं हेनरिक क्लासेन 11 पारियों में 157-32 के स्ट्राइक रेट से 494 रन बनाकर शीर्ा पर हैं। उनके पास भी अपनी बढ़त को और मजबूत करने का मौका है। पर्पल कैप लीडरबोर्ड 2016 और 2017 में लगातार दो बार पर्पल कैप जीतने वाले भुवनेश्वर कुमार ने साफ कर दिया है।

## गेंदबाजी और फील्डिंग ने हमसे मैच छीन लिया: श्रेयस अय्यर

**धर्मशाला, वार्ता।** पंजाब किंग्स की लगातार चौथी हार के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि सोमवार को उनकी गेंदबाजी और फील्डिग ने टीम को मैच हराया, क्योंकि बल्लेबाजी में उन्होंने 5 विकेट पर 210 रन बनाए थे। पंजाब के क्षेत्ररक्षकों ने दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बल्लेबाजों के दो कैच छोड़े। वे इस सीजन में अब तक कुल 19 कैच छोड़ चुके हैं, जो किसी भी टीम से सबसे ज्यादा हैं।



अय्यर ने कहा, मैं बात घुमाऊंगा नहीं। मैं यही कहूंगा कि फिर से फील्डिग और गेंदबाजी के कारण हम मैच में पीछे गए। इस विकेट पर, जहां गेंद सीम कर रही थी और उछाल अलग-अलग थी, हमने कम से कम 30 रन ज्यादा बनाए थे। जब उनसे पूछा गया कि आईपीएल इतिहास के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज युजवेंद्र चहल ने पंजाब की गेंदबा. जी में एक भी गेंद क्यों नहीं डाली, तो अय्यर ने कहा: उन्हें गेंद देने का बिल्कुल विचार था, लेकिन जिस तरह गेंद सीम कर रही थी और तेज गेंदबाजों को मदद मिल रही थी, तो हमें लगा कि अगर हम अपनी लाइन और लेंथ पा लें, तो विकेट निकाल सकते हैं। लेकिन दुर्भाग्य से हम ऐसा नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि मैं कोई बहाना नहीं देना चाहता इसलिए यह कहूंगा कि फील्डिग और गेंदबाजी एक बार फिर हार का कारण रही। स्कोर बहुत अच्छा था और मुझे लगा कि हमने 30 रन अधिक बनाए थे क्योंकि परिस्थितियां कठिन थी और गेंद सीम कर रही थी।

चहल से गेंदबाजी कराना मन में था लेकिन जिस तरह से गेंद सीम कर रही थी और मूव कर रही थी उसे देखते हुए मैंने तेज गेंदबा. जों से गेंदबाजी कराने का फैसला किया लेकिन हम विकेट हासिल नहीं कर पाए। दिल्ली कैपिटल्स के सामने 211 का लक्ष्य भी था। पावरप्ले में ही दिल्ली कैपिटल्स ने तीन विकेट गंवा दिए थे और ट्रिस्टन स्टब्स दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से रन आउट भी हो गए थे।

## नीरज चोपड़ा की वापसी में देरी

■ सचिन यादव रोम में डायमंड लीग में डेब्यू की तैयारी में

**रोम, वार्ता।** भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव 4 जून को प्रतिठित एथलेटिक्स सीरीज के रोम चरण में डायमंड लीग में अपना डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। खास बात यह है कि इस मीट की एंट्री लिस्ट में ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा का नाम शामिल नहीं है। नीरज चोपड़ा, जो इस समय तुर्की में ट्रेनिग और रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरने का इलाज) कर रहे हैं, उन्होंने अभी तक अपना 2026 एथलेटिक्स सीजन शुरू नहीं किया है।

उन्हें आखिरी बार सितम्बर में टोक्यो में हुई विश्व चैंपियनशिप



में एक्शन में देखा गया था, जहां उन्होंने पीठ की चोट के बावजूद मुकाबला किया था और निराशा. जनक रूप से आठवें स्थान पर रहे थे। नीरज की गैरमौजूदगी में, रोम में सभी की नजरें सचिन यादव पर होंगी, जिन्हें पुरुों की भाला फेंक प्रतियोगिता के लिए आठ प्रतिस्पर्धियों में शामिल किया गया है। 26 वर्ीय सचिन पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद पहली बार किसी अंतर्राष्ट्रीय इवेंट में हिस्सा लेंगे। वह फाइनल में 86-27मी के अपने सर्वश्रेठ थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे थे और पदक जीतने से बाल-बाल चूक गए थे। उन्होंने पिछले साल एशियाई चैंपियनशिप में भी रजत पदक जीता था। रोम 2026 डायमंड लीग में सचिन का मुकाबला कई दिग्गज खिलाड़ियों से होगा, जिनमें ग्रेनाडा के पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स, जर्मनी के जूलियन वेबर, रियो 2016 के चैंपियन जर्मनी के थॉमस रोहलर और टोक्यो 2020 के रजत पदक विजेता चेकिया के याकूब वाडलेज शामिल हैं। अमे. रिका के कर्टिस थॉम्पसन, पोलैंड के डेविड वेगनर और श्रीलंका के रुमेश थरंगा पथिरगे - जो इस समय दुनिया के शीर्ा खिलाड़ी हैं भी इस मुकाबले में शामिल होंगे। सचिन यादव ने अप्रैल में नई दिल्ली में हुई इंडियन एथलेटिक्स सीरीज मीट के साथ घरेलू सर्किट पर अपना 2026 सीजन पहले ही शुरू कर दिया है।

## यूरोपियन टी-20 प्रीमियर लीग में डबलिन गार्डियंस के मालिक बने राहुल द्रविड़

**डबलिन, वार्ता।** पूर्व भारतीय कप्तान और टी-20 विश्व कप विजेता कोच राहुल द्रविड़ को यूरो. पियन टी-20 लीग (ईटीपीएल) की टीम डबलिन गार्डियंस का मालिक घोाित किया गया है।

यह ईटीपीएल की छह टीमों में से एक है, जो अगस्त 2026 में शुरू होने वाली छह टीमों की लीग में हिस्सा लेगी। क्रिकेट आयरलैंड, क्रिकेट स्कॉटलैंड और रॉयल डच क्रिकेट एसोसिएशन के साथ साझेदारी में शुरू की गई इस लीग में डबलिन, बेलफास्ट, एडिनबर्ग, ग्लासगो, रोटर्डम और एम्स्टर्डम की टीमें शामिल हैं। यह यूरोप की पहली आईसीसी -मान्यता प्राप्त बहु-देशीय फ्रेंचाइजी टी-20 लीग भी है।

द्रविड़ ने एक बयान में कहा कि ईटीपीएल की जो बात मुझे सबसे ज्यादा आकर्ाित कर गई, वह इसका बड़ा विजन था। इस लीग से आयरलैंड और पूरे यूरोप में ग्रासरूट डेवलपमेंट को मजबूत करके, उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए रास्ता बनाकर क्रिकेट को आगे बढ़ाने का मौका है। डबलिन में पहले से ही क्रिकेट को लेकर जुनूनी समुदाय है और यहां विकास की काफी संभावनाएं हैं। अगली पीढ़ी को तैयार करना हमेशा मेरे लिए अहम रहा है और मुझे लगता है कि ईटीपीएल इस सफर में अहम भूमिका निभा सकती है। बॉलीवुड स्टार अभिोक बच्चन की सह-मालिकाना वाली इस लीग में कई पूर्व और मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटरों की टीमें शामिल हैं, जिसमें ग्लेन मैक्सवेल (आयरिश वुल्व्स के सहमालिक), स्टीव वॉ (एम्स्टर्डम फ्लेम्स के सहमा. लिक), नेथन मैकुलम -काइल मिल्स (एडिनबर्ग कैसल रॉकर्स के मालिक), क्रिस गेल (ग्लासगो कॉस्मिक के सहमालिक) और जोंटी रोड्स-फाफ डु प्लेसी-हेनरिक क्लासेन (रोटर्डम डॉकर्स के मालिक) प्रमुख नाम हैं। डु प्लेसी और मैक्सवेल तो इस लीग में खेलते भी नजर आएंगे।

# मुरादाबाद मंडल में गोवंश संरक्षण की बड़ी छलांग

## 218 गो आश्रय स्थलों में 65,113 बेसहारा पशुओं को मिला सहारा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मंडल में बेसहारा और निराश्रित गोवंशों के संरक्षण में तेजी से काम हो रहा है। 12 मई को आयुक्त आंजनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई गो आश्रय स्थलों की समीक्षा बैठक में मंडल की सकारात्मक तस्वीर सामने आई। वर्तमान में मंडल के 218 गो आश्रय स्थलों में कुल 65,113 गोवंशों को सुरक्षित आश्रय दिया जा चुका है।

मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना के तहत मंडल ने रिकॉर्ड बनाया है। 4125 के लक्ष्य के मुकाबले 7703 गोवंशों को पशुपालकों को सौंपकर 186.76% का आंकड़ा छू लिया गया है। संभल जिला गोवंश संरक्षण में सबसे आगे है, जहां 27,768 गोवंश संरक्षित हैं। बिजनौर में 14,658, मुरादाबाद में 10,781, अमरोहा में 8,647 और रामपुर में 3,259 गोवंशों को आश्रय मिला है। प्रशासन की मुस्तैदी से अब मंडल में सिर्फ 684 निराश्रित गोवंश ही सड़कों पर बचे हैं। इनमें ग्रामीण क्षेत्रों के 471 और शहरी क्षेत्रों के 213 गोवंश शामिल हैं। भूसा संग्रहण के 5,36,396.2 कुंतल लक्ष्य के सापेक्ष 4,24,478 कुंतल (79.14%) की व्यवस्था हो चुकी है। अमरोहा ने 100.31% और मुरादाबाद ने 94.64% लक्ष्य हासिल कर लिया है। हरे चारे के लिए 372.62 हेक्टेयर गोचर भूमि पर उत्पादन हो रहा है।

बाबूगढ़ प्रक्षेत्र, हापुड़ से 6,10,000 नेपियर रूट बांटकर 16 हेक्टेयर क्षेत्र आच्छादित किया गया है। मुरादाबाद, अमरोहा और रामपुर के कान्हा व वृहद गो संरक्षण केंद्रों में सीबीजी प्लांट चल रहे हैं। रामपुर के किरा गो आश्रय स्थल में गोबर गैस से 15 केवी का जनरेटर भी चल रहा है।

गोबर प्रबंधन से रामपुर ने 6,17,636 रुपये, अमरोहा ने 5,40,600 रुपये और मुरादाबाद ने 82,829 रुपये की आय की है। मुरादाबाद, बिजनौर और सम्भल में गोबर से गोकाष्ठ, मूर्तियां, दीये और धूपबत्ती बनाई जा रही है। हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए सभी गौशालाओं के दरवाजे- खिड़कियों को टाट-बोरों से ढका गया है। इन पर नियमित पानी का छिड़काव किया जा रहा है। छाया और ताजे पानी की पूरी व्यवस्था है। सुरक्षा के लिए 216 में से 210 गो आश्रय स्थलों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं।

# मंडलायुक्त की अध्यक्षता में मंडल स्तरीय श्रम बंधु समिति की हुई बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में मंडल स्तरीय श्रम बंधु समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंडलायुक्त ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक श्रमिकों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार औद्योगिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए जरूरी है कि श्रमिक हितों का ध्यान रखा जाए और उद्योगों के विकास के लिए उपयुक्त माहौल तैयार किया जाए। संबंधित विभाग उद्योगों के विकास में सहयोगी की भूमिका निभाएं। ईपीएफ, ईएसआई, श्रम विभाग एवं अन्य विभागों की योजनाओं का लाभ श्रमिकों को मिले, इसके लिए विभाग पर्याप्त प्रचार-प्रसार करें। मंडलायुक्त ने अपर नगर आयुक्त को मुरादाबाद में लेबर अड्डों का विकास करने के निर्देश दिए। लेबर अड्डों पर काम के लिए आने वाले श्रमिकों के लिए बैठने की सुविधा, छाया व स्वच्छ पीने का पानी उपलब्ध कराया जाए। उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों ने ईपीएफ व ईएसआई से संबंधित समस्याएं रखीं। मंडलायुक्त ने संबंधित विभागों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए।

ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों ने श्रमिकों को ईएसआई से इलाज में आ रही दिक्कतों के बारे में बताया। मंडलायुक्त ने ईएसआई विभाग को समस्याएं दूर करने के निर्देश दिए। उप श्रम आयुक्त ने शासन द्वारा जारी नवीन वेतन दरों की जानकारी दी। ये दरें 01 अप्रैल 2026 से लागू होंगी। मंडलायुक्त ने सभी कारखाना स्वामियों व सेवायोजकों को निर्देश दिए कि नई वेतन दरों के अनुसार श्रमिकों को वेतन भुगतान सुनिश्चित करें। बैठक में अटल आवासीय विद्यालय के वर्ष 2026 में कक्षा-10 में शीर्ष स्थान प्राप्त 5 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित विद्यार्थियों में उदय प्रताप 95%, पार्थ कुमार 92.2%, कु. लक्षिता 90.4%, अंकित 89% एवं सिद्धान्त 88.2% शामिल रहे।बैठक में अपर आयुक्त श्री अरूण कुमार सिंह, उप आयुक्त विकास श्री गजेन्द्र सिंह, अपर नगर आयुक्त, उप निदेशक कारखाना, सहायक निद.ेशक कारखाना, कर्मचारी राज्य बीमा निगम के ब्रांच मैनेजर, कर्मचारी भविष्य निधि के प्रवर्तन अधिकारी, मंडल के सभी जनपदों के समिति सदस्य, उद्योग संगठनों व ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# नोडल अधिकारी ने किया गोशालाओं का निरीक्षण

**मुरादाबाद।** जनपदीय नोडल अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी उ.प्र. पशुधन विकास परिषद लखनऊ ने अपर निदेशक ग्रेड-2 एवं मुख्य पशुचिकित्साधिकारी के साथ जनपद की कई गौशालाओं का निरीक्षण किया। विकास खंड मुरादाबाद स्थित कान्हा गौशाला नगर निगम में निरीक्षण के दौरान 882 गोवंश संरक्षित मिले। भूसा व हरा चारा प्रचुर मात्रा में उपलब्ध था। गोवंशों को नियमित 500 ग्राम दाना प्रतिदिन दिया जा रहा है। गौशाला में नवाचार के तहत गोबर से गोकाष्ठ, मूर्तियां व लट्ठे बनाए जा रहे हैं, जिनका उपयोग पूजा सामग्री में होता है। गोबर गैस प्लांट से बनी बिजली से गौशाला के सभी उपकरण चल रहे हैं। गोबर से खाद भी बनाई जा रही है। गोवंशों को दिन में 2 से 3 बार स्वच्छ ताजा पानी पिलाया जाता है। वृहद गो संरक्षण केंद्र फाजलपुर में 189 गोवंश संरक्षित मिले। भूसा, हरा चारा एवं कपिला पशुआहार प्रचुर मात्रा में था। लिंक की 3 हेक्टेयर भूमि पर हरा चारा बोया गया है। बरसात में पानी आने पर गोवंशों को रखने के लिए 4 फीट ऊंचे प्लेटफार्म का निर्माण कराया जा रहा है। लू से बचाव के लिए शेडों के चारों तरफ जूट के पर्दे लगे हैं,

जिन्हें हर 2 घंटे बाद पानी से भिगोया जाता है। निरीक्षण के बाद आयुक्त की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में बैठक हुई। इसमें मुरादाबाद, रामपुर, बिजनौर, सम्भल, अमरोहा के मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, सीडीओ, उप निदेशक पंचायत, डीपीआरओ, बीडीओ, ईओ नगर पंचायत व राजस्व विभाग के अधिकारी शामिल हुए। आयुक्त ने गौ आश्रय स्थलों की गहन समीक्षा की। सभी विभागों को कार्य पूर्ण निष्ठा व सतर्कता से समयबद्ध तरीके से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बायो गैस प्लांट व वर्मी कम्पोस्ट को प्राथमिकता दी जाए और गौ आश्रय स्थलों में नवाचार को बढ़ावा दिया जाए।

## एक नजर

### यातायात व्यवस्था सुधारने को शहर के प्रमुख चौराहों पर पुलिस तैनात



**चन्दौसी।** नगर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए व्यापार मंडल द्वारा उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन सौंपे जाने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। एसपी संभल के निर्देश पर नगर के प्रमुख चौराहों पर दस यातायात पुलिसकर्मियों के साथ पुलिसकर्मी एवं होमगार्ड की ड्यूटी लगाई गई है। शहर में अव्यवस्थित तरीके से दौड़ रहे ई-रिक्शाओं पर नियंत्रण के लिए कई स्थानों पर वन-वे व्यवस्था लागू की गई है।

यातायात पुलिस द्वारा ई-रिक्शा चालकों को निर्धारित दिशा में वाहन चलाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। इससे शहर की यातायात व्यवस्था में काफी सुधार देखने को मिल रहा है। मंगलवार को फुब्बारा चौक, ब्रह्म बाजार, बड़ा बाजार सहित विभिन्न प्रमुख चौराहों पर यातायात पुलिसकर्मी व्यवस्था सुचारु बनाए रखने में जुटे रहे। पुलिस की सक्रियता से बाजार क्षेत्रों में जाम की स्थिति में राहत मिली।

### लंबित मांगों को लेकर एसबीआई कर्मचारियों ने काला मास्क लगाकर किया मौन प्रदर्शन

**चन्दौसी।** ऑल इंडिया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ फेडरेशन के आह्वान पर मंगलवार को चन्दौसी शाखा में स्टेट बैंक कर्मचारियों ने प्रशासनिक कार्यालय के समक्ष काला मास्क लगाकर मौन प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर विरोध दर्ज कराते हुए बैंक प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जताई। प्रदर्शन के दौरान



कर्मचारियों ने मैसेंजरों एवं सशस्त्र गार्डों की पर्याप्त नियुक्ति करने, स्थायी पदों पर लागू आउटसोर्सिंग व्यवस्था समाप्त करने तथा वर्ष 2019 के बाद नियुक्त कर्मचारियों को इंटर-सर्कल ट्रांसफर सुविधा देने की मांग उठाई। इसके अलावा वेतन एवं सेवा शर्तों में समानता लागू करने की भी मांग की गई। कर्मचारियों ने कहा कि एनपीएस कर्मचारियों को पेंशन फंड मैनेजर बदलने का विकल्प दिया जाए। साथ ही कैरियर प्रगति योजना की समीक्षा कर कर्मचारियों के हित में संशोधन किए जाएं तथा चिकित्सा प्रतिपूर्ति योजना में भी सुधार किया जाए। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि उनकी मांगों की लंबे समय से अनदेखी की जा रही है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो 25 और 26 मई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल में कर्मचारी शामिल होंगे। प्रदर्शन में गिरीन्द्र अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल, तूलिका, दिनेश, नेहा वर्मा, मेघा सहित शाखा के कई कर्मचारी मौजूद रहे।

### क्षमता से अधिक बच्चों को ई-रिक्शा में बैठाने पर अभिभावकों में रोष

**चन्दौसी।** नगर में स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों को ई-रिक्शाओं में क्षमता से अधिक भरकर ले जाने का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। अभिभावकों ने इस व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए प्रशासन और स्कूल संचालकों से बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि बच्चों के सुरक्षित स्कूल आने-जाने के लिए वह प्रतिमाह निर्धारित शुल्क का भुगतान करते हैं, लेकिन इसके बावजूद सुरक्षा मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित ई-रिक्शाओं में छोटे-छोटे बच्चों को ठूंस-ठूंस कर बैठाया जा रहा है। कई बार एक रिक्शा में उसकी क्षमता से कहीं अधिक बच्चों को बैठाकर स्कूल ले जाया जाता है। इतना ही नहीं, कुछ ई-रिक्शा चालकों द्वारा वाहन के पीछे हैच पर वेल्डिंग कर अतिरिक्त सीट लगाकर बच्चों को बैठाया जा रहा है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। अभिभावकों का कहना है कि यदि अचानक ब्रेक लग जाए या वाहन असंतुलित हो जाए तो बड़ा हादसा हो सकता है। मंगलवार को इसी तरह लापरवाही का नजारा देखने को मिला जिसमें बहजोई रोड स्थित चन्दौसी पब्लिक स्कूल के ई-रिक्शा चालक द्वारा बच्चों को पीछे अतिरिक्त सीट लगाकर बैठाकर ले जाया जा रहा था। यदि ई-रिक्शा चालक अचानक गति बढ़ा दे अथवा रिक्शा असंतुलित हो जाये तो सबसे पहले पीछे बैठे बच्चे ही गिरेंगे और पीछे से कोई तेज गति का वाहन आ रहा हो तो कितना बढ़ा हादसा होगा, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है जबकि विद्यालयों द्वारा अभिभावकों से वाहनों का शुल्क लिया जाता है। लोगों का कहना है कि स्कूल संचाल.कों को बच्चों के परिवहन के लिए स्पष्ट नियम तय करने चाहिए और प्रत्येक ई-रिक्शा में बैठने वाले बच्चों की संख्या निर्धारित होनी चाहिए। साथ ही प्रशासन को भी समय-समय पर अभियान चलाकर ऐसे वाहनों की जांच करनी चाहिए जो नियमों की अनदेखी कर बच्चों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। अभिभावकों ने मांग की है कि बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए जल्द सख्त कदम उठाए जाएं।

### 'हमारी जनगणना, हमारा विकास' अभियान के तहत व्यापारियों को किया जागरूक

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई द्वारा 'हमारी जनगणना, हमारा विकास' अभियान के अंतर्गत नगर के व्यापारियों को जागरूक करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम युवा इकाई के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में नगरपालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय के निवास पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में व्यापारियों को संबोधित करते हुए



नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि जनगणना किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती है। सही और सटीक आंकड़ों के आधार पर ही सरकार व्यापारियों एवं आमजन के हित में बेहतर योजनाएं और नीतियां तैयार कर पाती है। उन्होंने कहा कि व्यापारिक हितों की सुरक्षा, बाजारों का विस्तार, सड़क, बिजली, पानी जैसी सुविधाओं का विकास भी जनसंख्या के सही आंकड़ों पर निर्भर करता है। उन्होंने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता करें और सही जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि नगर और व्यापारिक क्षेत्र के विकास को नई गति मिल सके।

समाजसेवी अखिलेश खिलाड़ी ने कहा कि नगरपालिका की ओर से बाजार क्षेत्रों में भ्रमण कर व्यापारियों को 'हमारी जनगणना, हमारा विकास' शीर्षक के पत्रक वितरित किए जाएंगे। साथ ही उन्हें इस राष्ट्रीय अभियान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी भी दी जाएगी। कार्यक्रम में मौजूद व्यापारियों ने अभियान की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रभात कृष्णा, शाहआलम मंसूरी, तुषार, निशांत शर्मा, डी.पी. वार्ष्णेय, मुकुल शर्मा, पारुल, कार्तिक वार्ष्णेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पॉक्सो एक्ट में दोषी को 10 वर्ष का कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जनपद न्यायालय संभल में अब त्वरित न्याय की नई तस्वीर सामने आ रही है। वर्षों तक लंबित रहने वाले मामलों के बीच अब अदालतें तेजी से सुनवाई कर पीडिघ्तों को शीघ्र न्याय दिला रही हैं। मई 2025 के बाद से कई मामलों में समयबद्ध फैसले होने से लोगों का न्याय व्यवस्था पर भरोसा बढ़ा है, वहीं अपराधियों में कानून का भय भी दिखाई दे रहा है। जनपद न्यायालय संभल स्थित चन्दौसी में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह लगातार त्वरित फैसले सुना रहे हैं। हाल ही में एक महत्वपूर्ण पॉक्सो मामले में दोषी को सजा सुनाकर अदालत ने सख्त संदेश दिया। मामला थाना जुनावई क्षेत्र के गांव धनीपुर से जुड़ा है। अभियोजन के अनुसार वादी निवासी धनीपुर ने थाना जुनावई में तहरीर देकर बताया था कि 03 अप्रैल 2022 की शाम करीब छह बजे उसकी नाबालिग भतीजी को गांव के ही जयकुमार पुत्र कल्याण तथा एक महिला बहला- फुसलाकर अपने साथ ले गए थे। आरोप था कि किशोरी को करीब तीन माह तक अपने पास रखा गया।


घर लौटने पर पीडिघ्ता ने परिजनों को बताया कि जयकुमार और किताब सिंह ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामले में अपराध संख्या 93/2022 के तहत धारा 363, 366, 376 भादंसं एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 में मुकदमा दर्ज कर जांच के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई के दौरान साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरा.ेपी जयकुमार को दोषी करार दिया।

न्यायालय ने आरोपी जयकुमार को भादंसं की धारा 363 के तहत तीन वर्ष के कारावास एवं तीन हजार रुपये अर्थदंड, धारा 366 के तहत पांच वर्ष के कारावास एवं पांच हजार रुपये अर्थदंड तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत 10 वर्ष के कारावास एवं 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

# पुलिस खिलाड़ियों का दमखम, क्रॉसकंट्री व तैराकी प्रतियोगिता में अमरोहा और मुरादाबाद का शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर में आयोजित 64वीं अन्तर जनपदीय पुलिस तैराकी एवं महिला/पुरुष क्रॉसकंट्री प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का दम दिखाया। प्रतियोगिता का आयोजन बरेली जोन के अंतर्गत 09वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद के तरणताल पर किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुँवर आकाश सिंह द्वारा किया गया था।प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार तड़के 4:30 बजे क्रॉसकंट्री प्रतियोगिता आयोजित की गई। पुरुष वर्ग में रामपुर की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि मुरादाबाद की टीम दूसरे स्थान पर रही। वहीं महिला वर्ग में मुरादाबाद ने



शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया और बरेली की टीम दूसरे स्थान पर रही।वॉटर पोलो मुकाबले में मुरादाबाद की टीम ने पीलीभीत को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। तैराकी प्रतियोगिताओं में भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 400 मीटर फ्री स्टाइल स्पर्धा में बरेली के अवधेश कुमार प्रथम और बदायूं के सुमित बंसल द्वितीय स्थान पर रहे। 100 मीटर बैक स्ट्रोक में अमरोहा के गुरुदीप सिंह ने पहला तथा बरेली के संदीप ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।200 मीटर बटर फ्लाई में अमरोहा के नंदन सिंह विजेता बने, जबकि मुरादाबाद के प्रशांत सिंह दूसरे स्थान पर रहे। 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले में भी नंदन सिंह ने प्रथम स्थान हासिल किया। 50 मीटर बटर फ्लाई में भी अमरो.हा के नंदन सिंह ने बाजी मारी। रिले स्पर्धाओं में 4ग्100 मीटर में अमरोहा प्रथम और मुरादाबाद द्वितीय रहा, जबकि 4ग्200 मीटर में अमरोहा ने पहला और बरेली ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका रूपेश कौशिक, सतीश आर्य, रवि शर्मा, शुभम कुमार, सुधीर शर्मा और रविंद्र कसाना ने निभाई।

# मानदेय न मिलने पर एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने दी कार्य बहिष्कार की चेतावनी, सीएमओ को दिया ज्ञापन

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) संविदा कर्मचारी संघ ने बकाया मानदेय को लेकर आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। संघ के प्रदेशव्यापी आह्वान पर मुरादाबाद के संविदा



कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि 20 मई तक मार्च और अप्रैल माह का लंबित मानदेय जारी नहीं किया गया, तो 21 मई से पूरे प्रदेश में 'नो पे-नो वर्क' नीति के तहत कार्य बहिष्कार किया जाएगा।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर मयंक प्रताप सिंह ने कहा कि संविदा कर्मचारी स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं, लेकिन उनके साथ लगातार हो रही उपेक्षा अब असहनीय हो चुकी है। कर्मचारियों को समय पर वेतन न मिलने से उनके सामने आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। जिला महामंत्री विपिन भट्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि दो माह से मानदेय न मिलने के कारण कर्मचारियों के सामने परिवार चलाने तक की समस्या खड़ी हो गई है। नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने से बच्चों की फीस, किताबें और घरेलू खर्च पूरे करना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन की उदास.ीनता के चलते अब कर्मचारियों के पास कार्य बहिष्कार के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। यदि तय समय तक भुगतान नहीं हुआ तो इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।संघ की बैठक में जिला अध्यक्ष अजीजुर रहीम, प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर मयंक प्रताप सिंह, डॉ. जगवीर सिंह, निर्मल प्रताप सिंघल, अमित गुप्ता, सुषमा बडोला, डॉ. पीतांबर सिंह, अंकित शर्मा, शुभम वर्मा, रवि गौतम, अनुराग चौधरी, कुलवंत सिंह, प्रमोद कुमार समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे और एकजुटता दिखाई।संघ ने बताया कि इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को एक ज्ञापन भी दिया गया है और जल्द भुगतान की मांग की गई है।

# विधायन समिति की बैठक में कुंदरकी विधान सभा की समस्याओं को उठाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** विधान भवन लखनऊ में प्रतिनिहित विधायन समिति की बैठक दूसरे दिन सभापति राजीव सिंह बब्बू भैया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पंचायती राज विभाग एवं पशुधन विभाग से संबंधित विषयों पर चर्चा हुई। कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने समिति के सदस्य के रूप



प्रतिभाग करते हुए कुंदरकी विधानसभा की समस्या उठाते हुए कहा कि विकास खंड कुंदरकी एवं मुंडापांडे में आवारा गोवंश पशुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जिसके कारण किसानों की फसलों को भारी नुकसान हो रहा है तथा आम जनमानस को भी गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है एवं आवारा गोवंश पशु भी असुरक्षित रहते हैं। इन समस्याओं के स्थाई समाधान हेतु दोनों विकास खंडों में गौशाला की स्वीकृति अत्यंत आवश्यक है। जिससे आवारा पशुओं का समुचित संरक्षण हो सके तथा किसानों की फसलों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सके। अतः दोनों विकासखंडों में गौशालाओं की स्वीकृति हेतु संबंधित को आदेशित करने का कष्ट करें। साथ ही कुंदरकी विधायक ने विकास खंड कुंदरकी एवं मुंडापांडे के 18 ग्रामों समदा रामसहाय, गदईखेड़ा, राजौडा, बुजपुर मान, हसनगंज, दुपेड़ा, सिरसखेड़ा, चंदनपुर ईसापुर, नियामतपुर इकरोटिया, मछरिया, बहापुर, हुसैनपुर, नानपुर, जेतीया फिरोजपुर, ईंधनपुर नगला, मालीपुर, तखतपुर एवं लालपुर गंगवारी में वर्तमान में अंत्येष्टि स्थल नहीं होने के कारण ग्रामवासियों को दाह संस्कार हेतु दूर स्थान पर जाना पड़ता है। ग्रामीणों की सुविधा एवं सामा.जिक परंपराओं के सुचारू निर्वाहन हेतु इन ग्रामों में अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। विकासखंड कुंदरकी एवं मुंडापांडे के 18 ग्रामों में अंत्येष्टि स्थल निर्माण के लिए संबंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें। सभापति राजीव सिंह ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में समिति के सभी सदस्य एवं पंचायती राज विभाग एवं पशुधन विभाग के सभी अधिकारी मौजूद रहे।

# आंधी में पेड़ टूटकर सड़क पर गिरे, मार्ग हुआ अवरुद्ध

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में मंगलवार की सुबह दस बजे आई आंधी और बारिश में चन्दौसी-बेरनी



बिचौटा रोड पर जगह-जगह सड़क किनारे खड़े पेड़ टूट कर गिरने से मार्ग अवरूद्ध हो गया। वाहन चालकों ने रोड़ पर पड़े पेड़ों को हटाया तब जाकर मार्ग पर यातायात सुचारू हुआ। मंगलवार को चन्दौसी तहसील रोड़ से रीठ गुरसरी को जाने वाले मार्ग पर बेरनी के निकट तथा दियौरा खास और बिचौटा चौराहे के बीच में कई जगह आंधी में पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गये जिससे मार्ग अवरूद्ध हो गया। बाइक सवार साइड से निकलते रहे परन्तु बड़े वाहन नहीं निकलने से रोड़ पर लाइन लग गई। वाहन चालकों ने रोड़ पर पड़े पेड़ों को हटाया तब जाकर वाहन गुजरे।

# थैलेसीमिया मरीजों के लिए वरदान: बोन मैरो ट्रांसप्लांट से मिल रहा स्थायी इलाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थैलेसीमिया मेजर से पीड़ित बच्चों के लिए हेमाटोपोएटिक स्टेम सेल ट्रांसप्लांट, जिसे बोन मैरो ट्रांसप्लांट भी कहा जाता है, वरदान साबित हो रहा है। यह भारत में थैलेसीमिया मेजर का एकमात्र स्थायी इलाज माना जाता है। थैलेसीमिया मेजर एक जेनेटिक बीमारी है, जिसमें बच्चे के शरीर में बनने वाली रेड ब्लड सेल्स सामान्य नहीं होतीं। ये सेल्स बोन मैरो में बनने के तुरंत बाद नष्ट होने लगती हैं, जिससे हीमोग्लोबिन की कमी हो जाती है। इसके कारण गंभीर एनीमिया विक.सित होता है और बच्चों को जीवनभर नियमित ब्लड ट्रांसफ्यूजन की जरूरत पड़ती है। बार-बार ब्लड ट्रांसफ्यूजन से शरीर में आयरन बढ़ जाता है, जिसके लिए विशेष दवाएं देनी पड़ती हैं। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल पटपड़गंज के हीमेटो-ऑन्कोलॉजी एवं बोन मैरो ट्रांसप्लांट विभाग के सीनियर डायरेक्टर डॉ. सत्येन्द्र कटेवा ने बताया कि इस प्रक्रिया में बच्चे के खराब बोन मैरो को स्वस्थ डोनर के स्टेम सेल्स से बदला जाता है। ये स्टेम सेल्स शरीर में सामान्य और स्वस्थ रेड ब्लड सेल्स बनाना शुरू कर देते हैं। ट्रांसप्लांट सफल होने के बाद बच्चा सामान्य रक्त बनाना शुरू कर देता है और बीमारी लगभग पूरी तरह ठीक हो जाती है। उन्होंने कहा कि सबसे उपयुक्त डोनर पूरी तरह एमएएल मैच करने वाला भाई या बहन होता है। यदि ऐसा डोनर उपलब्ध हो तो इलाज की सफलता दर 90 प्रतिशत से भी अधिक हो सकती है। मैचिंग सिबलिंग डोनर उपलब्ध न होने पर मैच्ड अनरिलेटेड डोनर (एमयूडी) या हैप्लोआइडेंटिकल डोनर पर विचार किया जाता है।जीवनभर के ट्रांसफ्यूजन से मिलती है मुक्ति डॉ. कटेवा के अनुसार स्टेम सेल ट्रांसप्लांट का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह एक बार किया जाने वाला उपचार है। इससे बच्चा जीवनभर ब्लड ट्रांसफ्यूजन और दवाओं की आवश्यकता से मुक्त हो सकता है। इससे हृदय, लिवर और हार्मोन से जुड़ी जटिलताओं से भी बचाव होता है। 20 से 30 वर्षों तक सपोर्टिव केयर की तुलना में यह उपचार परिवार और सरकार दोनों के लिए अधिक कॉस्ट-इफेक्टिव है। हालांकि यह प्रक्रिया जोखिम मुक्त नहीं है। कुछ बच्चों में संक्रमण, ट्रांसप्लांट रिजेक्शन या ग्राफ्ट-वर्सेस-होस्ट डिजीज जैसी जटिलताएं हो सकती हैं। इसलिए यह उपचार केवल अनुभवी केंद्रों में ही



कराना चाहिए। डॉ. सत्येन्द्र ने कहा कि कम उम्र में किया गया ट्रांसप्लांट अधिक सफल माना जाता है,

इसलिए सही समय का चयन बेहद महत्वपूर्ण है।

# सम्पादकीय

## फिर पेपर लीक

3 मई 2026 को आयोजित की गई नीट यूजी परीक्षा को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने पेपर लीक के पुख्ता सबूत मिलने के बाद 12 मई 2026 को रद्द कर दिया है। यह निर्णय न केवल 22 लाख से अधिक उम्मीदवारों के लिए एक बड़ा झटका है, बल्कि देश की सबसे प्रमुख प्रवेश परीक्षाओं म ें से एक की विश्वसनीयता पर भी गंभीर सवाल उठाता है। उधर, पेपर लीक के आरोपों के बीच नीट परीक्षा रद्द होने पर नाराजगी सामने आने लगी है। एक तरफ तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री स्टालिन ने इसे स्कैम बता डाला है। वहीं, राहुल गांधी ने भी इसको लेकर नाराजगी जताई है। राहुल गांधी ने फेसबुक पोस्ट में लिखा है कि नीट का पेपर लीक सिर्फ नाकामी नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य के साथ अपराध है। स्टालिन ने यह भी सुझाव दे डाला है कि 12वीं के नंबरों के आधार पर एमबीबीएस में एडमिशन दिया जाए। एक्स पर लिखी एक पोस्ट में स्टालिन ने कहा कि इस साल एक बार फिर नीट परीक्षा में अनियमितता देखने को मिली है। इसके चलते परीक्षा रद्द हुई और लाखों परीक्षार्थियों को मानसिक तनाव से गुजरना पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा के हर चरण में धांधली हुई है। वहीं, राहुल गांधी ने लिखा कि नीट 2026 की परीक्षा रद्द हो गई। 22 लाख से ज्यादा छात्रों की मेहनत, त्याग और सपनों को इस भ्रष्ट भाजपाई व्यवस्था ने कुचल दिया। किसी पिता ने कर्ज लिया, किसी मां ने गहने बेचे। लाखों बच्चों ने रात-रात भर जागकर पढ़ाई की और बदले में मिला, पेपर लीक। कांग्रेस सांसद ने लिखा कि सरकारी लापरवाही और शिक्षा में संगठित भ्रष्टाचार। यह सिर्फ नाकामी नहीं, युवाओं के भविष्य के साथ अपराध है। राहुल गांधी आगे लिखते हैं कि हर बार पेपर माफिया बच निकलते हैं और ईमानदार छात्र सजा भुगतते हैं। अब लाखों छात्र फिर से वही मानसिक तनाव, आर्थिक बोझ और अनिश्चितता झेलेंगे। अगर अपनी तकदीर परिश्रम से नहीं, पैसे और पहुंच से तय होगा, तो फिर शिक्षा का मतलब क्या रह जाएगा? उन्होंने लिखा है कि प्रधानमंत्री का तथाकथित अमृतकाल, देश के लिए विषकाल बन गया है। डीएमके चीफ ने नीट परीक्षा को ही खत्म करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि फिर से नीट परीक्षा कराने का मतलब, समय की बर्बादी और छात्रों में कंफ्यूजन। उन्होंने सुझाव दिया कि जैसा पहले होता था, बारहवीं क्लास के नंबरों के आधार पर एमबीबीएस की सीट दी जानी चाहिए। उन्होंने तमिलनाडु की नवनिर्वाचित सरकार से भी अपील की कि वह नीट को लेकर मजबूत रवैया अपनाएं। साथ ही पुराने द्रविड़ियन मॉडल सरकार के लिए कानूनी रास्ता अख्तियार करें और नीट से छुटकारा दिलाएं। सरकार ने सीबीआई को इन अनियमितताओं की विस्तृत जांच करने का आदेश दिया। एनटीए ने कहा कि यह परीक्षा अलग से अधिसूचित तिथियों पर पुन: आयोजित की जाएगी।

## श्रीमुख से...

### दो मिनट में लग सकता है शराब पर प्रतिबंध



केंद्र सरकार राजस्व के नुकसान की भरपाई कर दे, तो जम्मू-कश्मीर सरकार दो मिनट में शराब पर प्रतिबंध लगा सकती है, वह व्यक्तिगत रूप से शराब का सेवन नहीं करते हैं, लेकिन उनका मानना है कि जो लोग पीते हैं, वे स्थानीय स्तर पर उपलब्ध न होने की स्थिति में इसे जम्मू- कश्मीर के बाहर से मंगवा लेंगे, जो पीते हैं, वे पिएंगे ही, जो लोग आवाज उठा रहे हैं, उनसे पूछिए कि शराब पीने वाले लोग कौन हैं, पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने उनके पिता और तत्कालीन मुख्यमंत्री शेख अब्दुल्ला से राज्य में शराब की बिक्री बंद करने के लिए कहा था, मेरे पिता ने उनसे कहा था कि अगर केंद्र हमें वह राजस्व दे दे, जो हम इससे कमाते हैं, तो हम इसे बंद कर देंगे, उसके बाद कुछ नहीं हुआ।

**-फारूक अब्दुल्ला, अध्यक्ष, नेशनल कॉन्फ्रेंस**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**
पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003
Dainikshahtimes@gmail.com

# नई चुनौतियां : सुवेन्दु को मिला कांटों का ताज





योगेश कुमार गोयल

पश्चिम बंगाल की जिस धरती ने दशकों तक वामपंथी 'लाल सलाम' की गूंज और बाद में ममता बनर्जी के 'मां-माटी-मानुष' के नारों को आत्मसात किया, वहां 'जय राम' और 'सोनार बांग्ला' के उद्घोष के बीच शुभेंदु अधिकारी का मुख्यमंत्री पद पर आरूढ़ होना भारतीय राजनीति के सबसे बड़े सत्ता-परिवर्तन के रूप में दर्ज हो गया है। शुभेंदु अधिकारी का राज्य के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में सत्तारूढ़ होना केवल सरकार बदलने की घटना नहीं बल्कि बंगाल की वैचारिक दिशा, राजनीतिक संस्कृति और प्रशासनिक संरचना में एक बड़े परिवर्तन का संकेत है।

वे ऐसे समय में सत्ता के शिखर पर पहुंचे हैं, जब पश्चिम बंगाल लंबे समय से राजनीतिक हिंसा, प्रशासनिक पक्षपात, भ्रष्टाचार, सिंडिकेट संस्कृति, आर्थिक संकट, अवैध घुसपैठ और सामाजिक ध्रुवीकरण जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। नंदीग्राम आंदोलन से उभरे इस नेता के समक्ष अब केवल राजनीतिक संघर्ष नहीं बल्कि पूरे राज्य की दिशा बदलने की ऐतिहा. सिक जिम्मेदारी है। सत्ता परिवर्तन का उत्साह जितना विशाल है, चुनौतियों का पहाड़ उससे कहीं अधिक ऊंचा है। पश्चिम बंगाल की राजनीति दशकों से वैचारिक संघर्ष और राजनीतिक हिंसा की प्रयोगशाला रही है। वामपंथी शासनकाल में 'कैडर संस्कृति' और तृणमूल शासन में राजनीतिक प्रतिशोध के आरा. ेपों ने लोकतंत्र की निष्पक्षता पर लगातार प्रश्नचिन्ह लगाए। 2021 के चुनावों के बाद हुई हिंसा ने राष्ट्रीय स्तर पर बंगाल की छवि को गंभीर रूप से प्रभावित किया था। ऐसे माहौल में शुभेंदु के सामने सबसे बड़ी चुनौती राज्य को भय, हिंसा और प्रतिशोध की राजनीति से बाहर निकालने की है। यदि नई सरकार भी राजनीतिक बदले की संस्कृति में उलझ जाती है तो जनता का विश्वास शीघ्र टूट सकता है। इसलिए सुवेन्दु के लिए यह आवश्यक होगा कि वे पुलिस और प्रशासन को राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त कर संवैधानिक निष्पक्षता की दिशा में आगे बढ़ाएं। वास्तव में बंगाल की जनता अब संघर्ष नहीं, स्थिरता चाहती है। लोग ऐसी सरकार की अपेक्षा कर रहे हैं, जो कानून-व्यवस्था को राजनीतिक विचारधारा से ऊपर रख सके। मुख्यमंत्री के रूप में शुभेंदु अधिकारी की सबसे बड़ी परीक्षा यही होगी कि क्या वे अपने कार्यकर्ताओं की आक्रामक राजनीतिक ऊर्जा को विकास और सुशासन की दिशा में मोड़ पाते हैं या नहीं। नई सरकार के समक्ष दूसरी बड़ी चुनौती भ्रष्टाचार और सिंडिकेट संस्कृति को समाप्त करने की है। वर्षों से बंगाल में निर्माण कार्यों, स्थानीय बाजारों, पंचायतों और सरकारी योजनाओं में बिचौलियों के प्रभाव को लेकर आरोप लगते रहे हैं। 'कट-मनी' शब्द बंगाल की राजनीति का प्रतीक बन चुका था। भाजपा ने चुनाव प्रचार के दौरान इसे सबसे बड़ा मुद्दा बनाया था। अब सत्ता में आने के बाद जनता की अपेक्षा है कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध केवल भाषण नहीं, ठोस कार्रवाई दिखाई दे। हालांकि यह काम उतना आसान नहीं होगा, जितना राजनीतिक मंचों से प्रतीत होता है। प्रशासनिक तंत्र वर्षों से जिस राजनीतिक ढांचे में काम करता रहा है, उसे अचानक बदल देना सरल नहीं है। शुभेंदु स्वयं लंबे समय तक तृणमूल कांग्रेस का हिस्सा रहे हैं, इसलिए वे उस व्यवस्था की कमजोरियों को निकट से जानते हैं। यही अनुभव उनके लिए ताकत भी बन सकता है और विरोधियों के लिए हमला करने का आधार भी। यदि वे डिजिटल पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रशासनिक सुधारों को प्रभावी ढंग से लागू कर पाते हैं तो बंगाल वास्तव में 'पोरिबर्तन' की दिशा में आगे बढ़ सकता है।

अवैध घुसपैठ और सीमा सुरक्षा नई सरकार के सामने सबसे संवेदनशील मुद्दों में से एक है। बांग्लादेश से लगती पश्चिम बंगाल की लंबी और पोरस सीमा लंबे समय से राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से चिंता का विषय रही है। भाजपा लगातार आरोप लगाती रही है कि अवैध घुसपैठ ने राज्य की जनसांख्यिकी और राजनीतिक संतुलन को प्रभावित किया है। अब जब केंद्र और राज्य दोनों में भाजपा की सरकार है, तब जनता की अपेक्षाएं और बढ़ गई हैं। शुभेंदु अधिकारी के सामने चुनौती केवल सीमा सील करने या तस्करी रो. कने की नहीं है बल्कि सीमावर्ती जिलों में विश्वास और स्थिरता स्थापित करने की भी है। गौ-तस्करी, नकली मुद्रा, हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी जैसे संगठित अपराध लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय रहे हैं। यदि नई सरकार आधुनिक तकनीक, बेहतर निगरानी और केंद्र-राज्य समन्वय के माध्यम से प्रभावी रणनीति बनाती है तो सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा की स्थिति बेहतर हो सकती है लेकिन इस मुद्दे का राजनीतिक और सामाजिक संतुलन बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक होगा क्योंकि कठोर कार्रवाई और सां. प्रदायिक तनाव के बीच की रेखा बेहद पतली है।

आर्थिक मोर्चे पर स्थिति और भी जटिल है। पश्चिम बंगाल इस समय भारी कर्ज के बोझ तले दबा है। राज्य पर लाखों करोड़ रूपए का ऋण है और राजस्व संसाधन सीमित हैं। दूसरी ओर भाजपा ने चुनावों के दौरान महिलाओं को प्रतिमाह आर्थिक सहायता, युवाओं को रोजगार और कई लोकलुभावन योजनाओं के वादे किए हैं। ऐसे में सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि खाली खजाने के साथ इन वादों को पूरा कैसे किया जाएगा। सुवेन्दु के सामने सबसे कठिन चुनौती विकास और वित्तीय अनुशासन के बीच संतुलन स्थापित करने की होगी।

यदि सरकार केवल लोकलुभावन योजनाओं पर निर्भर रहती है तो राज्य की आर्थिक स्थिति और बिगड़ सकती है। इसलिए बंगाल को फिर से औद्योगिक और निवेश केंद्र बनाने की दिशा में गंभीर प्रयास आवश्यक होंगे। कभी देश के प्रमुख औद्योगिक राज्यों में शामिल रहा बंगाल आज उद्योगों के पलायन का दर्द झेल रहा है। सिंगूर और नंदीग्राम की घटनाओं ने निवेशकों के मन में असुरक्षा पैदा की थी। विडंबना यह है कि जिस नंदीग्राम आंदोलन ने शुभेंदु अधिकारी को राजनीतिक पहचान दी, अब वही उनके सामने औद्योगिक पुनर्निर्माण की चुनौती बनकर खड़ा है।

# कैसा रहेगा यूपी में सपा-कांग्रेस गठबंधन





शिबली रामपुरी

उत्तर प्रदेश में आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में जहां सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारी शुरू कर दी है वहीं इस बात पर भी सबकी गहरी नजर है कि उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में किस पार्टी से किसका गठबंधन होता है और कौन गठबंधन पर कायम रहता है।

लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने मजबूत गठबंधन करते हुए काफी जोश और खरोश के साथ चुनावी प्रचार किया था और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव इस गठबंधन के तहत एक मंच पर पूरी मजबूती के साथ एकजुटता दिखाते हुए नजर आए थे और इसके काफी बेहतर परिणाम भी लोकसभा चुनाव में देखने को मिले थे अब उत्तर प्रदेश में 2027 में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं तो क्या समाजवादी पार्टी और कांग्रेस फिर से इस गठबंधन को उतना ही मजबूत रखेगी?यह वह सवाल है कि जो उत्तर प्रदेश की सियासत में काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दरअसल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का जो गठबंधन है वह आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में क्या लोकसभा चुनाव की तरह ही मजबूत रहेगा तो इसको लेकर कई ऐसे नेताओं के दोनों तरफ से बयान आते रहते हैं कि जो कहीं ना कहीं सियासी कशमाकश को एक तरह से बढ़ा देने वाले होते हैं। दरअसल कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश में कई ऐसी सीटें हैं कि जहां पर अपने प्रत्याशी उतरना चाहती है और वह करीब 200 सीटों पर चुनावी मैदान में अपने प्रत्याशी उतारने का इस गठबंधन के तहत इरादा रखती है हालांकि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव गठबंधन मजबूत होने की बात तो करते हैं लेकिन वह स्पष्ट तौर पर कितनी सीट उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को देंगे इसको लेकर अभी तक खुलकर कुछ नहीं कह रहे हैं। राजनीति में गहरी जानकारी रखने वाले लोगों का यह मानना है कि 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी पूरी मजबूती के साथ उतरेगी और यह भी सही है कि सपा पहले से ज्यादा मजबूत हुई है लेकिन जहां तक गठबंधन की बात है तो यदि दोनों पार्टियां पूरी तरह एकजुटता के साथ गठबंधन के नियमों का पालन करते हुए चुनावी मैदान में उतरती हैं तो फिर यह दोनों पार्टियों के लिए एक बेहतर कदम होगा लेकिन यदि इनमें मनमुटाव सामने आता है तो फिर इसका राजनीतिक तौर पर काफी नुकसान दोनों पार्टियों को उठाना पड़ सकता है।

# 2027 में योगी को हराने का सपना देखना छोड़ दे विपक्ष





यशोदा श्रीवास्तव

सत्ता रूढ़ एनडीए के मुखालफत इंडिया अलायंस प्रमुख विपक्षी गठबंधन है जिसका नेतृत्व लोकसभा में बड़ा दल होने के नाते कांग्रेस के हाथ में है। इस गठबंधन की त्रासदी यह है कि एक ओर इसे कांग्रेस के भीतर से चुनौती मिल रही है तो दूसरी ओर गठबंधन में शामिल घटक दलों के नेताओं से। दोनों ओर से जारी शब्दों के व्यंग्य वाण पर गौर करें तो लगता है कि यह गठबंधन कभी भी विखंडन की स्थिति में पहुंच सकता है। हाल ही पांच प्रदेशों के चुनाव बाद जिस तरह तमिलनाडु के डीएमके ने गठबंधन से अपने सांसदों को अलग होने की घोषणा की है इससे माना जाना चाहिए कि इंडिया गठबंधन में विखंडन की शुरुआत हो गई है।

प्रारंभ में जब यह गठबंधन अस्तित्व में आया तब इसमें आम आदमी पार्टी भी थी और तृणमूल कांग्रेस भी। आम आदमी पार्टी पहले ही गठबंधन से अलग हो गई है, बंगाल की ममता बनर्जी की टीएमसी भी गठबंधन से अलग है। ठीक है कांग्रेस ने तमिलनाडु में नई नवेली पार्टी टीवीके को अपना नया साथी तलाश लिया है लेकिन इससे फिलहाल अभी कांग्रेस को कोई बड़ा फायदा नहीं दिख रहा। टीवीके के साथ कांग्रेस की कोई बड़ी हैसियत भी नहीं है। हो सकता है थलापति विजय की सरकार में कांग्रेस का कोई विधायक मंत्री भी न बने। हां ऐसा करके कांग्रेस ने तमिलनाडु में भाजपा के सहयोगी दल को सत्ता में आने से रोक जरूर दिया। लेकिन इसके बदले लोकसभा में उसे बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। डीएमके के सांसद राहुल गांधी के साथ खड़े रहते थे भले ही कांग्रेस सां. सदों के साथ मेज ही थपथपाने का काम क्यों न करते रहे। इंडिया गठबंधन के मौजूदा हाल को देखें तो गठबंधन में जो बचे हैं, वे कब तक बचे रहेंगे, यह एक बड़ा सवाल है। महाराष्ट्र में राष्ट्र वादी कांग्रेस पार्टी और शिव सेना द्धठाकरेत्रः की कांग्रेस से मनमुटाव चल रहा है। झारखंड में हेमंत सोरेन भी कांग्रेस को बहुत भाव नहीं दे रहे। उनके एनडीए का हिस्सा बनने की अटकलें लगाई जाती रही है। बिहार में आरजेडी और कांग्रेस के बीच बहुत कुछ ठीक नहीं चल रहा। गठबंधन को लेकर बची खुची संभावना यूपी में ही है लेकिन जिस तरह कांग्रेस और सपा नेताओं के बीच जुबानी जंग जारी है उससे यह कहना मुश्किल है कि सपा और कांग्रेस का साथ विधानसभा चुनावों तक बचा रह पाएगा? बंगाल में ममता की हार के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव उनसे मिलने बंगाल पहुंच गए। फिर तमिलनाडु जाकर स्टालिन से भी मिले। यहां जाकर उन्होंने कहा कि हम वो नहीं जो मुश्किलों में साथ छोड़ दें। अखिलेश के इस रवैए से थर्ड फंट की भी संभावना पर चर्चा शुरू हो गई। अखिलेश यादव थर्ड फ्रंट के हिमायती हैं कि नहीं इस पर फिलहाल कुछ भी कहना उचित नहीं है, हां बंगाल हार के बाद ममता बनर्जी की आंखें जरूर खुलती हुई दिख रही है। उन्होंने इंडिया अलायंस को मजबूत करने की बात कही है। ममता बनर्जी वहीं हैं जिनके वजह से जदयू इंडिया अलायंस से अलग होने को मजबूर हुआ। वे नहीं चाहतीं थीं कि नीतीश कुमार इंडिया अलायंस के संयोजक बनें। लोक सभा में सरकार के किसी विरा. ेध के मुद्दे पर उन्होंने अपने सांसदों को कसके लगाम से कस रखा था कि वे सरकार के विरोध का हिस्सा न बनें। लोक सभा और विधान सभा चुनाव में कांग्रेस को किसी लायक न समझने वाली ममता बनर्जी को अब इंडिया अलायंस की मजबूती का ख्याल अचरज में डालता है। लेकिन एक बात हो सकता है कि इंडिया अलायंस को लेकर कांग्रेस पर हर ओर से उठ रहे सवालों पर विराम लगाने के लिए अलायंस का बड़ा हिस्सा ममता बनर्जी को लीड करने की जिम्मेदारी सौंपने की घेरेबंदी कर सकता है। यदि ऐसा हुआ तो कांग्रेस को भी इससे शायद कोई एतराज न हो। थोड़ा पीछे मुड़कर देखें तो याद आएगा जब राज्यसभा में सपा के राम गोपाल यादव ने राहुल गांधी पर दमदारी से कोई मुद्दा न उठा पाने का तोहमत लगाया था और टीएमसी के कल्याण बनर्जी ने संसद न चलने के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया था। राहुल गांधी को जिस तरह हरियाणा और महाराष्ट्र में चुनाव हारने का जिम्मेदार ठहराते हुए उनके खिलाफ इंडिया अलायंस के भीतर आवाज उठी थी उसी तरह आज बंगाल,असम और पुडुचेरी का चुनाव हारने के बाद राहुल पर जिम्मेदारी डाल कर गठबंधन के भीतर फिर कोई खिचड़ी पकाने की कोशिश हो रही है। कांग्रेस को कमजोर साबित करने की कोशिश केवल गठबंधन के दूसरे दल के नेता ही नहीं कर रहे,इस वक्त तो कांग्रेस के भीतर ही एक से एक नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते नजर आ रहे हैं। इसमें शशी थरूर,मनीष तिवारी,शकील अहमद,मणि शंकर अ"यर जैसे नेताओं के नाम शामिल हैं। इसमें कोई ऊल-जुलूल बयान देकर तो कोई शोसल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लंबा चौड़ा लेख लिखकर अपनी खीझ मिटा रहा है। कांग्रेस के भीतर के ए वै लोग हैं जो अपने स्तर से इंडिया अलायंस की जड़ें खोखला करने पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं।



पश्चिम बंगाल। नादिया में गर्मी के दिन बाजार में भेजने से पहले तोड़ी गई लीचियों को छांटते किसान।

## फ्रांस के नीस में गोलीबारी में दो लोगों की मौत, छह घायल

**नीस।** फ्रांस के नीस शहर में सोमवार को हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। रिवेरा शहर के मेयर ने बताया कि यह घटना नशीले पदार्थो से जुड़ी थी। दक्षिण-पूर्वी आल्प्स-मैरीटाइम्स विभाग के प्रशासन ने बताया कि गोलीबारी शुरू हो गई, जिसके परिणामस्वरूप दो लोगों की मौत हो गई, तीन लोगों को हल्की चोटें आईं और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। नीस के मेयर एरिक सियोटी ने बताया कि गोलीबारी 'प्लेस डेस अमैरिलिस' में हुई। यह मौलिन्स जिले का एक चौक है, जो नशीले पदार्थो से जुड़े अपराधों के लिए बदनाम है। उन्होंने नशीले पदार्थो के खिलाफ जंग छेड़ने का आह्वान किया।

## हिज्जबुल्ला ने इजरायली सेना पर 20 हमले करने का किया दावा

**बेरूत।** लेबनानी ग्रुप हिज्जबुल्ला ने दक्षिणी लेबनान में इजरायली सेना पर 20 हमले करने का दावा किया है। समूह ने कहा कि ए हमले 'लेबनान और उसके लोगों की रक्षा में' और इजरायली सेना द्वारा युद्धविराम के उल्लंघन के जवाब में किए गए, जिसमें दक्षिणी लेबनान में आम लोगों पर हमले और घरों को नुकसान पहुंच. ाना शामिल है। हिज्जबुल्ला ने दावा किया कि इन सैन्य अभियानों में तैबेह, टायर हरफा, एल बियादा, नकौरा, रशाफ, देर सेरयान, अदाइसेह और सरबिन सहित कई इलाकों में इजराइली सैनिकों और फौजी साजो-सामान के जमावड़े को निशाना बनाया गया। बयान के अनुसार हमलों में स्ट्राइक ड्रोन, आर्टिलरी और मिसाइलें शामिल थीं और इसके परिणामस्वरूप मर्कवा टैंक, डी9 इंजीनियरिंग गाड़ियां और हमर गाड़ियां सहित इजराइली सैन्य संपत्ति नष्ट हो गए।

# ट्रम्प पश्चिमी एशिया में सैन्य कार्रवाई को बेताब

### होर्मुज में जहाजों की आवाजाही बहाल करने को फिर शुरू होगा ऑपरेशन प्रोजेक्ट फ्रीडम

■ ट्रम्प को संघर्ष को सुलझाने के लिए हो रही बातचीत में ईरान के रुख से लगातार निराशा हाथ लगी है और अब वह बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान फिर से शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पश्चिमी एशिया में फिर से सैन्य कार्रवाई शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। सीएनएन ने ट्रम्प के सहयोगियों के हवाले से यह जानकारी दी।

इससे पहले, ट्रम्प के साथ बातचीत के बाद फॉक्स न्यूज ने कहा था कि व्हाइट हाउस होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही बहाल करने के लिए 'ऑपरेशन प्रोजेक्ट फ्रीडम' को फिर से शुरू करने पर विचार कर रहा है। ट्रम्प को संघर्ष को सुलझाने के लिए हो रही बातचीत में ईरान के रुख से लगातार निराशा हाथ लगी है और अब वह बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान फिर से शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद रहने से अमेरिकी राष्ट्रपति का धैर्य जवाब दे रहा है और उनका यह भी मानना है कि ईरानी नेतृत्व के भीतर मतभेद हैं। सूत्रों के अनुसार, अमे. रिकी प्रशासन के भीतर अब कई समूह बन गए हैं, जिनमें से कुछ बल प्रयोग के पक्ष में हैं और ईरान की स्थिति को कमजोर करने के लिए उसपर लक्षित बमबारी जारी रखने का प्रस्ताव दे रहे हैं, जबकि अन्य समूह संघर्ष को सुलझाने के लिए कूटनीतिक साधनों पर जोर दे रहे हैं। सीएनएन ने बताया कि अमेरिका-ईरान वार्ता में मध्यस्थ के रूप में पाकिस्तान की भूमिका अमेरिका के लिए एक अलग मुद्दा बनी हुई है। अमेरिकी सरकार को यह स्पष्ट नहीं है कि पाकिस्तान कितनी स्पष्टता से अमेरिका का पक्ष ईरान तक पहुंचा रहा है और वह ईरान के दृष्टिकोण को कितनी निष्पक्षता से बता रहा है। प्रसारक ने बताया कि पश्चिमी एशिया संघर्ष में अमेरिका क्या रुख अपनाएगा, यह अभी स्पष्ट नहीं है और राष्ट्रपति ट्रम्प की 13 से 15 मई तक प्रस्तावित चीन यात्रा से पहले किसी फैसले की संभावना कम है। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में ठिकानों पर हमले शुरू किए थे, जिसमें 3000 से अधिक लोग मारे गए थे। अमेरिका और ईरान ने सात अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा की थी। इसके बाद इस्लामाबाद में हुई वार्ता बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गई और अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी शुरू कर दी थी।

# ईरान की 14-सूत्रीय योजना का कोई विकल्प नहीं: गालिबफ

### ईरानी संसद के अध्यक्ष ने चेताया: कोई भी अन्य दृष्टिकोण पूरी तरह से बेनतीजा रहेगा, असफलता के अलावा कुछ नहीं होगा



■ कोई भी अन्य दृष्टिकोण पूरी तरह से बेनतीजा रहेगा यह एक के बाद एक असफलता के अलावा कुछ नहीं होगा: गालिबफ

**तेहरान/दोहा।** ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघर गालिबफ ने कहा कि पश्चिमी एशिया संघर्ष को सुलझाने के लिए ईरान के 14-सूत्रीय योजना का कोई विकल्प नहीं है। गालिबफ ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि ईरानी लोगों के अधिकारों को स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, जैसा कि 14-सूत्रीय प्रस्ताव में बताया गया है।

कोई भी अन्य दृष्टिकोण पूरी तरह से बेनतीजा रहेगा, यह एक के बाद एक असफलता के अलावा कुछ नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका जितनी देर करेगा, अमेरिकी करदाताओं को उतना ही ज्यादा भुगतान करना पड़ेगा। ईरानी विद. ेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने मई की शुरुआत में कहा था कि तेहरान को इस्लामिक गणराज्य के नए 14-सूत्रीय शांति योजना प्रस्ताव के संबंध में अमेरिका से जवाब मिल गया है। तस्नीम समाचार एजेंसी ने रविवार को बताया कि इस योजना में प्रतिबंध हटाने, होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने और विदेशों में मौजूद ईरानी संपत्तियों को मुक्त करने के प्रावधान शामिल हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को संघर्ष को समाप्त करने के अमेरिकी प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया। जांगिड़ उप्रेती इसी बीच सऊदी अरब की कंपनी अरामको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अमीन नासिर ने कहा है कि यदि एक महीने के भीतर होर्मुज जलडमरुमध्य में जहाजों की आवाजाही फिर से शुरू नहीं होती, तो अगले साल तक वैश्विक तेल बाजार सामान्य स्थिति में नहीं लौटेगी। अरामको के पहली तिमाही के परिणामों पर चर्चा करने के लिए आयोजित एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान नासिर ने कहा कि आपूर्ति में व्यवधान जितने लंबे समय तक जारी रहेगा, तेल बाजार को स्थिर होने में उतना ही अधिक समय लगेगा। उन्होंने कहा कि यदि जलडमरुमध्य में गतिरोध जून के मध्य तक बना रहता है, तो यह संकट 2027 तक जारी रह सकता है। दुनिया की सबसे बड़ी ऊर्जा कंपनी के प्रमुख के अनुसार, उत्पादन या परिवहन की कमी के कारण बाजार पहले ही एक अरब बैरल तेल गंवा चुका है और जब तक यह मार्ग बंद रहेगा, बाजार को हर हफ्ते लगभग 10 करोड़ बैरल तेल का नुकसान होता रहेगा। उन्होंने याद दिलाया कि पहले होर्मुज से प्रतिदिन लगभग 70 जहाज गुजरते थे। फारस की खाड़ी में तेल उत्पादक देशों पर हमलों और ईरान द्वारा होर्मुज को प्रभावी ढंग से बंद करने से उत्पादन और निर्यात पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। 28 फरवरी को संघर्ष शुरू होने से पहले, इस जलमार्ग के माध्यम से प्रतिदिन लगभग दो करोड बैरल तेल बाजार में आता था। गौरतलब है कि सात अप्रैल को अमेरिका और ईरान ने दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा की थी। इसके बाद इस्लामाबाद में हुई वार्ता बेनतीजा रही थी, लेकिन फिर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को एक 'एकीकृत प्रस्ताव' के साथ आने का समय देने के लिए युद्धविराम को आगे बढ़ा दिया था। तीन मई को ट्रम्प ने होर्मुज में फंसे जहा. जों की सहायता के लिए 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' की घोषणा की थी। फिर ट्रम्प ने पांच मई को कहा कि उन्होंने यह देखने के लिए थोड़े समय के लिए ऑपरेशन को रोकने का फैसला किया है कि क्या ईरान के साथ शांति समझौता हो सकता है।

### होर्मुज स्ट्रेट व्यापक रणनीतिक समुद्री क्षेत्र बन गया: IRGC

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) नौसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य अब केवल एक संकीर्ण समुद्री मार्ग नहीं रह गया है, बल्कि इसे एक 'व्यापक रणनीतिक और परिचालन समुद्री क्षेत्र' के रूप में देखा जा रहा है। आईआरजीसी नौसेना के राजनीतिक उप प्रमुख मोहम्मद अकबरजादेह ने मंगलवार को तस्नीम समाचार एजेंसी से बातचीत में कहा कि हालिया संघर्षों के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य की अवधारणा में बड़ा बदलाव आया है और अब यह पारंपरिक सीमाओं से कहीं अधिक विस्तृत परिचालन क्षेत्र को समाहित करता है। उन्होंने कहा कि पहले होर्मुज जलडमरूमध्य को होर्मुज द्वीप जैसे सीमित क्षेत्रों के आसपास एक संकीर्ण समुद्री गलियारे के रूप में देखा जाता था, लेकिन अब इसे जास्क तट से लेकर सिर्री द्वीप तक फैले विस्तृत समुद्री क्षेत्र के रूप में माना जा रहा है। अकबरजादेह के अनुसार जो समुद्री गलियारा पहले लगभग 32 से 48 किलोमीटर चौड़ा माना जाता था, वह अब प्रभावी रूप से 320 से 480 किलोमीटर तक विस्तृत क्षेत्र में बदल गया है।

### अमेरिका-ईरान संघर्ष के दौरान यूएई ने ईरान पर हवाई हमले किए: रिपोटर्स

**वॉशिंगटन।** ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच जारी युद्ध के सक्रिय चरण के अंत तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने ईरान पर हवाई हमले किए थे। यह दावा सोमवार को द वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट में किया गया। अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, यूएई की वायु सेना ने अप्रैल की शुरुआत में हवाई हमलों की एक श्रृंखला को अंजाम दिया। यह ठीक उसी समय हुआ जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ संघर्ष विराम की घोषणा की थी। इन हमलों का निशाना फारस की खाड़ी में स्थित लावान द्वीप पर मौजूद एक रिफाइनरी थी। उस समय, हालांकि न तो ईरान ने इन हवाई हमलों के पीछे किसका हाथ था, इसका खुलासा किया और न ही यूएई ने इसकी जिम्मेदारी ली लेकिन राष्ट्रीय ईरानी तेल शोधन और वितरण कंपनी ने आठ अप्रैल को कहा कि द्वीप पर मौजूद तेल रिफाइनिंग सुविधाओं पर 'दुश्मन' द्वारा हमला हुआ था।

## शी जिनपिंग और ट्रम्प व्यापार, ईरान और ताइवान पर करेंगे बातचीत



■ ट्रम्प का 2021 के बाद यह पूर्वी एशियाई देश का पहला दौरा है

**वॉशिंगटन/बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के लिए बीजिंग रवाना हो गए हैं, जहां दोनों वैश्विक नेता व्यापार, युद्ध कूटनीति और ताइवान पर गंभीर चर्चा करेंगे। ट्रम्प का 2017 के बाद यह पूर्वी एशियाई देश का पहला दौरा है। इस दौरान दशकों में सबसे अहम अमेरिका-चीन सम्मेलन होने की संभावना है।

गुरुवार से शुरू होने वाला दो दिनों का यह सम्मेलन दुनिया की दो बड़ी ताकतों के बीच संबंधों को नया आकार दे सकता है। ट्रम्प 14 मई को ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलेंगे, जहां दोनों औपचारिक द्विपक्षीय बातचीत करेंगे और उसके बाद शाम को एक राजकीय दावत का आयोजन किया जाएगा। ट्रम्प की 15 मई को वाशिंगटन लौटने से पहले दोपहर के भोजन कार्यक्रम और 'ऐतिहासिक स्वर्ग का मंदिर' जाने की भी योजना है। जब फरवरी में व्हाइट हाउस ने इस दौरे की पुष्टि की तो चीनी सामान पर वाशिंगटन के आसमान छूते शुल्क एजेंडे पर छाए हुए थे। लेकिन 28 फरवरी के बाद दुनिया के राजनीतिक हालात बदल गए जब ट्रम्प ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान पर हमला किया, जिससे एक युद्ध शुरू हो गया और जिसके कारण ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करना पड़ा और इस स्थिति ने तेहरान को इस रणनीतिक जलमार्ग को नियंत्रित करने के लिए एक बोर्ड बनाने पर मजबूर कर दिया। गौरतलब है कि अमेरिका और ईरान एक तनावपूर्ण परमाणु गतिरोध में फंसे हुए हैं क्योंकि वाशिंगटन का तर्क है कि परमाणु मुद्दे पर कोई बात. चीत नहीं हो सकती और तेहरान प्रतिबंधों में राहत, युद्ध खत्म करने, जब्त की गई संपत्ति को छोड़ने और अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी को रो. कने की मांग कर रहा है।

## ब्रिटेन के पीएम स्टारमर से पार्टी सांसदों ने की पद छोड़ने की अपील

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर से मंत्रिपरिषद के कई वरिष्ठ सदस्यों, जिनमें गृह मंत्री शबाना महमूद और विदेश मंत्री यवेट कूपर शामिल हैं, ने उनके इस्तीफे के समय पर विचार करने को कहा है। यह मांग तब उठी जब लेबर पार्टी के 80 से ज्यादा सांसदों ने स्टारमर से पद छोड़ने की अपील की। 'द टाइम्स' अखबार ने सूत्रों के हवाले से यह रिपोर्ट दी है। सोमवार को आई रिपोर्ट के मुता. बिक, कैबिनेट सदस्यों के मंगलवार को होने वाली एक बैठक में स्टारमर से यह कहने की उम्मीद है कि उन्हें पद छोड़ देना चाहिए। सदस्यों को चिंता है कि अब उनकी स्थिति 'बरकरार रखने लायक नहीं' रह गई है।

# पाकिस्तान: खैबर पख्तूनख्वा में बम धमाका

### नौ लोगों की मौत, 33 घायल



■ प्रारंभिक जांच के अनुसार आतंकवादियों ने एक रिक्शा में विस्फोटक सामग्री छिपाकर रखी थी

**लक्की मरवत।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मरवत जिले की सराय नौरंग तहसील में मंगलवार को एक विस्फोट में दो ट्रैफिक पुलिसकर्मियों सहित कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि 33 अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जानकारी में सात लोगों की मौत और 23 लोगों के घायल होने की बात कही गई थी।

लक्की मरवत जिला पुलिस अधिकारी के प्रवक्ता कुदरतुल्लाह खान ने मृत पुलिसकर्मियों की पहचान आदिल जान और राहतुल्लाह के रूप में की। अलग से जारी बयान में लक्की मरवत के उप महानिरीक्षक पुलिस सज्जाद खान ने भी पुष्टि की कि दोनों मृतक ट्रैफिक पुलिस अधिकारी थे। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में भी यही जानकारी दी गई। बाद में लक्की मरवत के उपायुक्त हमीदुल्लाह खान ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच के अनुसार आतंकवादियों ने एक रिक्शा में विस्फोटक सामग्री छिपाकर रखी थी। टीएचक्यू अस्पताल की ओर से जारी घटना रिपोर्ट में नौ लोगों की मौत और 33 घायलों को अस्पताल लाए जाने की पुष्टि की गई। रिपोर्ट के अनुसार गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को बन्नू रेफर किया गया है। इस बीच, उपायुक्त ने सराय नौरंग स्थित तहसील मुख्यालय अस्पताल का दौरा कर घायलों के उपचार का जायजा लिया और प्रशासन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल मरीजों को बन्नू और पेशावर के जिला मुख्यालय अस्पतालों में भेजा गया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में विस्फोट के कारण कई दुकानों और तीन पहिया वाहनों को क्षतिग्रस्त होते देखा गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि नौरंग सर्किल के उप पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में भारी पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा और पूरे इलाके को घेरकर साक्ष्य जुटाए गए। इससे पहले रेस्क्यू 1122 के प्रवक्ता शादाब खान ने विस्फोट की पुष्टि करते हुए बताया था कि एम्बुलेंस और बचाव दलों को मौके पर भेज दिया गया है। उन्होंने लोगों से बचाव एजेंसियों के साथ सहयोग करने और घटनास्थल से दूर रहने की अपील की। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए आतंकवाद के 'खात्मे के संकल्प' को दोहराया।

## 2027 तक सीमित रहेगा यूएई का गैस उत्पादन: एडनॉक

■ ऊर्जा क्षेत्र होर्मुज स्ट्रेट में व्यवधान से जुड़ी अस्थिरता से प्रभावित बना हुआ है

**अबू धाबी।** अबू धाबी राष्ट्रीय गैस कंपनी (एडनॉक) ने कहा है कि हालिया युद्ध के दौरान ईरानी हमलों से हुए नुकसान के कारण संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का प्रमुख गैस प्रसंस्करण केंद्र वर्ष 2027 से पहले पूर्ण उत्पादन क्षमता पर वापस नहीं लौट पाएगा।

एडनॉक गैस के अनुसार अबू धाबी स्थित हबशन गैस प्रसंस्करण परिसर वर्तमान में लगभग 60 प्रतिशत क्षमता पर संचालित हो रहा है। इसे दुनिया की सबसे बड़ी गैस प्रसंस्करण सुविधाओं में गिना जाता है और यह पूरे यूएई में गैस आपूर्ति का प्रमुख केंद्र है। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार कंपनी को उम्मीद है कि 2026 के अंत तक उत्पादन क्षमता को लगभग 80 प्रतिशत तक बहाल कर लिया जाएगा, जबकि पूर्ण क्षमता से उत्पादन 2027 में शुरू होने की संभावना है। कंपनी ने अपनी पहली तिमाही के वित्तीय परिणामों में 1-1 अरब डॉलर का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 15 प्रतिशत कम है।

## भारत-रूस सिनेमा के नए युग का आगाज

**नई दिल्ली।** एक दौर था जब रूस (पूर्व सोवियत संघ) में राज कपूर और मिथुन चक्रवर्ती ने बेइंतहा शोहरत और रूसी अवाम की मोहब्बत हासिल की थी और अब उसी पुराने लगाव के साथ भारत और रूस के आपसी ताल्लुकात एक नए दिलचस्प दौर में पहुंच गए हैं। मगर अब फर्क सिर्फ इतना है कि यह रिश्ता सिर्फ एक-दूसरे की तारीफ करने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि अब यह मिलकर फिल्में बनाने और साझा कहानियों का एक बड़ा मंच बन गया है। रूस की सबसे बड़ी मीडिया कंपनी 'गाजप्रॉम-मीडिया होल्डिंग' इस मेल-जोल के केंद्र में है।




# गुटेरेस की टिप्पणियों पर वेनेजुएला ने जताया विरोध

### वेनेजुएला का कहना है: उनकी बातें तटस्थता निष्पक्षता और वस्तुनिष्ठता के सिद्धांतों के विपरीत हैं



■ महासचिव की हालिया टिप्पणियां संयुक्त राष्ट्र चार्टर में निहित वस्तुनिष्ठता विवेक, निष्पक्षता और सद्भावना के सिद्धांतों का उल्लंघन करती हैं

**मेक्सिको सिटी।** वेनेजुएला ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की देश के बारे में की गई टिप्पणियों पर औपचारिक रूप से विरोध दर्ज कराया है। वेनेजुएला का कहना है कि उनकी बातें तटस्थता, निष्पक्षता और वस्तुनिष्ठता के सिद्धांतों के विपरीत हैं। वेनेजुएला के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि वेनेजुएला गुटेरेस द्वारा देश के संबंध में दिए गए बयानों पर अपना कड़ा विरोध व्यक्त करता है।

बयान में कहा गया कि महासचिव की हालिया टिप्पणियां संयुक्त राष्ट्र चार्टर में निहित वस्तुनिष्ठता, विवेक, निष्पक्षता और सद्भावना के सिद्धांतों का उल्लंघन करती हैं। यह विवाद गुटेरेस द्वारा नैरोबी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी गई प्रतिक्रिया के बाद शुरू हुआ। वहां क्यूबा और वेनेजुएला की स्थितियों की तुलना से जुड़े एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा था कि दोनों मामलों की तुलना करना अनुचित है क्योंकि वेनेजुएला का मामला 'पूरी तरह अलग' था। महासचिव के अनुसार, वेनेजुएला में हमने निकोलस मादुरो के खिलाफ एक सैन्य अभियान देखा, लेकिन मेरा मानना है कि वेनेजुएला की राजनीतिक व्यवस्था के भीतर इसमें बहुत बड़ी मिलीभगत थी। वेनेजुएला सरकार ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र सचिवालय शांति को बढ़ावा देने और आधुनिक दौर के बड़े संघर्षों को सुलझाने में अपनी अक्षमता दिखा रहा है। बयान में यह भी कहा गया कि गाजा पट्टी में जारी संघर्ष, बघ्ते युद्धों और संप्रभु देशों पर एकतरफा प्रतिबंधों के बीच यह संगठन 'चुप्पी या अस्पष्ट रुख' अपनाए हुए है, जिससे इसकी नैतिक साख कमजोर हो रही है।

